दैनिक
अभिव्यक्ति स्वतंत्रता परम्परा
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 6 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, रविवार, 22 फरवरी 2026 शुक्ल पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-15 अंक- 16 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

लखमा को शर्तों के साथ मिली अनुमति, 24 को विधानसभा में पेश होगा साय सरकार के विकास का रोड मैप

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। बजट सत्र को लेकर आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि 23 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ बजट 2026-27 की शुरूआत होगी। वहीं राज्य के वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी 24 फरवरी दोपहर 12.30 बजे बजट 2026-27 पेश करेंगे। राज्यपाल के बजट अभिभाषण पर 25 फरवरी को चर्चा होगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने धर्मांतरण संशोधन विधेयक का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रश्न, स्थगन एवं ध्यानकर्षण

2813	प्रश्न
1437	तारांकित प्रश्न
1376	आतारांकित प्रश्न
61	ध्यानाकर्षण प्रस्ताव
13	अशासकीय संकल्प
09	शून्यकाल
112	याचिका
01	अविलंबनीय लोक महत्व के विषय

ऐसी चलेगी विधानसभा

- ■ 26 एवं 27 फरवरी को आय-व्यय पर सामान्य चर्चा
- ■ 9 से 17 मार्च तक विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा
- ■ 17 मार्च को आय-व्यय मांगों से संबंधित विनियोग विधेयक का पुर:स्थापन होगा।
- ■ 18 मार्च को विनियोग विधेयक पर चर्चा एवं पारण

विधि-विषयक की सूचनाएं

- ■ छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026
- ■ छत्तीसगढ़ लोक सुरक्षा (उपाय) प्रवर्तन विधेयक, 2026

■ **राज्यपाल रमेन डेका के अभिभाषण से शुरू होगा छत्तीसगढ़ का बजट सत्र**

महाधिवक्ता से मिले अभिमत के आधार पर अनुमति

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कवासी लखमा को लेकर भी जानकारी साझा करते हुए कहा कि विधायक कवासी लखमा को बजट सत्र में सशर्त अनुमति दी गई है। महाधिवक्ता छत्तीसगढ़ से प्राप्त अभिमत के आधार पर उन्हें शर्तों के आधार पर अनुमति दी है। विधायक कवासी लखमा को अपने आने और जाने की संपूर्ण सूचना देनी होगी, साथ ही अपना मोबाइल नंबर साझा करना होगा।

नियमों का पालन करना होगा

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि विधायक लखमा को सुप्रीम कोर्ट के भाषण नहीं देने की शर्त का पालन करना होगा। साथ ही उनके ऊपर चल रहे प्रकरण से संबंधित कोई भी चर्चा मीडिया या सदन में नहीं करेंगे। यदि ऐसा करते है तो उनकी बजट सत्र की अनुमति समाप्त कर दी जाएगी। वे सदन में अपने क्षेत्र के विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। मांग व अन्य प्रस्ताव रख सकते हैं। नियमों का पालन करना अति आवश्यक है।

आज बेबाक

ए आई समिट के अंतिम दिन भारत मंडपम में युवक कांग्रेस के मुट्ठी भर भटके हुए युवा जोश में होश खो बैठे। उनकी नंगाई देखकर गुस्साई भीड़ ने उनकी बैंड बजा दी। प्रदर्शनकारियों ने सोचा था कि नंगे से तो खुदा भी डरता है फिर ये भीड़ किस खेत की मूली है? उनका यह मुगालता वहां जुटे लोगों ने दूर कर दिया और दौड़ा - दौड़ा कर पीटा। समझ में नहीं आता कि कोई नंगई की हद तक इतना नीचे कैसे गिर सकता है। इसे ही कहते हैं गुनाह - ए - बेलज्जत। बहरहाल अब बात निकली है तो यह बहुत दूर तक जाएगी।

एसआईआर का असर : रायपुर में सबसे ज्यादा तो खैरागढ़ में सबसे कम नाम मतदाता सूची से हटे

छत्तीसगढ़ में 25 लाख नाम कटे

- ■ **छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी**
- ■ **छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पूरी हो गई है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने आज अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया है, जिसमें प्रदेश में करीब 24,99,823 वोटरों के नाम कटे हैं। इसमें सबसे ज्यादा रायपुर जिले में करीब 4,98,556 वोटरों के नाम काटे गए हैं। वहीं सबसे कम खैरागढ़ में 9,843 मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। प्रदेश में अब कुल वोटरों की संख्या 1,87,30,914 हो गई है।

पहले और बाद के आंकड़े: एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने से पहले छत्तीसगढ़ में मतदाताओं की कुल संख्या 2 करोड़ 12 लाख 30 हजार 737 थी। प्रारूप (ड्राफ्ट) सूची के प्रकाशन के बाद यह संख्या घटकर 1 करोड़ 84 लाख 95 हजार 920 हो गई। इसके बाद आपत्तियों और दावों की सुनवाई के उपरांत अंतिम निर्वाचक नामावली जारी की गई, जिसमें मतदाताओं की संख्या बढ़कर 1 करोड़ 87 लाख 30 हजार 914 हो गई। अंतिम चरण में सुनवाई के बाद 2 लाख 34 हजार 994 मतदाताओं के नाम जोड़े गए।

5.15	करोड़ मतदाता राजस्थान में
1.87	करोड़ मतदाता छत्तीसगढ़ में
2.69	करोड़ मतदाता केरल में

मतदाता सूची में नाम नहीं है तो यह काम करें

यदि आपका नाम अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली में शामिल नहीं है तो नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म 6 भरकर उसके साथ घोषणा पत्र और आवश्यक सहायक दस्तावेज संलग्न कर ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। यदि अंतिम मतदाता सूची में दी गई जानकारी में कोई त्रुटि है तो फॉर्म 8 भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन या ऑफलाइन सुधार के लिए आवेदन किया जा सकता है।

एक हफ्ते में 6 राज्यों की फाइनल सूची जारी

दिल्ली (ए.) 21 फरवरी- राजस्थान में 5,15,19,929 वोटर के नाम हैं। राज्य में 31,36,286 वोटर के नाम कट गए हैं। केरल में कुल 2,69,53,644 वोटर्स हैं, जबकि पिछले साल अक्टूबर में एसआईआर शुरू होने से पहले 2,78,50,855 वोटर्स थे। 17 फरवरी- गुजरात की फाइनल वोटर लिस्ट के बाद राज्य में कुल 4,40,30,725 वोटर दर्ज हैं। 14 फरवरी- केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में 9,44,211 मतदाता और लक्षद्वीप में कुल 57,607 मतदाता रजिस्टर्ड हैं।

देखिए जिलेवार कहां कितने वोटरों के नाम कटे

जिला	पहले	अब	इतने नाम कटे
सरगुजा	6,74,980	6,02,310	72,670
बिलासपुर	16,75,770	13,41,254	3,34,516
रायगढ़	9,14,669	8,42,695	71,974
राजनांदगांव	8,35,910	7,92,482	43,428
दुर्ग	13,42,721	11,35,061	2,07,660
रायपुर	18,92,523	13,93,967	4,98,556
बस्तर	5,71,694	5,20,392	51,302
कोरिया	1,74,235	1,59,816	14,419
जांजगीर-चांपा	6,99,107	6,45,105	54,002
कोरबा	9,51,278	8,18,010	1,33,268
जशपुर	6,87,249	6,22,084	65,165
कबीरधाम	6,71,601	6,07,917	63,684
महासमुंद	8,86,422	7,96,873	89,549
धमतरी	6,47,147	6,06,042	41,105
उत्तर बस्तर	5,69,601	5,40,273	29,328
दक्षिण बस्तर	1,95,012	1,72,864	22,148
बीजापुर	1,91,652	1,55,180	36,472
नारायणपुर	1,99,349	1,81,736	17,613
सूरजपुर	7,40,212	6,75,186	65,026
बलरामपुर	4,49,731	4,18,340	31,391
सुकमा	1,85,060	1,54,539	30,521
बालोद	6,98,410	6,56,301	42,109
बेमेतरा	8,01,756	7,25,023	76,733
कोंडागांव	4,02,573	3,79,213	23,360
बलौदाबाजार	9,49,277	8,40,661	1,08,616
गरियाबंद	4,69,476	4,37,624	31,852
मुंगेली	5,04,457	4,46,306	58,151
गौरेला-पेंड्रा-मरवाही	2,01,026	1,88,855	12,171
मनेंद्रगढ़	3,19,441	2,92,599	26,842
सांरगढ़	5,97,801	5,66,343	31,458
सक्ती	7,29,853	6,70,283	59,570
खैरागढ़	2,26,743	2,16,900	9,843
मोहला-मानपुर	1,74,001	1,58,680	15,321
कुल (33 जिले)	**2,1230737**	**1,87,30914**	**24,99,823**

ट्रेड डील में कोई बदलाव नहीं, 10 फीसदी टैरिफ ही लगेगा: ट्रम्प

वॉशिंगटन डीसी/ए.। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया है। इसके कुछ घंटे बाद ही ट्रम्प ने फिर से 10% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। ऐसे में भारत पर लगे टैरिफ को लेकर यह भी सवाल उठ रहा है कि भारत को 18% टैरिफ देना होगा या 10%। इसकी दो वजहें हैं- राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि भारत के साथ ट्रेड डील पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह पहले की तरह आगे बढ़ेगी।

टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले और ट्रम्प की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद भारत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भारत सहित कई देशों पर लगा वैश्विक टैरिफ

एक रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया ब्रिटेन, भारत और यूरोपीय संघ सहित अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने वाले देशों को अब धारा 122 के तहत 10% वैश्विक टैरिफ का ही सामना करना पड़ेगा। रिपोर्ट सही मानें तो भारत पर कुल टैरिफ 18% घटकर 10% रह जाएगा।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर रोक लगाई जाए : कांग्रेस

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने मोदी सरकार से मांग की है कि अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट द्वारा टैरिफ पर आए हालिया फैसले के बाद भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को तुरंत रोका जाए। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि अब अमेरिका के साथ हालिया व्यापार समझौते को स्थगित कर दिया जाना चाहिए और मांग की कि सरकार को भारतीय किसानों की रक्षा के लिए ट्रेड डील में बदलाव करना चाहिए, क्योंकि समझौते में ही बदलाव का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि अंतरिम समझौते के फ्रेमवर्क में यह प्रावधान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

न्यूज गैलरी

अविमुक्तेश्वरानंद पर बच्चों के यौन शोषण का केस दर्ज होगा

प्रयागराज/ए.। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ नाबालिग बच्चों के यौन शोषण की एफआईआर दर्ज करने के आदेश प्रयागराज की पॉक्सो कोर्ट ने दिए। जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने कोर्ट में 2 बच्चों को पेश करके यह आरोप लगाए थे। कैमरे के सामने कोर्ट में बच्चों बयान दर्ज हुए थे। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट विनोद कुमार चौरसिया की कोर्ट ने प्रयागराज पुलिस कमिश्नर की जांच रिपोर्ट के बाद केस दर्ज करने के आदेश जारी किए।

आतंकी हमला : लाल किले की सुरक्षा बढ़ाई

नई दिल्ली (ए.) केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद दिल्ली में सिक्योरिटी बढ़ाई गई है। लाल किले के आसपास आईईडी ब्लास्ट की आशंका को लेकर अलर्ट जारी किया है। खुफिया जानकारी के अनुसार पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को अपने निशाने पर रखा है।

आरंग में सड़क हादसा, 3 युवकों की मौत

■ **तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, महासमुंद से आरंग की ओर जा रही थी कार**

आरंग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के आरंग थाना क्षेत्र में सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ है। महासमुंद से आरंग की ओर आ रही सफेद रंग की टाटा विस्टा कार (क्रमांक CG04HD2156) अनियंत्रित होकर डिवाइडर और बिजली के पोल से जा टकराई। इस भीषण हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतकों में दो सगे भाई हर्ष कुमार देवांगन (21 वर्ष) और राहुल देवांगन (20 वर्ष), पिता जमुना प्रसाद देवांगन, निवासी सरागांव, थाना छुरा शामिल हैं। दोनों हाल ही में आरंग के परमेस्वरी फोटो स्टूडियो में काम कर रहे थे। तीसरा मृतक थानू सतनामी (22 वर्ष), पिता साकिन, निवासी ग्राम ओडका, थाना आरंग है। घायल मिथलेश धीवर (23 वर्ष), पिता संत राम धीवर, निवासी ब्लॉक कॉलोनी, आरंग को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, हादसा आरंग के पास नदी मोड़ पर हुआ। कार की तेज रफ्तार और ड्राइवर के नियंत्रण खोने को मुख्य कारण माना जा रहा है। कार रेलिंग तोड़ते हुए डिवाइडर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रायपुर के चंदखुरी में स्थापित होगी भगवान श्रीराम की 51 फीट की विशाल प्रतिमा

मध्य प्रदेश से निकले वनवासी राम, ननिहाल में विराजेंगे

ग्वालियर-रायपुर। ग्वालियर के मूर्तिकार दीपक विश्वकर्मा द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के लिए तैयार की गई 51 फीट ऊंची भगवान राम की प्रतिमा रायपुर के लिए रवाना हो गई है। लगभग आठ महीने पहले ग्वालियर मिंट स्टोन से बनी यह प्रतिमा छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित चंदखुरी में रामपथ गमन स्थल पर स्थापित की जाएगी।

प्रतिमा तैयार होने के बाद ठेकेदार और संबंधित पक्षों के बीच भुगतान को लेकर विवाद खड़ा हो गया था, जिसके कारण प्रतिमा लेने से इनकार कर दिया गया था। इस मामले ने तब सुर्खियां बटोरीं, जब छत्तीसगढ़ के संस्कृति मंत्री ग्वालियर में एक कार्यक्रम में शामिल हुए और मीडिया ने उनसे इस मुद्दे पर सवाल किया। मंत्री ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया था। बातचीत के बाद आखिरकार मूर्तिकार दीपक को प्रतिमा की राशि का भुगतान कर दिया गया है। दीपक विश्वकर्मा ने बताया कि उन्होंने ■ शेष पृष्ठ 8 पर



प्रतिमा की खासियत

- ■ यह प्रतिमा भगवान श्रीराम की वनवासी रूप में है।
- ■ इस भव्य प्रतिमा की ऊंचाई लगभग 51 फीट है।
- ■ प्रतिमा ग्वालियर के मिंट स्टोन से बनाई गई है, जो विश्व विख्यात है।
- ■ प्रतिमा में उकेरे गए 108 रुद्राक्ष की मालाओं से सुज्जित किया गया है।
- ■ इस मूर्ति को तैयार करने के लिए लगभग 70 टन पत्थर का उपयोग किया गया है।
- ■ मूर्ति का वजन लगभग 40 टन है। प्रतिमा को 25 कारीगरों ने 7 महीने में तैयार किया

गरमा-गरम

सुचिता योजना : शासन की मंशा नेक पर जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया, मुंगेली जिले में 25 लाख रुपए हुए खर्च

स्कूलों में दम तोड़ती सुचिता, लाखों की सेनेटरी पैड मशीन कबाड़

सुशील शुक्ला

मुंगेली/नवप्रदेश। सुचिता योजना के तहत 2024-25 में जिले के 25 स्कूलों सहित 5 कॉलेजों मे सेनेटरी नेपकिन की मशीन लगाई गई थी। आज कई कॉलेज व स्कूलों में रख-रखाव के अभाव में बंद पड़ी है या फिर कबाड़ हो गई है। वर्ष 2023 में दो चरणों में लगभग 25 लाख रुपये से अधिक का बजट खर्च कर जिले के 25 स्कूलों और 5 कॉलेजों को इस सुविधा से लैस किया गया था। कागजों पर यह योजना महिला सशक्तिकरण का एक बड़ा उदाहरण लेकिन वर्तमान में अधिकांश स्कूल/कॉलेजों में ये मशीनें रख-रखाव के अभाव में धूल फांक रही हैं और बंद पड़ी हैं। समग्र शिक्षा विभाग द्वारा डीएमएफ फंड से किए गए इस व्यय के बावजूद, जिस उद्देश्य से यह राशि स्वीकृत की गई थी, उसका लाभ छात्राओं को नहीं मिल पा रहा है।

5 जनवरी 2023 को जिले के शालाओं में सेनेटरी पैड वेंडिंग एवं इंसिनेटर मशीन के लिए 16 लाख 80 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई और पूरी राशि खर्च कर ली गई जिसका क्रियान्वयन जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा विभाग द्वारा किया गया था। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

> सुचिता योजना के अंतर्गत शालाओं में स्थापित सेनेटरी पैड वेंडिंग एवं इंसिनेटर मशीन के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।
> – एल.पी. डाहिरे, जिला शिक्षा अधिकारी, मुंगेली

प्रदेशभर के 2000 स्कूलों में हुई थी योजना की शुरुआत

स्कूलों और कॉलेजों में छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने एवं बेटियों को जागरूक करने, भाजपा सरकार में पूर्व महिला बाल विकास मंत्री रमशीला साहू ने यूनिसेफ के सहयोग से स्कूलों में सुचिता योजना शुरू की थी। प्रदेशभर के लगभग 2000 स्कूलों में वेंडिंग व भस्मक मशीनें लगाई गई थी। सरकार को इसका अच्छा रिजल्ट भी मिल रहा था, लेकिन मेंटेनेंस के अभाव में योजना ने दम तोड़ दिया।

एसीबी के ट्रैप में फंसा फूड इंस्पेक्टर 90 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

■ **उचित मूल्य दुकान आवंटन के लिए एक लाख रुपये की डिमांड, एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई से मचा हड़कंप**

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (एसीबी) बिलासपुर इकाई ने शनिवार को बड़ी ट्रैप कार्रवाई करते हुए मस्तूरी क्षेत्र के फूड इंस्पेक्टर श्याम वस्त्रकार को 90 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी द्वारा एक लाख रुपये की मांग की गई थी। एसीबी टीम ने मौके से पूरी रिश्वत राशि बरामद कर ली है और ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इस वर्ष की लगातार चौथी ट्रैप कार्रवाई

एसीबी बिलासपुर द्वारा हाल के दिनों में भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। हाल में तहसीलदार, पटवारी, एसडीएम कार्यालय के बाबू तथा सीएसपीडीसीएल के अधिकारी-कर्मचारी सहित चार अन्य मामलों में भी ट्रैप कार्रवाई की जा चुकी है। वर्ष 2026 में यह एसीबी बिलासपुर की लगातार चौथी ट्रैप कार्रवाई है।

एआई+ईआई : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एक्सपर्ट इंटेलिजेंस का संगम

■ **श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल का मेटा विजन एआई लैब**

रायपुर/नवप्रदेश। आज का दौर आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस यानी एआई का है। तकनीक के इस तेज़ी से बदलते समय में मेडिकल साइंस भी नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ रहा है। अब बीमारियों की पहचान केवल लक्षणों के आधार पर नहीं, बल्कि बहुत पहले और कहीं अधिक सटीक तरीके से संभव हो रही है। ऐसे समय में, जब देश-दुनिया में एआई को लेकर व्यापक चर्चा चल रही है और दिल्ली में इंटरनेशनल एआई समिट जैसे मंचों पर इसके उपयोग पर मंथन हो रहा है, रायपुर स्थित श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल ने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक अहम और दूरदर्शी पहल की है।

हॉस्पिटल परिसर में स्थापित मेटा विज़न एआई लैब (एडवांस्ड ऑक्यूलर इमेजिंग और डायग्नोस्टिक यूनिट) अब आँखों की जाँच और इलाज को एक नई दिशा दे रही है। यह लैब आँखों की संरचना को परत-दर-परत देखने और समझने में सक्षम है, जिससे कई गंभीर नेत्र रोगों की पहचान समय रहते की जा सकती है।

जापान, जर्मनी और अमेरिका जैसे देशों में विकसित अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सा तकनीक को अब रायपुर में भी उपलब्ध कराया गया है। विश्वस्तरीय गुणवत्ता वाली इन विदेशी मशीनों को विशेष रूप से आँखों की सूक्ष्म जाँच

और सटीक डायग्नोसिस के लिए डिज़ाइन किया गया है। इन्हीं एडवांस्ड सिस्टम्स के माध्यम से श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल ने नेत्र चिकित्सा में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं को सेंट्रल इंडिया तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जहाँ मशीन की समझ और डॉक्टर का अनुभव मिलते हैंमेटा विज़न एआई लैब को केवल आधुनिक मशीनों की सुविधा कहना अधूरा होगा। यहाँ एआई की उन्नत तकनीक के साथ-साथ डॉक्टरों का वर्षों का अनुभव समान रूप से काम करता है। इस यूनिट से जुड़ी मेडिकल टीम देश के प्रतिष्ठित नेत्र संस्थानों से प्रशिक्षित है।

डॉ. चारुदत्त कलमकार (एम्स, नई दिल्ली)
डॉ. अनिल के. गुप्ता (शंकर नेत्रालय, चेन्नई)
डॉ. अमृता मुखर्जी (एल. वी. प्रसाद आई इंस्टीट्यूट, हैदराबाद)
डॉ. जयेश पाटिल (शंकर नेत्रालय, चेन्नई)
डॉ. शुभांक खरे (अरविंद नेत्रालय)
डॉ. रोहित राव (एल. वी. प्रसाद आई इंस्टीट्यूट, हैदराबाद)
यही कारण है कि यहाँ मशीनों से मिलने वाला डेटा केवल एक रिपोर्ट बनकर नहीं रह जाता, बल्कि अनुभवी डॉक्टरों की विशेषज्ञ समझ से जुड़कर इलाज की सही दिशा तय करता है।

न्यूज गैलरी

मारुति सुजुकी ने रायपुर में 'क्लीन इंडिया, ग्रीन इंडिया' पहल का किया आगाज

रायपुर/नवप्रदेश। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने आज रायपुर के मैग्नेटो मॉल के पास स्थित स्काई ऑटोमोबाइल्स के नेक्सा शोरूम में क्लीन इंडिया, ग्रीन इंडिया पहल की शुरुआत की। इस अवसर पर मारुति सुजुकी के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग एंड सेल्स) श्री पार्थो बनर्जी और सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के सीनियर डीवीएम श्री सुयोशी ताकेशिता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।छत्तीसगढ़ में ऑटोमोबाइल उद्योग निरंतर विकास दर्ज कर रहा है, जिसमें 10.9% की CAGR दर्ज की गई है, जबकि Maruti Suzuki ने 12.2% की CAGR के साथ बाज़ार से बेहतर प्रदर्शन किया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में राज्य में मारुति सुजकी की मज़बूत 45.4% बाज़ार हिस्सेदारी है।

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, मेडिसिन विभाग, पंजीयन शाखा, ऑपरेशन थिएटर तथा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र मठपुरैना का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली और निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को दवाइयों की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल में उपस्थित बुजुर्गों एवं गर्भवती महिलाओं से बातचीत कर स्वास्थ्य केंद्र में मिल रही सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त की।

पुलिस ने आरोपियों से चोरी की तीन मोटरसाइकिल, चांदी के गहने और नकदी जब्त किया

तीन जिलों में चोरी की 5 वारदातों का खुलासा विधि के साथ संघर्षरत तीन बालक पकड़े गए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर सहित गरियाबंद और दुर्ग जिले में चोरी की पांच वारदातों को अंजाम देने वाले विधि के साथ संघर्षरत तीन बालकों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों ने दो सूने मकानों में ताला तोड़कर चोरी करने और तीन दोपहिया वाहनों की चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। आरोपियों के कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल और चांदी के जेवरात सहित करीब 2.50 लाख रुपये का सामान जब्त किया गया है।यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला के मार्गदर्शन में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा संबंधित थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने की।

रायपुर में दो वाहन चोरी का खुलासा

थाना पंडरी क्षेत्र में प्रार्थी रंजित कुमार की मोटरसाइकिल (सीजी 04 क्यू के 8768) 16-17 फरवरी 2026 की दरमियानी रात घर के सामने से चोरी हो गई थी। वहीं थाना न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्र में रामेश्वर प्रसाद यादव की मोटरसाइकिल (सीजी 04 एल डब्ल्यू 5825) 17 फरवरी की सुबह महावीर नगर से चोरी कर ली गई थी। दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया था।

सीसीटीवी और तकनीकी विश्लेषण से मिली सफलता

घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने घटनास्थलों का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर एक संदिग्ध बालक की पहचान हुई, जिसे पकड़े जाने पर उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। बाद में दोनों अन्य बालकों को भी पकड़ लिया गया। तीनों विधि के साथ संघर्षरत पाए गए।

घूम-घूम कर करते थे चोरी

पूछताछ में खुलासा हुआ कि तीनों बालक चोरी की मोटरसाइकिलों में घूम-घूमकर वारदातों को अंजाम देते थे। उनकी निशानदेही पर चोरी की तीनों मोटरसाइकिल और चांदी के जेवरात बरामद किए गए हैं। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 2.50 लाख रुपये आंकी गई है।

गरियाबंद और दुर्ग में सूने मकानों को बनाया निशाना

जिला गरियाबंद के थाना पाण्डुका क्षेत्र में चारोधाम चौक के पास स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नगदी की चोरी की गई। इसी क्षेत्र से एक अन्य मोटरसाइकिल (सीजी 23 एन 6437) भी चोरी की गई।वहीं दुर्ग जिले के थाना पाटन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अखरा में भी एक सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात और नगदी पार कर दी गई।

सभी बैंक 15 दिन के भीतर लंबित प्रकरणों का करें निराकरण : कलेक्टर

■ **कलेक्टर डॉ गौरव सिंह की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्शदात्री समिति की बैठक**

रायपुर/नवप्रदेश। जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्शदात्री समिति की बैठक आज जिला कार्यालय में कलेक्टर डॉ गौरव सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारी, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक, अग्रणी जिला प्रबंधक सहित जिले के समस्त बैंकों के जिला समन्वयक/प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में जिले के CD Ratio, प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण तथा सरकार प्रायोजित योजनाओं की बैंकवार प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। माननीय कलेक्टर डॉ सिंह ने CD Ratio में सुधार लाने, प्राथमिकता क्षेत्र विशेषकर कृषि, MSME, स्वयं सहायता समूह एवं कमजोर वर्गों को ऋण प्रवाह बढ़ाने के निर्देश दिए।सरकार प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने निर्देशित किया कि सभी बैंकों द्वारा 15 दिवस के भीतर समस्त लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। बिना उचित कारण प्रकरण लंबित न रखने तथा पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ देने के निर्देश दिए गए।बैठक में वित्तीय समावेशन, ऋण-जमा अनुपात में संतुलन, शाखा स्तर पर समन्वय तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। जिला प्रशासन ने सभी बैंकों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे आपसी समन्वय से योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए जिले की आर्थिक प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

युवा कांग्रेस ने की भाजपा कार्यालय घेरने की कोशिश, रास्ते में पुलिस ने रोका

रायपुर/नवप्रदेश। आज छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालयों का घेराव किया गया। राजधानी रायपुर में यह विशाल आंदोलन प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में राजीव गांधी चौक से शुरू होकर भारतीय जनता पार्टी के रसबंदा स्थित कार्यालय की ओर बढ़ा।

सैकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता "PM is Compromised" जैसे नारों के साथ कार्यालय की ओर आगे बढ़ रहे थे, लेकिन मार्ग में पुलिस प्रशासन ने भारी बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। इस दौरान पुलिस बल और युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की और तनावपूर्ण स्थिति भी देखने को मिली। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने केंद्र और राज्यथ सरकार के दबाव में उन्हें अत्यधिक बल प्रयोग÷ से रोकने का प्रयास किया, जबकि वे सिर्फ़ शांतिपूर्ण तरीके से अपने सवाल भाजपा नेतृत्व तक पहुँचाने जा रहे थे। "PM is Compromised" – यह सिर्फ़ एक नारा नहीं, बल्कि करोड़ों बेरोज़गार युवाओं के बेचैन मन की पुकार है

आज देश का युवा हताश: आकाश शर्मा: प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा आज देश का युवा हताश है, किसान संघर्ष कर रहा है और हर वर्ग में निराशा गहराती जा रही है। बेरोज़गारी चरम पर है, महंगाई काबू से बाहर है और सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए विपक्ष पर झूठे आरोपछ लगाकर जनता का ध्यान भटका रही है।

एआई समिट में नग्न प्रदर्शन कांग्रेस की भारत को अपमानित करने की एक सोची-समझी साजिश: देव

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने नई दिल्ली में आहूत एआई समिट के दौरान शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए नग्न प्रदर्शन को भारत को अपमानित करने की एक सोची-समझी साजिश बताते हुए कहा है कि राहुल गांधी राजनीति के एक नए निचले स्तर पर गिर गए हैं, जहाँ उन्होंने कथित तौर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को

राजनीतिक पोस्टर लेकर दुनिया के सबसे बड़े 'एआई इम्पैक्ट समिट' में निर्वस्त्र होने का निर्देश दिया। श्री देव ने कहा कि यह प्रदर्शन कांग्रेस के घोर पतन, निर्लज्जता और मानसिक दीवालिएपन का परिचायक है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि राहुल गांधी के उकसावे पर की गई यह घिनौनी हरकत कांग्रेस पार्टी के पूर्ण वैचारिक पतन को उजागर करती है। एक तरफजहाँ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत नवाचार, प्रगति और राष्ट्र निर्माण के लिए खड़ा है, वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस केवल व्यवधान, बाधा और नकारात्मकता का प्रतीक बन गई है। श्री देव ने आरोप लगाया कि यह स्पष्ट है कि कांग्रेस ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' को बदनाम करने की साजिश बहुत पहले ही रच ली थी। राहुल गांधी के इशारे पर लोगों को इकट्ठा किया गया, उन्हें शिखर सम्मेलन के लिए पंजीकृत कराया गया और फिर इस अपमानजनक कृत्य के लिए उकसाया गया।

राहुल और कांग्रेस देश से माफी मांगें: साव

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने एआई समिट जैसे वैश्विक आयोजन के दौरान कांग्रेस द्वारा किए गए नग्न प्रदर्शन को अत्यंत शर्मनाक और राष्ट्रविरोधी करार दिया है। श्री साव ने कहा कि राहुल गांधी के निर्देश पर कांग्रेस द्वारा किया गया यह 'नग्न प्रदर्शन' न केवल अमर्यादित है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत की छवि को धूमिल करने की एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कड़े शब्दों में इस कृत्य की निंदा करते हुए कहा कि जब विश्व भर से कई राष्ट्र अध्यक्ष, प्रतिनिधि और दिग्गज एआई समिट के लिए भारत आए हुए हैं, ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन के मंच पर इस तरह का अमर्यादित प्रदर्शन कांग्रेस की भारत विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। श्री साव ने राहुल गांधी पर प्रहार करते हुए कहा कि उनके

निर्देशों पर ही कांग्रेस पार्टी लगातार ऐसे कार्यों में संलिप्त है, जिससे वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचे। यह कांग्रेस का 'राष्ट्रविरोधी' चेहरा एक बार फिर जनता के सामने उजागर करता है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को इस शर्मनाक कृत्य के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। श्री साव ने कहा कि राजनीति अपनी जगह है, लेकिन राष्ट्र के सम्मान से समझौता करना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

भाजपा से हमारे मुख्य सवाल: कांग्रेस

- क्या देश की छवि नेता विपक्ष को गोली मारने की बात करने पर ख़राब नहीं होती?
- क्या देश की छवि चीनी रोबोट को लाकर उसे अपना नवाचार बताने पर ख़राब नहीं होती?
- क्या देश की छवि अमेरिका के सामने झुककर एकतरफ़ा ट्रेड डील करने पर ख़राब नहीं होती?

हमारी आपत्तियाँ और विरोध के प्रमुख मुद्दे

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम एप्स्टीन फ़ाइल में आने पर सरकार द्वारा कोई स्पष्ट, पारदर्शी और ठोस जवाब न देना।
- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में किसान-विरोधी डील साइन कर, देश के अन्नदाताओं के हितों को नुकसान पहुँचाना।
- लोकतांत्रिक विरोध को 'देशविरोध' का जामा पहनाकर जनता की आवाज़ को कुचलने का प्रयास।

बैरिकेडिंग तोड़कर कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने निकले भाजयुमो कार्यकर्ता

कांग्रेस पार्टी भारत की वैश्विक छवि धूमिल करने का प्रयास कर रही: टिकरिहा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मिट में युवा कांग्रेस द्वारा किए गए शर्मनाक, अमर्यादित एवं अभद्रतापूर्ण कृत्य के विरोध में शनिवार को भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन का घेराव किया। लगभग 2 हजार की संख्या में पहुँचे भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद, राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। इसके पूर्व भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया था।

इस दौरान भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भारतीय युवा कांग्रेस का नग्न प्रदर्शन कांग्रेस पार्टी के खत्म होते वजूद का प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भारत की वैश्विक छवि को धूमिल करने और राष्ट्र की प्रतिष्ठा को कम करने का प्रयास किया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एआई शिखर सम्मेलन में अभद्र एवं अमर्यादित प्रदर्शन कर कांग्रेस की भारत विरोधी मानसिकता को पुनः साबित किया है। कांग्रेस पार्टी के लिए राजनीति देश से बड़ी है। कांग्रेस के किए गए अमर्यादित कृत्य के लिए जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस राष्ट्रीय गौरव से ऊपर अपने राजनीतिक हितों को रखती है।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कहा कि आज पूरी दुनिया की निगाहें भारत पर है। भारत पुनः विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा देश की छवि को दुनिया में बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय हित के साथ खड़े होने के बजाय राजनीतिक लाभ को प्राथमिकता दे रही है। देश की प्रतिष्ठा और सम्मान से ऊपर पक्षपातपूर्ण राजनीति को रखना बेहद खेदजनक है। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र देवांगन, कुणाल ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष गौरी गुप्ता, जिला अध्यक्ष अर्पित सूर्यवंशी, जिला महामंत्री शंकर साहू, श्रेणिक बोथरा, प्रदेश कार्यालय प्रभारी अंकित द्विवेदी, मीडिया प्रभारी वाशु शर्मा, अनमोल तिवारी, सुनील शुक्ला, पूर्णिमा चौकसे, अश्वनी विश्वकर्मा, अमन यादव, विभूति कश्यप, राज गायकवाड़ आशीष आहूजा, राहुल यादव, अनवेश पांडे, कन्या शक्ति, तनु ठेठवार, निशा वैष्णव उपस्थित रहे।

प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या कॉलेज का 38वां वार्षिकोत्सव, प्रस्तुतियों ने मोहा मन

रायपुर/नवप्रदेश। दिनांक 21 फ़रवरी 2026, शनिवार को श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय का 38वाँ वार्षिकोत्सव रंग मंदिर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्री सुनील सोनी जी, विधायक रायपुर दक्षिण, पद्मश्री अनुज शर्माजी, विधायक धरसीवा तथा अध्यक्ष के रूप में श्री अजय तिवारी जी, सचिव श्री नरेश गुप्ता जी, श्री गोकुलदास डागा जी, श्री गोवर्धन डागा जी एवं अन्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता घई द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें महाविद्यालय की शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक और अन्य उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने कहा कि 21वीं सदी महिलाओं की सदी है। समाज और राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना विकसित भारत का सपना साकार नहीं हो सकता। अतिथियों ने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग आवश्यक है। विशेष रूप से महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

खारुन नदी पर उच्च स्तरीय पुल व पहुंच मार्ग निर्माण के लिए 16.37 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने रायपुर जिले के मुख्य जिला मार्ग उरला-पठारीडीह-बेरला मार्ग में खारुन नदी पर उच्च स्तरीय पुल तथा पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 16 करोड़ 36 लाख 54 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। अरुण साव, उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री के अनुमोदन के पश्चात मंत्रालय से प्रमुख अभियंता को राशि स्वीकृति के संबंध में परिपत्र जारी कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने निर्माण कार्य में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों की गुणवत्ता तथा संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

आपसी विवाद में युवक पर जानलेवा हमला, तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के मौदहापारा थाना क्षेत्र में आपसी विवाद के चलते एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को घटना के चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, प्रार्थी मोहम्मद वसीम निवासी रजबंधा तालाब पार मौदहापारा ने थाना मौदहापारा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 20 फ़रवरी 2026 की शाम करीब 7:30 बजे वह अपने छोटे भाई जुनैद खान को समझाने के लिए सलीम खान के घर गया था। इसी दौरान सलीम से उसका विवाद हो गया। प्रार्थी के घर से बाहर निकलते ही सलीम ने उसे रोक लिया और अपने साथियों फ़रहान एवं रेहान के साथ मिलकर गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की। आरोप है कि तीनों ने जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से उस पर हमला कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर थाना मौदहापारा में अपराध क्रमांक 34/26 धारा 296, 115(2), 351(2), 109, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

रमजान के अवकाश को निरस्त करना राज्य सरकार के बदले की भावना से कार्य करने का धोतक : आप

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में मुस्लिम शासकीय कर्मचारियों को प्रतिवर्ष रमजान के महीने में कार्यालय बंद होने के 1 घंटा पूर्व अवकाश की पात्रता भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही वर्ष 2005, 2008 एवं 2015 तक जारी किया गया था?। आम आदमी पार्टी कर्मचारी विंग के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार झा एवं लोकसभा अध्यक्ष अजीम खान ने बताया है कि शासन के अधिकृत सुविधा हैण्ड बुक में रमजान के महीने में अवकाश का उल्लेख प्रतिवर्ष के लिए रमजान प्रारंभ होने से रमजान समाप्ति तक किया गया है। 19 फ़रवरी को रमजान का महीना प्रारंभ होते ही इस आदेश

के संबंध में चर्चा प्रारंभ हो गई। राज्य सरकार ने मुस्लिम कर्मचारियों से बदले की भावना व धार्मिक राग द्वेष के कारण पूर्व में स्वयं के सरकारों द्वारा जारी आदेश को निरस्त करने का आदेश 20 फ़रवरी को जारी करते हुए मीडिया समाचार पत्र में जारी 1 घंटे के रमजान के अवकाश को भ्रामक एवं आधारहीन निरूपित किया है। कहीं ना कहीं जाति धर्म संप्रदाय में खुलेआम बाटा जा रहा है। यह निंदनीय एवं संविधान के विपरीत है।

रायपुर लोकसभा अध्यक्ष अज़ीम खान ने वक़्फ़ बोर्ड चेयरमेन सलीम राज पर तंज करते हुए कहा सरकार की इतनी चापलूसी भी सही नही, समाज के खिलाफ लगातार बयान बाजी करते करते समाज मे तो सम्मान है नही सरकार भी अब मजाक बनाने लग गई है। दरअसल सोशल मीडिया में पिछले 24 घंटे के दौरान कई ऐसी खबरें चली हैं, जिनमें वक़्फ़ बोर्ड के चेयरमैन डा. सलीम राज के हवाले से दावा किया गया है कि मुस्लिम कर्मचारियों को छुट्टी से एक घंटा पहले ही कार्यालय छोड़ने की चिट्ठी जारी की गई है।

सीएम के जन्मदिवस पर सियान सेवा सदन में वृद्धजनों ने दिया आशीर्वाद

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी जिला गरियाबंद द्वारा सियान सेवा सदन में सादगीपूर्ण तरीके से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां सियान सेवा सदन के वृद्धजनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अपना आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के मुखिया के नेतृत्व में राज्य निरंतर चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में सरकार हर वर्गङ्कगरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के हितों का विशेष ध्यान रख रही है। विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही सरकार की प्राथमिकता है।भाजपा जिला महामंत्री डॉ आशीष शर्मा ने कहा कि प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं, जिससे आमजन का विश्वास और मजबूत हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व को दूरदर्शी बताते हुए कहा कि प्रदेश प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है।भाजपा जिला प्रवक्ता पारस ठाकुर, राधेश्याम सोनवानी ने भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन की अवसर पर कहा कि आज का दिन बड़ा ही खास है, जिसे भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सियान सेवा सदन में मनाया है।

प्रदेश सरकार कई जनहितैषी योजनाएं चला रही है, इसका लाभ सभी वर्गों को मिल रहा है। आज इस मौके पर उपस्थित वृद्धजनों का भी आशीर्वाद मिला है। इस दौरान उपस्थितजनों ने यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को जन्मदिवस की बधाई देते हुए उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की और उनके नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छूता रहे तथा प्रगति और समृद्धि का नया अध्याय लिखे।इस अवसर पर भाजपा कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, मंडल अध्यक्ष गरियाबंद सुमित पारख, मंडल अध्यक्ष बिंद्रानवागढ़ धनराज विश्वकर्मा, अमित बखारिया, रितेश यादव, संस्था के कोमल सिन्हा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आदर्श ग्राम बिरगुड़ी के दो जवानों को देश सेवा के लिए भावभीनी विदाई

नगरी/नवप्रदेश। आदर्श ग्राम बिरगुड़ी में देश सेवा के लिए चयनित दो युवा जवानों को ग्रामवासियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। ग्राम के सन्नी समुंद, पिता ज्योतप्रकाश समुंद एवं टोमन कश्यप, पिता भरत लाल कश्यप का Central Reserve Police Force (सीआरपीएफ) में चयन होने पर पूरे गांव में हर्ष का वातावरण रहा।

विदाई समारोह के दौरान ग्रामीणों ने दोनों जवानों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपस्थित जनसमुदाय ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे गांव के लिए गौरव की बात है कि बिरगुड़ी के युवा देश की सुरक्षा में अपना योगदान देने जा रहे हैं।

इस अवसर पर नरेन्द्र कश्यप (अध्यक्ष, ग्राम समिति बिरगुड़ी), मनोज कश्यप (ग्राम पटेल), अकबर कश्यप (उपाध्यक्ष, भाजपा धमतरी), यशवंत नाग, वशिष्ठ बिसेन, बच्चन समुंद, बुधेश नायक, गोवर्धन नाग, विजय नाग सहित समस्त युवा साथी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में दोनों जवानों को शुभकामनाएं देते हुए उनके कर्तव्य पथ पर सफ्लतापूर्वक अग्रसर होने की कामना की गई।

न्यूज गैलरी

एसडीएम ने किया पीएमश्री स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

बालोद / नवप्रदेश। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर राम कुमार सोनकर ने गुरूर विकासखंड के पीएमश्री स्कूल भिरई और पीएमश्री स्कूल गुरूर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सोनकर ने विद्यार्थियों से विषयवार चर्चा कर आगामी परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्कूल परिसर में स्वच्छता और पेयजल व्यवस्था का अवलोकन किया। उपस्थित शिक्षकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने कहा।

संयुक्त जिला कार्यालय में अब प्रत्येक सोमवार जनदर्शन

बालोद/ नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आम जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक के बाद आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम की तिथि को संशोधित कर आगामी सप्ताह से प्रत्येक सोमवार को आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी से प्रत्येक सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

पीएम मत्स्य संपदा योजना :

बायोमेट्रिक अपडेट के लिए शिविर 10 तक

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के छूटे हुए विद्यार्थियों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 10 मार्च तक आयोजित किए जाएंगे। शिविर संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर बीआरसी व संकुल स्तर पर संकुल समन्वयकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविरों में आधार ऑपरेटरों के माध्यम से विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक अपडेट किया जाएगा।

शीतला शक्ति पीठ में हुआ चुनाव, नरेंद्र बने संरक्षक

नगरी/नवप्रदेश। शीतला शक्ति पीठ सिहावा में समिति के रिक्त पदाधिकारिओ का चुनाव हुआ। संरक्षक नरेंद्र नाग,उपाध्यक्ष गगन नाहटा व राम लाल नेताम बनाये गए।समिति का विस्तार कलम सिंह पवार के निधन होने के चलते संरक्षक का पद रिक्त हुआ था। नवरात्रि के तैयारियो के संदर्भ में आयोजित बैठक में रिक्त पदों में चुनाव की सहमति बनी जिसे सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया। समिति अध्यक्ष कैलाश पवार ने सभी नए पदाधिकारीओ को शुभकामनाएं देते हुए अपने दायित्व के अनुरूप कार्य करने कहा। इस दौरान महा सचिव नेम सिंह बिसेन,कोशाध्यक्ष गेंद लाल यादव,सह सचिव दय नारद निषाद,बुधेस्वर साहू,पुजारी तुकासिंह बेस, राजकुमार निषाद,दीपक तंवर, प्रवीण गुप्ता, भरत निर्मलकर, महेंद्र कौशल, महेश साहू, सुभाष यादव, महेंद्र साहू,संतोष पवार, तुकाराम साहू, चाहत ठाकुर आदि की उपस्थिति रही।

मड़ई–मेला से पहले स्वच्छता पर उठ रहे सवाल

बेलरगांव में मेला स्थल के पास फैली गंदगी से ग्रामीण चिंतित

जिला प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बेलरगांव में फागुन माह का पारंपरिक मड़ई मेला 26 फरवरी, गुरुवार को आयोजित होने जा रहा है। मेले को लेकर जहां ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है, वहीं मेला स्थल के आसपास फैली गंदगी और अव्यवस्था ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है।मेला स्थल एवं तालाब के किनारे कचरे के ढेर, प्लास्टिक सामग्री तथा अन्य अपशिष्ट खुले में बिखरे दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की स्थिति से न केवल गांव की छवि प्रभावित होती है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की आशंका भी बनी रहती है।

तालाब के आसपास फैली गंदगी से दुर्गंध फैल रही है और जल स्रोत के प्रदूषित होने की संभावना जताई जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार, मड़ई मेला क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालु, व्यापारी एवं आमजन बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। ऐसे में पूर्व तैयारी के तहत व्यापक साफ-सफाई, कचरा निस्तारण तथा स्वच्छता प्रबंधन आवश्यक है।

स्थानीय नागरिकों ने संबंधित पंचायत एवं प्रशासन से मांग की है कि मेला प्रारंभ होने से पूर्व विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए, नियमित कचरा उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा अस्थायी शौचालय एवं पर्याप्त कूड़ेदान की व्यवस्था की जाए, ताकि आगंतुकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके।

कुछ ग्रामीणों ने आशा व्यक्त की है कि जिम्मेदार विभाग इस विषय को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएंगे, जिससे मड़ई मेले का आयोजन स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सफ्लतापूर्वक संपन्न हो सके।

धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों की पवित्रता बनाए रखना सामूहिक जिम्मेदारी : स्वामी राजीव लोचन

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम बेमचा स्थित गुलाब बाड़ा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर स्वामी राजीव लोचन महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए रासलीला के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डाला। महाराज श्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला को केवल सांसारिक दृष्टि से देखना भूल है। रासलीला वस्तुतः जीवात्मा और परमात्मा के दिव्य मिलन का प्रतीक है। यह प्रेम, समर्पण और भक्ति की वह परम अवस्था है, जहां आत्मा पूर्णतः परमात्मा में लीन हो जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वृंदावन की गोपियां साधारण नहीं थीं, बल्कि पूर्व जन्मों के संत, महात्मा और परम भक्त थीं, जिन्हें भगवान के साक्षात दर्शन की अभिलाषा थी। प्रभु श्रीकृष्ण ने उनकी जन्म-जन्मांतर की तपस्या और तृष्णा को पूर्ण करने हेतु उन्हें वृंदावन में गोपी रूप में जन्म दिया। कथा के दौरान महाराज श्री ने वर्तमान समय में गरबा और डांडिया आयोजनों में बढ़ती अश्लीलता पर चिंता व्यक्त की।

17 मार्च को छुईखदान–खैरागढ़ से उठेगी आवाज

यूजीसी समर्थन और अधिकारों के लिए संयुक्त मोर्चा का ऐलान

छुईखदान / खैरागढ़ / नवप्रदेश। शहर की सामाजिक और शैक्षणिक सरोकारों से जुड़ी एक महत्वपूर्ण पहल के तहत एससी, एसटी एवं ओबीसी संयुक्त मोर्चा ने 17 मार्च 2026 को व्यापक रैली और धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया है। हाल ही में आयोजित एक सघन बैठक में जिले के विभिन्न समाजों के सैकड़ों प्रतिनिधियों ने भाग लेकर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि यूजीसी समर्थन सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर अब शांतिपूर्ण लेकिन प्रभावी जनआंदोलन किया जाएगा।

बैठक में वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा और सामाजिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर लंबे समय से अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो पाई है। कई ज्ञापन और निवेदनों के बावजूद समाधान की दिशा में ठोस प्रगति न होने से समाज में चिंता व्याप्त है। ऐसे में संयुक्त मोर्चा ने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात शासन-प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाने की रणनीति बनाई है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 17 मार्च, मंगलवार को रावण भाठा इतवारी बाजार में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद रैली बक्सी मार्ग, गोलबाजार, राजीव चौक, नया बस स्टैंड चौक और अंबेडकर चौक से गुजरते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचेगी। वहां प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल, राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से सौंपेगा।

बैठक में आंदोलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

पोण्डी में 13 और अरमरीकला में 26 मार्च को जनसमस्या निवारण शिविर

बालोद/ नवप्रदेश। जिला प्रशासन बालोद द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिला स्तरीय 'जनसमस्या निवारण शिविरों' का आयोजन किया जा रहा है। बालोद विकासखण्ड के ग्राम पोण्डी में 13 मार्च और गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अरमरीकला में 26 मार्च को सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।शिविर के सफल आयोजन हेतु ग्राम पोण्डी में आयोजित शिविर हेतु अनुविभागीय अधिकारी बालोद नूतन कंवर नोडल अधिकारी और जनपद पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी होंगे। अरमरीकला में आयोजित शिविर हेतु अनुविभागीय अधिकारी गुरूर रामकुमार सोनकर नोडल अधिकारी और जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी होंगे।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में प्रत्येक माह न्यूनतम दो जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

ग्राम पंचायत से होगा अविवादित नामांतरण व बटवारे का निराकरण

बालोद /नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं भू-राजस्व संहिता अधिनियम 1959 में संशोधन उपरांत अविवादित नामांतरण और बंटवारों का निराकरण का अधिकार ग्राम पंचायतों को दिया गया है। बालोद जिले के सभी ग्राम पंचायत सचिवों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि विकासखंड बालोद में 18 फरवरी एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड में 19 फरवरी को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण में भुईंया पोर्टल, सीजी रेवेन्यू पोर्टल के संचालन और भू- राजस्व संहिता अधिनियम की जानकारी दी गई। अविवादित नामांतरण एवं बटवारा संबंधि अन्य राजस्व कार्यों हेतु ग्राम पंचायतों को उनके क्षेत्राधिकार के भीतर अधिकृत किया गया है। नागरिक पंजीयन पोर्टल के पंजीयन की प्रक्रिया एवं आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया और आम नागरिकों को पोर्टल में हो रहे कार्यवाही की विस्तृत जानकारी दी गई।

सचिवों के लॉगिन आईडी की उप्रक्रिया के कियान्वयन संबंधी विस्तृत जानकारी पंचायत सचिवों को प्रशिक्षण के माध्यम के प्रदाय किया गया। राजस्व के संबंध में राजस्व विभाग से तहसीलदार गुण्डरदेही कोमल सिंह ध्रुव और तहसीलदार बालोद आशुतोष शर्मा ने राजस्व निरीक्षक तथा पटवारी द्वारा ऑनलाईन पोर्टल के संबंध में सचिवों को विशेष रूप से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में संबधित जनपद पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी झुमुक सिंह राजपूत, गुण्डरदेही जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी निखत सुल्ताना, लोकेश सिन्हा, जिला समन्वयक और विमल सोनकर, सहायक जिला समन्वयक वरिष्ठ करारोपण अधिकारी चम्पेश्वर यदु, सुरेन्द्र कुमार चन्द्राकर उपस्थित थे। प्रशिक्षण में सभी सचिवों को जल्द से जल्द पंचायत में अविवादित नामांतरण एवं बंटवारे का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

ऑडिटोरियम के पास स्वावलंबन योजना की 7 दुकानें सील

राजनांदगांव /नव प्रदेश। वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली में कड़ाई बरतते हुए प्रतिदिन कार्यवाही की जा रही है। बकायादारों के नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही करते हुए अंतिम नोटिस जारी किया जा रहा है। आज ऑडिटोरियम के बाजू में मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत बनी दुकानों में से 7 दुकानें सील की गई। नंदई के 8 बगकायेदारों के नल कलेक्शन काटे गए। महापौर मधुसूदन यादव और निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा राजस्व विभाग की वसूली की प्रतिदिन मानिटरिंग कर रहे हैं और बड़े बकायेदारों को बकाया करों का भुगतान करने समझाईश भी दे रहे है। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानों के दुकानदारों को नोटिस जारी करने के बाद भी अनुबंध नहीं कराया गया और किराया जमा नहीं किया गया।

शहर की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने निगम आयुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव / नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा और शहर उत्तर ब्लॉक युवा कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप सोनी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ शहर की समस्याओं का निराकरण करने ज्ञापन सौंपा है। नगर निगम कार्यालय में आयुक्त की अनुपस्थिति में उन्होंने कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपकर सभी समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है। ज्ञापन में शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों की जर्जर स्थिति, अधूरे विकास कार्यों और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता जताई गई।

ज्ञापन में अभिमन्यु उदय मिश्रा ने नगर निगम ऑडिटोरियम की बदहाल स्थिति का मुद्दा उठाया गया। हाल ही में ऑडिटोरियम की छत से पीओपी (प्लास्टर आफ पेरिस) गिरने की घटना को गंभीर बताते हुए कहा है कि यह किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है। नगर निगम ऑडिटोरियम की तत्काल तकनीकी जांच कराकर उसकी मरम्मत, सुदृढ़ीकरण और सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुधार कार्य शीघ्र कराए जाने की मांग की गई, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।ज्ञापन में शहर उत्तर ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी द्वारा वार्ड क्रमांक 44, महेश नगर, आशीर्वाद कॉलोनी गली नंबर 2 में अधूरी नाली निर्माण कार्य को लेकर भी आपत्ति दर्ज की गई। अधूरी नाली के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इस वजह से नाली जल्द से जल्द पूर्ण की जानी चाहिए ।क्षेत्र के गार्डनों में नियमित सफाई, घास कटाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग भी की गई। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि गार्डनों में साफ-सफाई की कमी के कारण उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अभिमन्यु मिश्रा ने कहा कि समय रहते समस्याओं का समाधान न किये जाने पर क्षेत्रीय नागरिकों के साथ मिलकर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। संदीप सोनी ने चेतावनी देते हुए कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

महिला सशक्तिकरण : प्रतिष्ठान का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने फीता काटकर किया

बिहान योजना से बदली तकदीर, खल्लारी में महिला उद्यमिता की नई पहचान

बागबाहरा/नवप्रदेश। ग्रामीण अंचल में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल सामने आई है। बिहान योजना के सहयोग से ग्राम म.क. बाहरा की सखी-सहेली महिला स्व सहायता समूह की सदस्य राजेश्वरी चंद्राकर ने खल्लारी के मेन रोड पर बुटीक एवं इलेक्ट्रिकल्स शोरूम की शुरुआत कर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है। प्रतिष्ठान का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और महिला समूह की सदस्याएं उपस्थित रहीं, जिन्होंने इस पहल की सराहना की।

प्रशिक्षण से आत्मनिर्भरता तक का सफर

राजेश्वरी चंद्राकर ने बताया कि वे पहले रीपा के माध्यम से एलईडी बल्ब निर्माण कार्य से जुड़ी थीं और अपने पति चेतन रिंकू चंद्राकर के टेंट एवं डीजे व्यवसाय में सहयोग करती थीं। उद्यमिता के इसी अनुभव और लगन ने उन्हें स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

बिहान योजना के अंतर्गत आरएफ, सीआईएफ और बैंक लिंकेज के जरिए लगभग 10 लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर उन्होंने एलईडी निर्माण और

ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण लिया। इसके बाद बुटीक एवं इलेक्ट्रिकल्स शोरूम की स्थापना कर उन्होंने स्वरोजगार के साथ-साथ अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित किए हैं। राजेश्वरी का कहना है कि सही मार्गदर्शन, योजनाओं का लाभ और परिवार का सहयोग मिलने पर महिलाएं किसी भी क्षेत्र में सफ्लता हासिल कर सकती हैं।

अध्यक्ष ने बताया प्रेरणादायी कदम

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने कहा कि यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बिहान योजना महिलाओं को संसाधन, प्रशिक्षण और आत्मविश्वास प्रदान कर रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं।

इस कार्यक्रम में जनपद सभापति भूमिका रामलाल सिन्हा, जनपद सदस्य राहुल चंद्राकर, सरपंच संघ अध्यक्ष एडिसन ठाकुर, पूर्व सरपंच रामलाल सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश यादव, गिरीश पटेल, उमेश साहू, मुबारक अली खान, उत्तम राणा, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आकाश चंद्राकर, तूफान दीवान, बालमुकुंद सिन्हा, प्रीतम साहू सहित कई गणमान्य नागरिक और अधिकारी उपस्थित रहे।

अविनाश इंडस्ट्रीज खोखली का लाइसेंस निलंबित

बलौदाबाजार / नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन के द्वारा जिले में खाद्य सुरक्षा को लेकर जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को फर्म अविनाश इन्डस्ट्रीज खोखली, भाटापारा का जांच किया। फर्म द्वारा खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 व विनियम का पालन नहीं करने पर लाइसेंस निलंबित किया गया। अभिहित अधिकारी अक्षय कुमार सोनी ने बताया कि ऑनलाइन वायरल विडियो का संज्ञान में लेते हुये फर्म अविनाश इन्डस्ट्रीज खोखली, भाटापारा का जांच किया गया।

एसआईआर : 31786 मतदाता बढ़े, 7209 वोटर के नाम डिलीट, 38122 वोटर जुड़े

(जिला दुर्ग में विधानसभावार अंतिम मतदाता सूची के आंकड़े)

क्रमांक	विधानसभा क्षेत्र	ड्राफ्ट इलेक्टर 2026 इलेक्टर	एडिशन	डिलीट	नेट एडिशन	अंतर (प्रतिशत)	फायनल रोल 2026
01	62 पाटन	202836	2939	219	2720	1.34	205556
02	63 दुर्ग ग्रामीण	189738	7072	1442	5630	2.97	195368
03	64 दुर्ग शहर	188754	6936	2379	4557	2.41	193311
04	65 भिलाई नगर	121047	6922	946	5976	4.94	127023
05	66 वैशाली नगर	200882	10052	1389	8663	4.31	209545
06	67 अहिवारा	200891	4201	834	3367	1.68	204258
कुल योग		1104148	38122	7209	30913	2.80	1135061

दुर्ग/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर दुर्ग जिले में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण संपन्न हुआ। शनिवार 21 फरवरी को निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन किया गया। आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में सभी दलों को निर्वाचक नामावलियां प्रकाशन की प्रतियां सौंपी गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने एसआईआर के विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराते हुए कहा कि चार महीने तक चले निर्वाचक नामावतियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया गया। वोटर लिस्ट में कुल 12,35,230 मतदाता पंजीकृत है। मतदाता सूची के प्रारुप (ड्राफ्ट) प्रकाशन के बाद कुल 31,786 मतदाता बढ़े हैं। 1520 बीएलओ ने घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करने के बाद 14,52,509 मतदाताओं के मिलान और मैपिंग का कार्य सफलता से किया। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के दौरान नागरिकों से प्राप्त नवीनतम फोटोग्राफ भी अंतिम मतदाता सूची में प्रकाशित किये गए हैं। कलेक्टर ने बताया कि मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने या सूची से अपना नाम हटाने से संबंधित दावे और आपत्तियां 23 दिसम्बर से 22 जनवरी के बीच प्रस्तुत किए गए। प्राप्त दावे/आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी तक किया गया। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में छूट न जाए और किसी अपात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो, इस उद्देश्य के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची की शुद्धता, आधुनिकता और समावेशिता के लिए चलाए गए निर्वाचक नामावलियों के एसआईआर अभियान को सफल बनाने में निर्वाचन प्रणाली के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, बूथ लेवल अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का कार्य सराहनीय रहा है।

मतदाताओं की संख्या में बदलाव

ड्राफ्ट सूची से पहले 14,52,509 मतदाता। ड्राफ्ट सूची के प्रकाशन के बाद 12,03,444 मतदाता।

अंतिम मतदाता सूची 12,35,230 मतदाता। **शुद्ध वृद्धि** - ड्राफ्ट सूची के प्रकाशन के बाद अंतिम सूची में 31,786 मतदाताओं की वृद्धि हुई है।

प्रमुख आंकड़े और उपलब्धियां

कुल 14,52,509 मतदाताओं में से 12,03,444 मतदाताओं से गणना फार्म प्राप्त हुए, जिनका पूर्ण रूप से डिजिटलीकरण किया गया।

घर-घर सर्वे-बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा निरंतर घर-घर जाकर सर्वे किया गया, जिसमें मृत,

स्थायी रूप से स्थानांतरित और दो स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान की गई।

वोटर लिस्ट में नाम नहीं तो भरें फार्म-6

अगर आपका नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, तो नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म-6 भरकर, उसके साथ घोषणा पत्र और आवश्यक सहायक दस्तावेज़ संलग्न कर ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची में दी गई जानकारी में कोई त्रुटि या स्थानातरण के लिये फॉर्म-8 भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन या ऑफलाइन सुधार के लिए आवेदन किया जा सकता है। बैठक में एडीएम अभिषेक अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर बिरेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी व सिल्ली थामस, एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव, एसडीएम धमधा सोनल डेविड सहित अन्य अधिकारी और भाजपा, बसपा, इंडियन नेशनल कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, नेशनल पीपुल्स पार्टी, आम आदमी पार्टी और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

1 जनवरी 2026 की पात्रता तिथि तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा भी प्रपत्र संख्या-6 भरकर भविष्य में प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। भविष्य में समय-समय पर होने वाले आवश्यक संशोधनों के अनुसार, नागरिक प्रपत्र संख्या 6, 7 और 8 भी भर सकेंगे। एसआईआर के दौरान आगामी अर्हता तिथि 1/10/2026 के संदर्भ में भावी मतदाताओं से आवेदन प्रपत्र-6 में प्राप्त किया गया है। सभी मतदाता अंतिम मतदाता सूची में (अंतिम प्रकाशित) अपना नाम बीएलओ के माध्यम से जांच सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय/एईआर/एईआरओ कार्यालय से भी जांच की जा सकती है। इसके अलावा चुनाव आयोग के वेबसाइट और पोर्टल से भी वोटर अपने नाम की जांच कर सकते हैं।

न्यूज गैलरी

हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, समुचित प्रबंध के दिए निर्देश

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज जिले में संचालित हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा अंतर्गत केन्द्र क्रमांक 141010 सेजस रिसाली और केन्द्र क्रमांक 141015 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरोदा टंकी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्राध्यक्षों से परीक्षा भवन में पानी, बिजली और परीक्षार्थियों की उपस्थिति की जानकारी ली। आज दसवीं कक्षा के हिन्दी विषय का पेपर था। सेजस रिसाली में 49 और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरोदा टंकी में 159 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। कलेक्टर सिंह ने केन्द्राध्यक्षों से कहा कि परीक्षा हॉल में विद्यार्थियों को पानी बॉटल ले जाने की अनुमति दें, जिसमें किसी भी प्रकार का स्टीकर न लगा हो। परीक्षा के दौरान समस्त परीक्षा केन्द्रों में इमरजेंसी लाईट की व्यवस्था रखें, जिससे किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक शिक्षा सीमा नायक, केन्द्राध्यक्ष व अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

वालीबॉल चैंपियनशिप : बीएसपी टीम घोषित

भिलाई। दुर्गापुर इस्पात संयंत्र द्वारा 24 से 27 फरवरी तक दुर्गापुर में सेल वालीबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में सेल कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली से संबद्ध विभिन्न इस्पात संयंत्रों की टीमें भाग लेंगी। भिलाई इस्पात संयंत्र की वालीबॉल टीम भी प्रतियोगिता में सहभागिता कर रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र की वालीबॉल टीम की औपचारिक घोषणा वॉलीबॉल क्लब के अध्यक्ष व महाप्रबंधक (नगर सेवाएँ विभाग) विष्णु पाठक, उपमहाप्रबंधक (क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ) राजेंद्र प्रसाद और उप प्रबंधक (क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ) अभिजीत भौमिक द्वारा की गई। अधिकारियों ने टीम का परिचय कराते हुए चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। डीपी सिंह को टीम का कप्तान बनाया गया है। टीम के अन्य सदस्यों में बीएसपी से ख्वाजा अहमद, पी मनोज, लल्लन, जी चंदन और राजहरा माइंस पीके पाटले, लक्ष्मी नारायण, राजकुमार, एसपी यादव व देवी लाल शामिल हैं।

राम जन्मोत्सव समिति करेगी ध्वजवाहकों का सम्मान

भिलाई नगर। श्रीराम जन्मोत्सव समिति, भिलाई द्वारा लगातार 41 वें वर्ष श्रीरामनवमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस पावन आयोजन से पूर्व समिति द्वारा 22 फरवरी रविवार को ध्वजवाहकों का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम श्रीराम चौक, खुर्सीपार में संपन्न होगा। विभिन्न प्रखंडों के मंदिरों और पूजा स्थलों से ध्वज लेकर चलने वाले ध्वजवाहकों को समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समिति के संरक्षक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय उपस्थित रहेंगे। समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी और रामभक्तों की उपस्थिति इस आयोजन की गरिमा को और बढ़ाएगी। समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने बताया कि श्रीराम जन्मोत्सव समिति सदैव प्रभु श्रीराम के आदर्शों को समाज तक पहुँचाने और जनहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए समर्पित रही है। हर वर्ष भव्य शोभायात्रा में हजारों की संख्या में रामभक्त ध्वजवाहक भगवा ध्वज लहराकर आयोजन को दिव्य स्वरूप प्रदान करते हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी सभी ध्वजवाहकों का सम्मान किया जाएगा।

एआई समिट में नग्न प्रदर्शन कांग्रेस की सोची-समझी साजिश : सुरेंद्र कौशिक

दुर्ग। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने नई दिल्ली में आहूत एआई समिट के दौरान शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए नग्न प्रदर्शन को भारत को अपमानित करने की सोची-समझी साजिश बताते हुए कहा है कि राहुल गांधी राजनीति के निचले स्तर पर गिर गए हैं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को राजनीतिक पोस्टर लेकर दुनिया के सबसे बड़े 'एआई इम्पैक्ट समिट' में निर्वस्त्र होने का निर्देश दिया। यह प्रदर्शन कांग्रेस के घोर पतन, निर्लज्जता और मानसिक दिवालियेपन का परिचायक है। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि राहुल गांधी के उकसावे पर की गई यह घिनौनी हरकत कांग्रेस पार्टी के पूर्ण वैचारिक पतन को उजागर करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत नवाचार, प्रगति और राष्ट्र निर्माण के लिए खड़ा है, वहीं राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस केवल व्यवधान, बाधा और नकारात्मकता का प्रतीक बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' को बदनाम करने की साजिश बहुत पहले ही रच ली थी। राहुल गांधी के इशारे पर लोगों को इकट्ठा किया गया, उन्हें शिखर सम्मेलन के लिए पंजीकृत कराया गया और फिर इस अपमानजनक कृत्य के लिए उकसाया गया। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि तकनीक के विकास के मामले में दुनिया भारत का लोहा मान रही है लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस ने देश की छवि को नुकसान पहुँचाने का रास्ता चुना है।

मां परमेश्वरी महोत्सव: समाज की प्रगति के लिए संगठित रहना आवश्यक: देवांगन

■ मां परमेश्वरी की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

दुर्ग/नवप्रदेश। वाणिज्य एवं उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यिक कर और श्रम विभाग मंत्री लखन लाल देवांगन आज देवांगन जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित माँ परमेश्वरी महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने देवांगन समाज की ईष्ट देवी माँ परमेश्वरी की प्रतिमा की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

महोत्सव को संबोधित करते हुए मंत्री लखन लाल देवांगन ने समाज की एकता और संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष बल देते हुए कहा कि समाज की प्रगति के लिए संगठित रहना अत्यंत आवश्यक है। जब समाज संगठित रहेगा, तभी वह शिक्षा, व्यापार, शासकीय सेवा और राजनीति सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकेगा। आज कई समाज विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर चुके हैं, लेकिन कुछ समाज अभी भी पीछे हैं। सभी समाजों को मिल-जुलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों की अच्छी शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाती है। खादी ग्रामोद्योग अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने महिलाओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण से ही समाज और प्रदेश का समग्र विकास संभव है। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष पुराणिक लाल देवांगन, कमलेश देवांगन, संकटलाल देवांगन, अशोक देवांगन, कल्पना देवांगन, तुलसी साहू सहित समाज के पदाधिकरण एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

तरक्की के लिए शिक्षा जरुरी : ललित

विशिष्ट अतिथि प्रदेश अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं विधायक ललित चंद्राकर ने देवांगन समाज को जागरूक समाज बताते हुए कहा कि यह समाज लंबे समय से व्यापार, कृषि और वस्त्र निर्माण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देता आया है। जांजगीर-चांपा क्षेत्र में कोसा व्यापार में भी देवांगन समाज की अहम भूमिका रही है। समाज की तरक्की के लिये शिक्षा अत्यंत आवश्यक है।

साहू समाज ने की एनएसयूआई नेता की गिरफ्तारी की मांग

■ ट्रैफिक टीआई को चूड़ी और साड़ी भेंट करने पहुंचे थे एनएसयूआई नेता

दुर्ग/नवप्रदेश। ड्यूटी के दौरान एनएसयूआई नेता द्वारा ट्रैफिक टीआई से अभद्र व्यवहार और साड़ी-चूड़ी भेंट करने की कोशिश के मामले में अब साहू समाज भी सामने आ गया है। एनएसयूआई नेता वरुण केवलतानी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शनिवार को दुर्ग जिला साहू संघ ने एसएसपी विजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। दुर्ग यातायात पुलिस में निरीक्षक युवराज साहू 7 फरवरी को ड्यूटी पर थे। इसी दौरान एनएसयूआई नेता वरुण केवलतानी कार्यकताओं के साथ पहुंचे। उन्होंने टीआई के साथ अभद्र व्यवहार किया। उन्हें साड़ी और चूड़ी भेंट करने का प्रयास भी किया गया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एनएसयूआई नेता वरुण केवलतानी दुर्ग में गजेंद्र यादव के खिलाफ चालानी कार्रवाई की मांग को लेकर ट्रैफिक टीआई के पास पहुंचे थे। इसी दौरान विवाद होने लगा। कोतवाली थाना में आरोपी वरुण केवलतानी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है। अभी तक गिरफ्तारी न होने से साहू समाज में नाराजगी देखी जा रही है। दुर्ग जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी के साथ इस तरह का व्यवहार निंदनीय है। संघ ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

दुर्ग शहर उपकेंद्र की क्षमता में वृद्धि गर्मी में नहीं होगा पॉवर कट

दुर्ग/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत दुर्ग शहर की विद्युत वितरण व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने 33/11 केवी दुर्ग टाउन सब-स्टेशन में स्थापित 1 नग 5 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 8 एमवीए कर दी गई है। अपग्रेडेशन के साथ ही दुर्ग टाउन उपकेंद्र की कुल क्षमता 15 एमवीए से बढ़कर अब 18 एमवीए हो गई है। इस कार्य में कुल 89.79 लाख की लागत आई है। क्षमता वृद्धि होने से इंदिरा मार्केट, खंडेलवाल कॉलोनी, तकिया पारा, मिलपारा, डिपरा पारा जैसे घने बसे क्षेत्रों के लगभग 8246 उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। सफलतापूर्वक चार्जिंग और ऊर्जीकरण के दौरान ईई धर्मेंद्र भारती, दुर्गेश नंदिनी देवांगन और आरके दानी, सहायक अभियंता राजेंद्र गिरी गोस्वामी, ढालेश्वर प्रसाद साहू, आलोक साहू, रुचि दवे, कनिष्ठ अभियंता गोपाल वर्मा सहित एसटीएम और एचटी मेंटेनेंस के समस्त तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।

महापौर ने किया डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन

■ हटरी बाजार और तमेर पारा चौक क्षेत्र में बनेगी चौड़ी सड़क

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महापौर अलका बाघमार ने डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। वार्ड 30 में हटरी बाजार सहित जवाहर चौक क्षेत्र में 14 लाख रुपए की लागत से डामरीकरण कार्य होगा। वार्ड 32 तमेर पारा चौक के पास 18 लाख की लागत से डामरीकरण किया जाएगा। भूमिपूजन के दौरान सभापति व पार्षद श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, पार्षद जीतू महोबिया, गुलशन साहू, मनीष कोठारी, युवराज कुंजाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने कहा कि हटरी बाजार व जवाहर चौक जैसे व्यस्ततम इलाकों में नागरिकों का आवागमन होता है। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण व्यापारियों व आमजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। डामरीकरण कार्य से यातायात सुचारु होगा। सभापति श्याम शर्मा ने कहा कि वार्ड 30 और वार्ड 32 में स्वीकृत डामरीकरण कार्य से नागरिकों को सुविधाएं मिलेगी। निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में चरणबद्ध अधोसंरचना कार्य कराए जा रहे हैं, ताकि सभी क्षेत्रों में समान रूप से विकास सुनिश्चित हो सके। लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर ने भी निर्माण कार्य की तकनीकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने कहा। नागरिकों से सहयोग की अपील की।

उरला के छात्र बेंगलुरू में सम्मानित

■ शिक्षक व पांच छात्रों का विप्रो फाउंडेशन ने किया सम्मान

कुम्हारी/नवप्रदेश। सेंटर फॉर एन्वायरमेंट एजुकेशन (सी.ई.ई) के विप्रो अर्थियन पर्यावरण मित्र कार्यक्रम में विप्रो फाउंडेशन के सहयोग से संचालित प्रोजेक्ट पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला के पांच छात्रों एवं एक गाइड शिक्षिका को विगत दिनों बेंगलुरु में सम्मानित किया गया। प्राचार्य के नेतृत्व एवं शिक्षिका ललित किशोरी साहू के निर्देशन में विद्यालय के छात्रों जिनमें कुमारी संध्या साहू, कुमारी भूमिका निषाद, एनिश पटेल, गिरेन्द्र साहू और चंदन विश्वकर्मा ने कचरा प्रबंधन एवं सस्टेनेबिलिटी विषय पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर सेंटर ऑफ एन्वायरमेंट एजुकेशन लखनऊ को रिपोर्ट भेजी थी। प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय स्तर पर चुना गया। जिसके लिए मार्गदर्शक शिक्षक व पांच छात्रों को विप्रो फाउंडेशन की ओर से सम्मानित किया गया। 28 से 31 जनवरी के बीच अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ अनुराग बेहर और ईसीजी के ग्लोबल हेड और विप्रो फाउंडेशन मैनेजिंग ट्रस्टी पीएस नारायण की मौजूदगी में प्रमाण पत्र, विद्यालय को 50 हजार रुपए की धनराशि व शिक्षक और बच्चों को पर्यावरण संरक्षण किट प्रदान की गई। शिक्षिका ललित किशोरी साहू ने बताया कि पूरे देश के लगभग दो हजार प्रोजेक्ट में से राष्ट्रीय स्तर पर 25 प्रोजेक्ट का चयन हुआ है जिसमें से एकमात्र शा.उ.मा. विद्यालय उरला का चयन हुआ है यह पूरे राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। प्राचार्य मंजू शुक्ला ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए मील का पत्थर साबित हुई। विद्यालय की प्राचार्य, स्टाफव शाला विकास समिति के सदस्यों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रशिक्षण के बाद ही कार्यकर्ता होते हैं प्रखर : गजेंद्र

■ भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

दुर्ग/नवप्रदेश। भाजपा के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 कार्यशाला के समापन के बाद जिला भाजपा कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, सह वक्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व दुर्ग जिला संगठन प्रभारी नंदन जैन, प्रदेश सहसंयोजिका दुर्ग संभाग प्रभारी भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पांडेय, प्रदेश आई टी सेल सह संयोजक प्रमोद सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, दुर्ग महापौर अलका बाघमार, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य उषा टावरी, जिला भाजपा महामंत्री दिलीप साहू विनोद अरोरा, कांतिलाल बोथरा, आर्थिक प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष व प्रशिक्षण महाअभियान के सदस्य शिवेंद्र परिहार, तेखन सिन्हा, राजेंद्र पाध्ये उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने आगामी दिनों में होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय किए गए विषय पर संबोधन दिया। कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि भारत के ज्ञान विज्ञान अध्यात्म धर्म सनातन पर आधारित है। सनातन विचारधारा को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। पांच परिवर्तन सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भाव जागरण, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन है। प्रशिक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य वैचारिक रूप से दृढ़ संगठनात्मक रूप से सक्षम और समाज सेवा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का निर्माण करना है। प्रशिक्षण भाजपा की उस सांगठनिक शक्ति को और अधिक धार देने का माध्यम है जो तकनीक और विचार के संगम से विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने का कार्य करेगी।

पुलिस से हाथापाई केस में प्रदीप गिरफ्तार, विवादित बयान पर नजरुल अरेस्ट

भिलाई/नवप्रदेश। जिले के देवबलौदा-चरोदा में महाशिवरात्रि मेले के दौरान मुस्लिम व्यापारियों से कथित दुर्व्यवहार के बाद पुलिस ने बजरंग दल पदाधिकारी प्रदीप सिन्हा को पुलिस से हाथापाई करने पर गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह नजरुल खान को भड़काऊ बयान देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। वायरल वीडियो में नजरुल खान कथित तौर पर कहते सुनाई दे रहा है कि मुसलमान कोई भी कानून न तोड़ें, लेकिन कोई आतंकवादी, भगवा आतंकवादी कानून तोड़कर आप पर वार करें तो उसे छोड़ना नहीं। तुम मारोगे तो पलटकर मारेंगे। इस बयान को लेकर छत्तीसगढ़ बजरंग दल के प्रांत सहसंयोजक रवि निगम ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत की थी। विवाद की शुरुआत 16 फरवरी को देवबलौदा-चरोदा में महाशिवरात्रि के मेले के दौरान हुई। दो दिवसीय मेले के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मुस्लिम व्यापारियों पर जातिगत-धार्मिक टिप्पणी करते हुए व्यापार करने से रोका। मेला परिसर से बाहर जाने कह दिया गया। इस मामले में मोहम्मद इस्माइल की शिकायत पर भिलाई-3 पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 196, 351(3), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया। इस केस में बजरंग दल के पदाधिकारी प्रदीप सिन्हा समेत अन्य कार्यकर्ताओं को आरोपी बनाया गया। बजरंदल के कार्यकर्ता प्रदीप सिन्हा को दुर्ग कोतवाली थाने में दर्ज अपराध के मामले में गिरफ्तार किया गया है। प्रदीप सिन्हा और उनके साथियों ने 1 दिसंबर 2025 को पटेल चौक, बीएसएनएल ऑफिस के सामने बिना अनुमति मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस से हाथापाई की घटना भी हुई। इसमें पुलिस के जवानों को चोट आई थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और पुलिस प्रवक्ता मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि थाना छावनी क्षेत्र में वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए नजरुल खान के खिलाफ धारा 299 और की धारा 67 के तहत मामला दर्ज कर अरेस्ट किया गया है। कोतवाली में दर्ज मामले में फरार आरोपी प्रदीप सिन्हा की भी गिरफ्तारी की गई है।

AI शिखर सम्मेलनः सुविधा का वरदान या वजूद का संकट?

क्या आपने कभी सोचा है कि जिस रफ्तार से हम तकनीक की उंगलियां थाम रहे हैं, कहीं वह हमें हमारे ही वजूद से दूर तो नहीं ले जा रही? हाल ही में संपन्न हुई 'ग्लोबल AI समिट' महज मशीनों और डेटा का मेला नहीं थी, बल्कि यह उस युग की घोषणा थी जहाँ 'बुद्धि' अब केवल इंसानी मस्तिष्क की बपौती नहीं रही। आज हम एक ऐसे चौराहे पर खड़े हैं जहाँ हमारे हाथ में स्मार्टफोन नहीं, बल्कि एक कृत्रिम मस्तिष्क है जो हमारे लिए सपने बुन रहा है, कविताएं लिख रहा है और यहाँ तक कि हमारे फैसले भी ले रहा है। यह लेख उस अदृश्य बदलाव की गहराई को नापता है, जहाँ सुविधा और संकट के बीच की लकीर धुंधली होती जा रही है। का वरदान या वजूद का संकट?

नियंत्रण की कमान हमारे हाथ में

अंततः AI एक ऐसा औजार है जिसे हमने खुद बनाया है। यह आग की तरह है—जो खाना भी पका सकती है और घर भी जला सकती है। समिट का निष्कर्ष यही रहा कि हमें ˏद्ध को 'कंट्रोल' करने के लिए नहीं, बल्कि उसके साथ 'को-एग्जिस्ट' करने के लिए नियम बनाने होंगे। भविष्य की चाबी मशीनों के पास नहीं, बल्कि उस इंसान के पास है जो यह जानता है कि उसे कब और कहाँ 'ऑफ' का बटन दबाना है।

आर्थिक मोर्चे पर, AI समिट ने एक नई चेतावनी दी है। यह तकनीक अमीर देशों और गरीब देशों के बीच के अंतर को और बढ़ा सकती है। जिन देशों के पास डेटा और कंप्यूटिंग पावर है, वे दुनिया पर राज करेंगे।

डिजिटल क्षितिज पर नई दस्तक

हालिया 'ग्लोबल AI समिट' केवल सिलिकॉन चिप्स और कोडिंग का प्रदर्शन नहीं थी, बल्कि यह भविष्य के उस आईने की तरह थी जिसमें इंसान अपनी ही परछाईं को 'प्रोसेसर' के रूप में देख रहा है। आज जब हम आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस (AI) की बात करते हैं, तो मुद्दा सिर्फसुविधा का नहीं रह गया है, बल्कि मुद्दा यह है कि क्या हम अपनी सोचने-समझने की शक्ति किसी एल्गोरिदम के हाथ गिरवी रख रहे हैं? यह समिट इसी सवाल के इर्द-गिर्द घूमती रही कि मशीनी क्रांति के इस दौर में 'इंसानियत' का क्या स्थान होगा।

रचनात्मकता बनाम ऑटोमेशन

समिट के मुख्य सत्र में इस बात पर तीखी बहस हुई कि क्या AI कला और साहित्य जैसी मौलिक चीजों की रूह को छू सकता है। जहाँ एक तरफएआई-जेनरेटेड पेंटिंग्स और लेखों ने सबको चौंकाया, वहीं विशेषज्ञों ने आगाह किया कि हम 'कॉपी-पेस्ट' संस्कृति की ओर बढ़ रहे हैं। जब मशीनें हमारे लिए कविताएँ लिखेंगी और फिल्में बनाएंगी, तो क्या मानवीय संवेदनाओं का अकाल नहीं पड़ जाएगा? चुनौती यह नहीं है कि मशीनें इंसान जैसा सोचेंगी, बल्कि बड़ी चुनौती यह है कि इंसान मशीनों की तरह सोचना शुरू न कर दे।

डीपफेक और 'सच' का संकट

मौजूदा समय का सबसे बड़ा सिरदर्द 'डीपफेक' और 'सिंथेटिक मीडिया' बनकर उभरा है। समिट में पेश किए गए आंकड़े बताते हैं कि इंटरनेट पर मौजूद 40% से अधिक वीडियो और ऑडियो सामग्री के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है। अब आँखों देखा भी सच नहीं रहा। विशेषज्ञों ने इसे 'ट्रुथ डिके' (सत्य का क्षय) का नाम दिया है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या हमारे पास ऐसी तकनीक है जो झूठ को पकड़ने के लिए सच का साथ दे सके? इस डिजिटल युद्ध में नैतिकता ही हमारा सबसे बड़ा हथियार होगी।

सुनो भाई उधो : एप-स्टीम के रहसलीला

परमानन्द वर्मा

अहा काला का बताबे,ये एपस्टिम के रहसलीला बताये नहीं सौहे देखेच के लइक हे। गजबेच सुंदर हे। सोशल मीडिया तो चौबीसों घंटा अपन स्क्रीन म देखावत हे। ओला लइका, सियान अउ जवान सबो आँखी फार फार के देखत हें। कोनो कोनो पूछत हें एमा का देखावत हे जी तब जौन देखे हें तेन मन बतावत हें जाके देख तब देखत रही जाबे फेर कोंनो फोर के स ही बात ला नइ बतावत है के ओमा देश विदेश के बड़े बड़े नेता अउ सूरमा मन के रहसलीला है। अब ओ रहसलीला काये, कइसन ढंग के हे जेला लेके संसार भर म तहलका मचे हे अउ ओ कलाकार मन के परा न छटके ले धरत हे, सब के होश् गायब होगे हे। इकरे ऊपर पढ़व ये छत्तीसगढ़ी आलेख ,,, एप स्टीम के रहस लीला,,,। 'देखे नहीं, सुने नहीं, समझे नहीं, जाने नहीं' ये अइसे 'कोड वर्ड' शब्द हे जेला इशारा-इशारा मं केहे जाथे, सुनाय अउ समझाय जाथे। समझइया मन समझ जथे अउ भयरा, अंधरा, कोंदा अउ मंद बुद्धि वाला मन ला कतको कोचक-कोचक के, हुदर-हुदर के सुना, बता ले ओमन काहे-काहे काहत, चेंधत अउ पूछत रहि जथे। अतका 'टाइम' मं पूरा खेल खतम हो जथे, आगी लगे घर हा जल के राख अउ खाख हो जथे। मुड़ी-पूछी ककरो कांही समझ नइ आवत होही, हवा के रुख ला देख के पंछी मन घला जान जथे के मौसम बदलइया हे इही पाके अपन ठौर-ठिकाना ला घला बदले ले धर लेथे। फेर मनखे जात अइसे कुभारज और मूरख ते चेंधते अउ सोचते रहि जथे, कुछु होवइया हे का, होगे हे का? जाने बर तो अब सब जानते हे, बहुत देरी मं जानिस के कुछ जबर बात होगे हे देश मं फेर ककरो बक्का नइ खुलत हे, जना-मना ओकर मन के टोंटा ला कोनो भूत-परेत अउ मसान मन गला ला चपक दे हे? कोनो बइगा, गुनिया मन घला एकर मन के भूत, परेत ला उतार सकत हे? जउने हाथ लगाही तुन ला ओ भूत-परेत धर लिही, मसक दिही, चपक दिही, मरे बिहान हो जही। कोनो-कोनो गोठियावत हे, सपट के सुनत हे,ओधहा मं दीवार मं, खिड़की मेर कान लगाके। अरे भइया जान दे जइसन नइ सुने, समझे, सोचे रेहेन तइसन चरित्तर होगे हे देश मं, नाक कटाय के लइक बात होगे हे। पूछत रिहिसे तेनहा चेंधत ओला जउन घटना के जानकारी डर्रावत-डर्रावत, कांपत, हफरत बतावत रिहिसे, तिखार के पूछथे- अरे का बात होगे हे देश मं तेला बने फोर के बता ना? ओहर कहिथे- मंय 'बीबीसी लन्दन बुलेटिन के न्यूज चैनल वाले नो हो, जउन बम्फाड़ कोनो खबर ला खोल के बता दौं, मंय 'आल इंडिया रेडियो' के संवाददाता अपन हौं खबर ला कांट-छांट के बताथौं। इंडिया के अइसने रिवाज हे। सपट के पूछत रिहिसे तउन हा ओ खबरची ला कहिथे- काबर मुसुवा ला जइसे बिलई हा मुरकेट देथे, चपक देथे तइसे झझके असन खबर ला बतावत हवस जी, बने बता ना, का बात होगे हे, कहूं भूकंप आगे हे का, कोनो बड़े देश के नेता के अपहरण होगे हे, सत्ता परिवर्तन होगे हे, उलट-पुलट होगे हे, ककरो चीरहरण होगे हे, द्रौपदी असन, ते रूस, युक्रेन ,ईरान, भारत, चीन, अफगानिस्तान, बंगलादेश ला डोनाल्ड टंप हा रावन कस धमकावत हे। जउन देश ला देखबे तिहां के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ला जंगी बेड़ा भेजथौं कइके धमकी देवत रहिथे। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से ट्रंप के तारी नइ पटत हे। कभू हां, कभू नहीं के बात ला सुन के ट्रंप बगियागे हे मोदी ऊपर। राजा संग रेहे तब खाय बीरो पान अउ नंगरा संग रइबे तब कटाय दुनो कान, कस हालत मोदी के होगे हे। बड़े मनखे के बड़े-बड़े चाल होथे। कइसनो करके फंसाये ले धरथे अइसने कस चाल चलके मोदी ला फंसा तो नइ दे हे? का एपस्टीन कहिथे तइसन जाल मं फंसा के अनफभक फोटो इंटरनेट मं देखावत हे सच का हे, गलत का हे तेला राम जानय फेर देश मं तो आगी लग गे हे। सब हांसत हे, काहत हे- अतेक बड़े नेता अउ अइसन चरित्तर। मोदी खामोश हे सत्ताधारी दल के नेता मन के मुंह मं ताला ठेसा गे हे। विपक्ष के नेता अउ जनता मन तो ताली बजा-बजा के भजन गावत हे। अब दूध के दूध अउ पानी के पानी तब होही जब मोदी हा संसद मं सफाई दिही। लगथे पूरा मामला वइसने चक्रव्यूह असन हे। जइसन महाभारत मं अभिमन्यु ला इही चक्रव्यूह मं फंसाके कौरव मन मारे रिहिन हे। मोदी जब ट्रंप के आघू मन घुटना नइ टेकिस तब ओला सबक सिखाय खातिर इही चक्रव्यूह ला अपनाइस। शिकारी मन बहुत चुस्त, चालाक अउ हुशियार होथे, ओकर मन के निशाना फरक नइ खाय, एक तीर छोड़े मं शिकार ओकर पांव तरी आके गिर जथे। कवि चंद वरदाई के पंक्ति सुरता आथे ग -

चार बांस चौबीस गज, अंगुल अष्ट प्रमान,
ता ऊपर सुल्तान हे, मत चूको चौहान।।

व्यंग्य : सारे ही राजा हरिश्चंद्र



डॉ किशोर अग्रवाल

जिसकी चलती है उसी की छतरी तनती है और इतनी तनती है कि आसमां तक दिखाई नहीं देता सिर्फछतरी ही दिखती है। गजब की बंदर बांट है भाई, सरकार व सरकार के नुमाइंदे आम लोगों की जवाबदेही से इतनी दूर बैठाए जाते हैं कि न लोग उन्हें देख पाते हैं न उन्हे ही कुछ दिखता है, यही आदर्श व्यवस्था है। अब भी इस देश में कहने को प्रजातंत्र की दुहाई देकर जनता की जवाबदार सरकारें बनती हैं पर हकीकत में जमीन पर नंगे पांव चलती जनता को नीचे ही छोड़कर बंदर सी उछाल भरकर जनप्रतिनिधि पेड़ों पर बंदर बन कर बैठ जाते हैं। भालुओं की तरह सब कुछ लीलते अफसर जनता की पहुंच से दूर हैं, ऊपर हैं बहुत ऊपर। साधारण व्यक्ति मिलना तो दूर झलक तक को तरसता है। मंत्री तो उसके लिये उमराव जान की अदा है। घोटालों और आरोपों से घिरे अफसरों का ऐसा रसूख की मानों सरकार में उनके अलावा कोई अफसर ही नहीं है। वही दागदार चेहरे जो जांचों से घिरे हैं, जिनके विरुद्ध चालान तक न्यायालयों में लंबित है, घूम फिर कर वे ही सरकार में ,निगमों व आयोगों में जिम्मेदारियों के पद संभाले दिखते हैं। दलदल में धंसे अफसर ही बदस्तूर प्रमोशन पा रहे हैं, क्योंकि पदोन्नति पद व गुण की नहीं हो रही पदोन्नति जुगाडुओं की हो रही है, जो जांच की आंच बुझाकर पदोन्नत हो रहे हैं। जैसे साहित्य समाज का दर्पण होता है अफसर भी दर्पण ही है कि जनता ने कैसी सरकार बनाई है और सरकार ने कैसे अफसर तैनात किए हैं। पर कोई दर्पण देखना नहीं चाहता क्योंकि वह अपनी वही सूरत देखता है जो अफसर दिखा रहे हैं। व्यापारी व बनिया को कोसने वाली जनता को क्या यह पता नहीं होता कि धूर्त अफसर कैसे बहती बयार भांपकर हर सरकार में अपनी गोटियां बिठा लेते हैं। जो जितना बड़ा धूर्त उसे उतना बड़ा पद। कोई भी सरकार हो अफसर उनसे अनुकूलता बना ही लेते हैं। जैसे बैटरी के सेल की स्टैंडर्ड साइज होती है वह हर उपकरण में फिट बैठता है, जैसे हर बल्ब होल्डर में फिट बैठता है वैसे ही चतुर अफसर हर सरकार में फिट बैठता है। सूप पीने के लिये बाऊल में वैसे ही मैच का चम्मच चाहिये, सरकार अपने लिये मुनासिब अफसर की तलाश में रहती है और ये धन के लिये जान पर खेल जाने से भी परहेज नही करते। तभी कभी कभी अफसर नपता है मंत्री कभी नही। पुराने अफसरों से नये अफसर सीख रहे हैं घोटालों के सबक। हर तरह का व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध है बस आंख खोलकर देखना भर है। चौतरफा कई प्रकार के घोटाले हैं पहला- पूरे हो चुके घोटाले, दूसरा - पनप रहे घोटाले जिन्हें जांच एवं शिकायतों का इंतजार है, तीसरे- शैशवावस्था के घोटाले जिनमें अभी खाद पानी पड़ रहा है जो कभी पूर्ण विकसित होकर पहले के घोटालों से बढ़कर नाम कमाएंगे और कुछ ऐसे घोटाले जो अभी अफसर व जनप्रतिनिधियों की गोद में बैठे हुए अपने शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। जिन्हें जांच व मानक देखने की जिम्मेदारी दी गई है वे कितने उत्कोच के बाद धुंधला देखने लगेंगे यह घोटालेबाजों को खूब पता है। किसकी आंखों में रुपए से, जमीन के प्लाट से, उनके बच्चों को नौकरी दिलाने या विदेश में पढ़ाने से जाला पड़ेगा ये घोटालेबाज उनकी खूब-खोज खबर रखते हैं। कुछ शौकीन लोग तो विदेश भ्रमण, शबाब और कबाब से ही सूरदास बन जाते हैं। मजा तो यह है कि दागी अफसर ही दूसरे दागी की जांच कर रहे हैं। रमऊराम अपनी पांच डिसमिल जमीन बेचकर अपनी बेटी की शादी का सपना संजोए हुए साठ बरस का हो चला है पर उसकी खेती की जमीन कब शहरी बन गई, कब आमोद प्रमोद के क्षेत्र में वर्गीकृत हो गई, उसे नहीं पता। अब कोई उसे खरीदता नहीं क्योंकि अब ना वहां खेती हो सकती है ना मकान बन सकता है। सेठों को सब पता है, अफसर को सब पता है। वह पहले जमीन अपने नाम से खरीदते हैं, दान में लेते हैं, वायदों पर लिखा लेते हैं, फिर वहां बसाहटों की स्कीमें बनती हैं। वातावरण या पर्यावरण के हिसाब से नहीं बल्कि रसूखदारों के हिसाब से। नक्शा ऐसा बनता है कि गरीब लुटें और तिकड़मियों के घर भरते जाएं। रसूखदार पहुंच वाले लोगों की जमीनों के बहुआयामी उपयोग और सीधे-साधों की जमीनों पर सड़क, आमोद प्रमोद, घास, ग्रीनबेल्ट इत्यादि चिन्हित हो जाते हैं। अब रमऊराम अब अपनी जमीन ना बेच सकता है, न जी सकता है और न ही मर सकता है। दलाल अफसर व नेताओं के लिए जमीनें दिलाते हैं जिसमें उनके बड़े हिस्से होते हैं। योजना जब जनता में आती है तब ही पता चलती है, बाजार बिक जाता है तब विज्ञापन निकलता है। पर ये योजनाएं जहां बनती है उसकी पटकथा लिखने वालों से मिलकर ये जमीनें पहले खरीद ली जाती है। फिर योजना बनती है। आपके बने हुए घर के ऊपर से नक्शे में सड़क निकल जाती है अब आप अपने घर की मरम्मत तक के लिए जूते घिसते नजर आते हैं। जो जांच करेंगे जिन्हें सरकार कभी जांचें सौंपेगी उन्हें भी पहले से ही पहचान कर ये लोग सस्ती स्कीमों में उन्हें भी लाभ पहुंचा कर चुप कराना जानते हैं। पत्रकारों को भी रियायती भूखंड व अन्य सुविधाएं देकर चुप करने के प्रयास होते रहते हैं। विदेशों में सेमिनार करने, पुरस्कार पाने के भूखों के लिए ऐसे टूर प्रायोजित कर दिए जाते हैं। इन्हें टीवी अखबार पर खूब कवरेज दिया जाता है। इसलिए जन सरोकारों को ताक पर रखकर सरकार मौन रहती है जांच कुनिंदा मौन रहते हैं। टीवी अखबार मौन रहते है। कोई किसी की गलती नहीं पाता, दरअसल गलती है ही कहां? एक ही हमाम में नंगे होकर सब नहाए हुए हैं, सबके ही मुंह एक जैसे उजले हैं। कौन किसकी जांच करें, सारे ही राजा हरिश्चंद्र हैं।

मनमोहक करने वाला मां टुटला भवानी वॉटरफॉल

ब्रेन फंक्शन के लिए ओमेगा-3 रामबाण

दिमाग को हेल्दी रखने के लिए ओमेगा-3 एक आवश्यक फैटी एसिड है, जो आपके कॉग्निटिव फंक्शन को बेहतर बनाए रखने में मदद करता है। इसे आप कुछ मछली, खाने लायक बीज, अखरोट, प्लांट ऑयल और फोर्टिफाइड फूड्स खाकर प्राप्त कर सकते हैं। जो लोग किसी कारणवश डाइट में इन फूड्स को शामिल नहीं कर सकते हैं, उनके लिए इसका सप्लीमेंट भी एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है। बता दें कि कॉग्निटिव फंक्शन आपकी ब्रेन हेल्थ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। साइंस डायरेक्ट के मुताबिक, यह शरीर की वो क्षमता है, जिसे इस्तेमाल करके इंसानी दिमाग किसी चीज या जानकारी को समझता है, उस पर प्रतिक्रिया देता है, उस पर आधारित निर्णय लेता है या अनुभव बनाता है। इसमें आपकी याददाश्त, ध्यान लगाने और सीखने की क्षमता भी आती है। इन कामों के लिए ओमेगा-3 के लेवल का संतुलित रहना जरूरी है।

ओमेगा-3 से भरपूर फूड्स

ब्रेन फंक्शन को बेहतर बनाने के लिए निम्नलिखित फूड्स से ओमेगा-3 फैटी एसिड प्राप्त कर सकते हैं।

1. मछली

मछली के अंदर प्रोटीन और ओमेगा-3 भरपूर मात्रा में होता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक, यह न्यूट्रिएंट आपके दिल के स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा होता है। AHA कहता है कि हेरिंग, सैल्मन, एंकोवीज, मैकरेल (बांगड़ा) और सार्डिन आदि मछली खाकर इस पोषक तत्व को प्राप्त किया जा सकता है।

2. सीड्स

कई सारे खाने लायक बीज भी ओमेगा-3 देते हैं। NIH के मुताबिक, अलसी के बीज और चिया सीड्स इस न्यूट्रिएंट का अच्छा सोर्स साबित होते हैं। इन बीजों के अंदर प्रोटीन, फाइबर और अन्य विटामिन-मिनरल भी मिलते हैं, जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भूमिका निभाते हैं।

3. अखरोट

NCBI पर मौजूद शोध के शोधकर्ताओं ने अखरोट को दिमागी स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा माना है। यह नट ओमेगा-3 से भरपूर है, जो ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और इंफ्लेमेशन को कम करता है। शोध बताता है कि ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और इंफ्लेमेशन से एजिंग प्रोसेस तेज होता है, कॉग्निटिव फंक्शन गिरने लगता ह।

4. प्लांट ऑयल

केवल सीड्स ही ओमेगा-3 का लेवल बेहतर बनाने में मदद नहीं करते हैं, बल्कि NIH के अनुसार, प्लांट बेस्ड ऑयल के सेवन से भी आप इस फैटी एसिड को प्राप्त कर सकते हैं। फ्लैक्स सीड ऑयल, सोयाबीन ऑयल और कैनोला ऑयल जैसे प्लांट ऑयल के अंदर इस न्यूट्रिएंट की मौजूदगी होती है।

5. फोर्टिफाइड फूड

आप कुछ फोर्टिफाइड फूड्स खाकर भी इस पोषक तत्व को बढ़ा सकते हैं। NIH के अनुसार, कुछ ब्रांड्स के अंडे, योगर्ट, जूस, दूध, इफैंट फॉर्मूला और सोया बेवरेजेस ओमेगा-3 से फोर्टिफाइड होते हैं। इनके अंदर आर्टिफिशियल तरीके से ओमेगा-3 डाला जाता है। आप इन फूड्स के पैकेट के ऊपर देखकर पता कर सकते हैं कि यह ओमेगा-3 से फोर्टिफाइड है या नहीं।

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपके लिये विपरीत फलदायी रहेगा कोई भी बड़ा कार्य यथा सम्भव आज टालना ही बेहतर रहेगा अथवा ज्यादा जरूरी होने पर किसी अनुभवी के मार्गदर्शन में ही करें।

वृषः आज का दिन सार्वजनिक क्षेत्र से सम्मान दिलाएगा दिन के आरंभ में किसीकी बेतुकी बात को लेकर क्रोध में रहेगें थोड़ा बहुत गुस्सा दिन भर बना ही रहेगा।

मिथुनः आज का दिन भी सफलता वाला है लेकिन अपनी वाणी एवं व्यवहार को संतुलित रखना जरूरी है कम लाभ से संतोष करने से ही दिन का फायदा उठाया जा सकता है।

कर्कः आज का दिन भागदौड़ वाला रहेगा दैनिक कार्यो की भागमभाग में शरीर की अवहेलना बाद में भारी पड़ेगी।

सिंहः आज आपके अंदर तेज की कमी रहेगी मन मे कुछ ना कुछ भय बना रहेगा आस पास का वातावरण भी विपरीत रहेगा छोटी मोटी बातो अथवा हास्य परिहास में भी कलह होने की संभावना है।

कन्याः आज का दिन प्रत्येक कार्यो में विजय दिलाने वाला रहेगा लेकिन इसके लिये समय का सदुपयोग करना पड़ेगा परिवार में भाई बंधुओ से ईर्ष्या युक्त संबंध रहेंगे अन्य लोगो आपकी प्रगति देख वैरभाव रखेंगे।

तुलाः आज दिन के आरंभ में आप जिस कार्य को लेकर उत्साहित रहेंगे वह टलते टलते मध्यान बाद ही पूर्ण हो सकेगा। किसी भी कार्य में आज तुरंत निर्णय ले अन्यथा लाभ के अवसर का उचित फल नही मिलेगा।

वृश्चिकः आज का दिन भी आपके अनुकूल रहेगा व्यवहार में नरमी रहने से आज किसी से भी आसानी से कार्य निकाल लेंगे कार्य क्षेत्र पर आज लाभ के कई सौदे मिलेंगे।

धनुः आज का दिन अशुभ फलदायी रहेगा आज किसी ना किसी कारण से मानसिक संताप होगा। पूर्व में की किसी गलती का पश्चाताप होगा लेकिन विपरीत परिस्थिति के कारण सुधार भी नही कर सकेंगे।

मकरः आज के दिन आर्थिक उन्नति के योग बन रहे है लेकिन साथ ही सामाजिक क्षेत्र पर बदनामी अथवा किसी मामूली बात का बतंगड़ बनने से सम्मान हानि की भी सम्भवना है।

कुंभः आज आपका मन संतोषी रहने पर भी अन्य लोगो से स्वयं की तुलना करने पर बेचैन रहेगा। कार्य व्यवसाय से भी कोई सकारात्मक परिणाम नही मिलेगा। धन की आमद कम और खर्च अधिक रहने के कारण आर्थिक संतुलन गड़बड़ायेगा।

मीनः आज का दिन शुभ फलदायक रहने पर भी आप इसका पूर्ण लाभ नही उठा पाएंगे। आपका स्वभाव अन्य लोगो के प्रति लापरवाह और रूखा रहेगा केवल स्वार्थ पूर्ति हेतु ही व्यवहार रखेंगे।

QUIZ TIME

1) कौन-सी फिल्म अंतरिक्ष में शूट की जाने वाली पहली फीचर फिल्म है?

2) आर्कटिक परिषद किस घोषणा के माध्यम से बनाई गई थी?

3) विलिंगडन आइलैंड, भारत के किस शहर में स्थित है?

4) अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस हर साल कब मनाया जाता है?

5) धनौरी वेटलैंड, जो खबरों में देखा गया था, किस राज्य में स्थित है?

Ramaquiz



उत्तरमाला- (1) द चैलेंज (2) ओटावा घोषणा (3) कोच्चि (4) 26 जनवरी (5) उत्तर प्रदेश

पहेली

शब्द सामर्थ्य -323



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 322 का हल

जुंबा-योग महोत्सव का भव्य समापन, 1200 लोगों ने एक साथ किया योग

बालोद / नवप्रदेश। गुरु ग्रेस योग एंड वेलनेस टीम और जिला प्रशासन बालोद के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय जुंबा और योग के अनूठे संगम कार्यक्रम का अंतिम दिवस ऐतिहासिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर लगभग 1200 बालोदवासियों ने एक साथ योगाभ्यास कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ के चेयरमैन तोमन साहू उपस्थित रहे। अध्यक्षता डॉ प्रदीप जैन (चेयरमैन, इंडियन रेडक्रॉस जिला बालोद) ने की। विशेष अतिथि वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ महीश्वर, खनिज संघ जिलाध्यक्ष चेतन पटेल, पार्षद सुमित शर्मा व वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश निर्मलकर उपस्थित रहे।

योग प्रशिक्षक धीरज शर्मा ने जुंबा डांसिंग अभ्यास से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डांसिंग बीट्स पर प्रतिभागियों ने जमकर पसीना बहाया। इसके बाद सूर्य नमस्कार, विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। गुरु ग्रेस योगा एंड वेलनेस की योगिनियों ने प्रतिदिन मंच से डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किए। आयोजन में प्रशासनिक अधिकारी,

पुलिस जवान, पत्रकार, व्यापारी वर्ग तथा स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बालोद के अलावा दुर्ग, भिलाई, दल्ली राजहरा, अर्जुंदा और लोहारा से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

योग स्थल पर अलग-अलग श्रेणियों के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई थी। करीब डेढ़ घंटे चले योगाभ्यास के बाद आयुष विभाग की ओर से अंकुरित अनाज व स्वास्थ्यवर्धक काढ़ा वितरित किया गया। कार्यक्रम में लकी ड्रा के माध्यम से बेस्ट ड्रेसअप और बेस्ट परफॉर्मेंस (महिला व पुरुष वर्ग) के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। डॉ. प्रदीप जैन ने योग के वैज्ञानिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए सभी को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि तोमन साहू ने कहा कि यह आयोजन बालोद के लिए प्रेरणादायी है और भविष्य में 21 हजार से अधिक लोगों की सहभागिता के साथ इससे भी बड़ा आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में जिला प्रशासन, रेडक्रॉस सोसायटी, पंजाब नेशनल बैंक, एसआर लैब का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम संचालक धीरज शर्मा ने सभी सहयोगियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

न्यूज गैलरी

सिंघोला में उदित मुनि नाम साहब के आगमन को लेकर बैठक आयोजित

राजनांदगांव । नव प्रदेश/ सतगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली मिशन के अंतर्गत 22 फरवरी को कबीर कुटी मिनी स्टेडियम सिंघोला में दोपहर 1 बजे से बैठक का आयोजन किया गया। उदित मुनि नाम का आगमन 10 व 11 मार्च को धर्मनगरी सिंघोला जिला राजनांदगांव में होगा। आगमन की तैयारी के लिये मिशन की मीटिंग बुलाई गई है। मीटिंग में सिंघोला, सुरगी परिक्षेत्र, टेडेसरा परिक्षेत्र, राजनांदगांव नगरीय क्षेत्र, डौंडीलोहारा परिक्षेत्र, एसकेडीवी मिशन के पदाधिकारी महंत, संत, माता महिला मंडल, नवयुवक मंडल के साथी व समस्त ग्रामवासियों से उपस्थिति की अपील की गई है।

मनगटा में आज रक्तदान शिविर

राजनांदगांव / नव प्रदेश । ग्राम मनगटा में युवा संगठन और समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में विशाल रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हाई स्कूल प्रांगण में 22 फरवरी को सुबह 10 से 5 तक किया जाएगा। मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख व जनपद सदस्य मोहनीश धनकर, शुभम पांडे, दुष्यंत धनकर जनपद सदस्यगण और वैद्यनाथ सिंह सरपंच के साथ आसपास के समस्त सरपंच भी उपस्थित रहेंगे। रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जागरूक युवा मंच द्वारा किया जा रहा है। यह जानकारी अध्यक्ष नेमू चंद्र साहू, संतोष साहू ने दी है।

ईस्ट जोन विजी ट्रॉफी में कृतेश का चयन

महासमुंद/नवप्रदेश। टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के क्रिकेटर कृतेश साहू का चयन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित वीजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए ईस्ट जोन टीम में किया गया है। यह चयन न केवल कृतेश की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि टर्मिनेटर इंटरनैशनल क्रिकेट एकेडमी के समर्पित प्रशिक्षण और उत्कृष्ट खेल संस्कृति का भी प्रमाण है। विज्जी ट्रॉफी देश की प्रमुख अंतर-क्षेत्रीय (इंटर-जोनल) क्रिकेट प्रतियोगिताओं में से एक है, जिसमें पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और मध्य जोन की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलता है। इस प्रतियोगिता में चयनित होना किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है, क्योंकि यह राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का सशक्त मंच प्रदान करता है। कृतेश ने कटक में आयोजित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी के कप्तान के रूप में खेलते हुए पहले मैच में घासीदास विश्व विद्यालय के खिलाफ 59 बॉल में 124 रन की पारी खेली। दूसरे मैच में रांची यूनिवर्सिटी के खिलाफ51 बॉल में 101 रन की पारी की बदौलत वीजी ट्रॉफी टीम में अपनी जगह बनाई।

स्कूटी से गांजा ले जाते दो अंतराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। एंटी नारकोटिक टॉस्क फोर्स और पुलिस ने स्कूटी सवार दो लोगों के कब्जे से गांजा बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली थी थी कि टीवीएस जूपिटर क्रमांक सीजी 04 क्यूवी 1435 में दो व्यक्ति गांजा परिवहन कर रहे हैं। बाद पुलिस ने एनएच 53 मेन रोड मंडी के पास ग्राम जोगीडीपा पहुंचकर उक्त स्कूटी को रोका। पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम खैराटोला रूपहीटाड़ थाना भीतहा जिला पश्चिम चंपारण, बिहार हाल निवास कमल होटल कमल विहार बजरंग चौक के पास रायपुर निवासी कलनाथ कुशवाहा उर्फ कमलेश (32) व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम छितौनी भीमनगर थाना हनुमानगंज जिला कुशीनगर उत्तर प्रदेश हाल निवास कमल होटल कमल विहार बजरंग चौक के पास रायपुर निवासी राजकुमार यादव (40) बताया। आरोपियों से पुलिस ने साढ़े 24 किलो गांजा कीमत (करीब 12.25 लाख) बरामद किया। आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड जेल भेजा है।

जल संकट : निस्तारी के लिए नहर नाली से जल उपलब्ध कराने की मांग

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मानिक साहू ने ग्रामीणों और पशुधन की निस्तारी के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। उन्होंने कलेक्टर को प्रेषित पत्र में कहा कि तुमगांव स्थित भोरिंग नहर नाली से निस्तारी जल उपलब्ध कराने की अत्यंत आवश्यकता है। वर्तमान में भोरिंग स्थित आवासीय एकलव्य विद्यालय में जल आपूर्ति गंभीर रूप से बाधित हो गई है, जिससे विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पेयजल व दैनिक उपयोग के पानी के लिए विद्यालय परिसर से बाहर जाना पड़ रहा है। विद्यालय प्रबंधन को टैंकर के माध्यम से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है, जो अस्थायी एवं खर्चीली व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त अछोली बेलटुकरी, अछोला, जोबा, गढ़मीवनी, मालीडीह, पिरदा, गुडरूडीह सहित आसपास के सैकड़ों ग्रामों में भी गर्मी प्रारंभ होते ही जल संकट गहराने लगा है। क्षेत्र में निस्तारी जल उपलब्ध न होने से ग्रामीणों एवं मवेशियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

छत्तीसगढ़ को हर्बल ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा बोर्ड: मरकाम

नगरी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, औषधीय पौधों के संरक्षण, संवर्धन, खेती, विपणन और अनुसंधान के लिए की गई थी। यह बोर्ड गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री सुनिश्चित करने, किसानों के लिए सब्सिडीऔर औषधीय क्षेत्र के विकास के लिए नीतियां लागू करता है। छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री विकास मरकाम ने कल जिला धमतरी में बोर्ड के सहयोग से संचालित विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। अध्यक्ष श्री मरकाम ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप और वन मंत्री श्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन के विजन 2047 के अंतर्गत राज्य को भारत का हर्बल ग्रोथ इंजन बनाने के लिए बोर्ड मिशन मोड में कार्य कर रहा है।औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री मरकाम ने निरीक्षण के दौरान नदियों के किनारे खस की खेती, लेमनग्रास और ब्राम्ही की खेती, बाड़ी योजना के अंतर्गत लगाए गए सिंदूरी पौधारोपण सहित अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। श्री मरकाम ने औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती कर रहे किसानों और महिला स्व-सहायता समूहों से उनके खेतों में जाकर मुलाकात की। उन्होंने किसानों से चर्चा कर जाना कि शासन की ओर से उन्हें और किस प्रकार की सहायता की आवश्यकता है। इस दौरान महिलाओं और किसानों ने उत्साहपूर्वक कहा कि अब छत्तीसगढ़ में खेती करने में सम्मान और बेहतर आय दोनों मिल रहे हैं।अध्यक्ष मरकाम ने जानकारी दी कि पिछले दो वर्षों में बोर्ड ने कई नवाचार मॉडल शुरू किए हैं। इनमें बाड़ी औषधीय पौधारोपण के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, पंचायतों की खाली भूमि पर स्व-सहायता समूहों द्वारा औषधीय खेती (कन्वर्जेन्स मॉडल), कस्टम फार्मिंग मॉडल के तहत निजी निवेशकों के सहयोग से औषधीय खेती, पैडी डायवर्सन मॉडल के माध्यम से धान की जगह वच और ब्राम्ही जैसी लाभकारी फसलों का उत्पादन, नदियों के किनारे अनुपयोगी भूमि पर खस जैसी सुगंधित फसलों की खेती तथा ग्रामीण चारागाह भूमि को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है और राज्य जल्द ही किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य प्राप्त करेग फील्ड विजिट के दौरान बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जे.ए.सी.एस. राव भी उपस्थित रहे। उन्होंने अध्यक्ष श्री विकास मरकाम तथा ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि बोर्ड आने वाले समय में और अधिक तेजी से कार्य करेगा।

सीएम के जन्मदिन पर भाजपा महिला मोर्चा ने पूजा-अर्चना कर रोपे पौधे

कवर्धा / नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन के अवसर पर आज भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी तिवारी के नेतृत्व में जिला मोर्चा की सदस्यों ने समनापुर स्थित शनि मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण किया। पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए एक वृक्ष एक जीवन की भावना के साथ पौधे रोपे। महिलाओं ने मुख्यमंत्री के दीर्घायु, स्वस्थ और सफल जीवन की कामना की।

महिला मोर्चा की सदस्यों ने भोरमदेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का सामूहिक अभिषेक किया। पूजा-अर्चना की गई। वैदिक मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ प्रदेश की सुख-समृद्धि, विकास और मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की कामना की गई।

महिला मोर्चा ने वृद्धाश्रम में माताओं और बुजुर्गों को फल वितरण किया। सेवा कार्य के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि सेवा और संस्कारों से जुड़ा एक परिवार है।

भाजपा सरकार की शराब नीति देश की सबसे खराब नीति : विपिन यादव

राजनांदगांव । नव प्रदेश/ जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने बयान जारी कर भाजपा सरकार की शराब नीति पर करारा प्रहार किया है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की शराब नीति आर्थिक और मानसिक दिवालियापन को प्रदर्शित करती है। छत्तीसगढ़ सरकार को केवल शराब के व्यवसाय से राजस्व अर्जित करना है, उसे देश की परम्पराओं, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों से कोई सरोकार नहीं रह गया है।

विपिन ने कहा कि पूर्व में यह परंपरा रही है कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर पूरे देश में शराब दुकानें बंद रखी जाती थी।

भाजपा सरकार ने आजादी के बाद से चली आ रही गौरवशाली परम्परा को तोड़ दिया। गांधी जी की पुण्यतिथि पर शराब विक्रय की अनुमति देकर उनके आदर्शों और राष्ट्रपिता के सम्मान का घोर अपमान किया गया है। उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का पावन पर्व है। ऐसे शुभ अवसर पर शराब दुकानें खोलने का फैसला विष्णु देव साय की भाजपा सरकार की समाज के हितों के विपरीत है। यह सामाजिक वातावरण को बिगाड़ सकता है। त्योहारों की पवित्रता को राजस्व की दृष्टि से देखना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। शराब बिक्री के कारण कोई भी अप्रिय या आपराधिक घटना घटित होती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। विपिन यादव ने प्रश्न किया कि वर्षों से चली आ रही परम्पराओं को तोडने् की आवश्यकता आखिर क्यों पड़ी? क्या शराब से राजस्व अर्जित करना ही सरकार का मुख्य उद्देश्य रह गया है?

जनगणना 2027 के लिए प्रशिक्षण आयोजित

राजनांदगांव । नव प्रदेश/ आगामी जनगणना 2027 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रथम चरण अंतर्गत द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह की उपस्थिति में जनगणना की प्रक्रिया, हाउस लिस्टिंग, हाउसिंग सर्वे और मैपिंग के बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने अधिकारियों को जनगणना के चरणों, डिजिटल माध्यम से डेटा संग्रह, घर-घर सर्वेक्षण की प्रक्रिया, गोपनीयता बनाए रखने और समयबद्ध कार्य निष्पादन के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

राज्य स्तरीय ट्रेनर सहायक निदेशक कविन्द्र रंगारी ने प्रशिक्षण में जनगणना 2027 के कार्यों की बारीकियों की जानकारी विस्तार से दी। जिले में दो चरणों में जनगणना का कार्य होगा। पहले चरण में मकान का सूचीकरण व मकानों की गणना का कार्य किया जायेगा। द्वितीय चरण फरवरी 2027 में संपन्न होना है। इस बार जनगणना का कार्य डिजिटल रूप से मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़ों का संकलन कर किया जाएगा। यह भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी। प्रशिक्षण सत्र में राज्य स्तरीय ट्रेनर्स द्वारा जनगणना के उद्देश्य, मोबाइल व डिजिटल एप के उपयोग से डेटा संकलन की विधि, लेआउट मानचित्र और सर्वे के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।

प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर सटीक व अपडेट जानकारी संकलित करना आवश्यक है। जनगणना कार्य पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न करने कहा गया।

संबलपुर हाईस्कूल में छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह

बालोद। नव प्रदेश/ विकासखंड डौंडी लोहारा अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल संबलपुर में कक्षा 10 वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के साथ किया गया, जिसके बाद समारोह की औपचारिक शुरुआत हुई। कक्षा 9 वीं के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों का गुलाल-अक्षत तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया और डायरी और पेन भेंट कर सम्मान किया।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए पर्ची निकालकर विभिन्न रोचक गतिविधियां कराई गईं, जिससे माहौल आनंदमय रहा। राज्यपाल पुरस्कृत प्राचार्य दयालूराम पिकेश्वर ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों ने अपने परिश्रम, अनुशासन और लगन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। जीवन में सफलता का मूल मंत्र निरंतर मेहनत, सकारात्मक सोच और अच्छे संस्कार हैं। जीवन में चुनौतियां आएंगी, लेकिन आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से हर बाधा को पार किया जा सकता है। विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता वायपी आर्य, रामकृष्ण यादव, रीता चौरसिया, प्रीति साहू, मनीषा बेर सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया।

राजगामी संपदा वैष्णव राजा दिग्विजय दास की धरोहर

अध्यक्ष पद पर वैष्णव समाज का दावा

राजनांदगांव / नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक चेतना और लोकहित की परंपरा का गौरवपूर्ण अध्याय रहे वैष्णव परंपरा के महान शासक राजा दिग्विजय दास द्वारा जनकल्याण के लिए समर्पित राजगामी संपदा को लेकर अब प्रदेश में नई बहस छिड़ गई है।संत समाज, अखाड़ा परिषद से जुड़े महंतों और वैष्णव समाज के प्रबुद्धजनों ने संयुक्त रूप से मांग की है कि राजगामी संपदा के अध्यक्ष पद पर वैष्णव समाज के प्रतिनिधि की नियुक्ति की जाए।वैष्णव संस्कारों से अनुप्राणित राजा दिग्विजय दास ने हजारों करोड़ की भूमि, महल और संपत्तियाँ लोकहित के लिए समर्पित कर देश में अनूठी मिसाल पेश की थी।

असफलता से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए

दो टॉपर बच्चों को हेलीकॉप्टर की सैर कराएंगे सरपंच संकेत

भाटापारा/ नवप्रदेश। ग्राम पंचायत गुड़ेलिया के सरपंच संकेत अग्रवाल ने परीक्षा पे चर्चाकरते हुए बच्चों का उत्साह वर्धन किया और टॉप करने वाले 2 बच्चों को अपने मानदेय राशि से हेलीकाफ्टर में सैर कराने की घोषणा की। उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसा आयोजन विद्यार्थियों को न केवल परीक्षा के लिए तैयार करता है, बल्कि उनके मन में उत्पन्न होने वाले भय और तनाव को भी कम करता है। आज के समय में परीक्षा को लेकर बच्चों में चिंता और घबराहट सामान्य बात हो गई है। ऐसे में यदि ग्रामीण स्तर पर ही उत्साह व मार्गदर्शन मिल जाए तो विद्यार्थियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ जाता है। सरपंच संकेत अग्रवाल ने राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद को प्रेरणा दायक बताया और कहा कि जब सरपंच गाँव के विद्यार्थियों से सीधे बातचीत करते हैं, तो बच्चो को यह महसूस होता है कि पूरा गांव उनके साथ खड़ा है।



ऊर्जा शाक्ति व उत्साह वर्धन से भरे चर्चा में सरपंच ने विद्यार्थियों को बताया कि परीक्षा जीवन का केवल एक छोटा सा हिस्सा है, न कि पूरी जिंदगी। उन्होंने समझाया कि असफलता से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने समय प्रबंधन के महत्व को समझाते हुए कहा कि नियमित अध्ययन, सही योजना और अनुशासन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

सरपंच ने विद्यार्थियों को यह भी सलाह दी कि वे मोबाइल और अन्य व्यर्थ गतिविधियों से दूरी बनाए रखें तथा अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें, बल्कि उनका मनोबल बढ़ाएँ और सकारात्मक वातावरण प्रदान करें।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न पूछे और अपनी समस्याएँ साझा कीं। सरपंच ने धैर्यपूर्वक उनके प्रश्नों के उत्तर दिए और उन्हें अपने जीवन के विकास व उज्वल भविष्य के लिये निरंतर कोशिश करने की प्रेरणा दी। सरपंच संकेत अग्रवाल ने卐आगे कहा कि परीक्षा पे चर्चा卐 जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने और उन्हें सफलता की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गाँव के सरपंच का यह कदम शिक्षा के प्रति उनकी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए टॉप 2 बच्चों को हेलीकाफ्टर से सैर कराने की घोषणा की,जिससे बच्चे बहुत खुश हुए।

अस्पतालों के ऑपरेटरों को मिला प्रशिक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की ऑनलाइन रिपोर्टिंग व्यवस्था को अधिक सटीक, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन एक नीजि हॉटल में किया गया। जिले के समस्त निजी नर्सिंग होम एवं अस्पतालों में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर तकनीकी दक्षता और मजबूत किया।कार्यशाला में प्रतिभागियों को आरसीएच 2.0 पोर्टल, पीपीएनडीटी पोर्टल, एचएमआईएस पोर्टल, ई-कल्याणी एवं ऑनलाइन फॉर्म एंट्री जैसे महत्वपूर्ण मॉड्यूल्स पर विस्तृत तकनीकी जानकारी के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

न्यूज गैलरी

एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने परीक्षा केंद्र जाकर परीक्षार्थियों को दी शुभकामनाएं

साजा/नवप्रदेश। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाली सभी परीक्षार्थियों को एबीवीपी साजा के कार्यकर्ताओं ने परीक्षा केंद्र में जाकर तिलक लगाकर उनका उत्साहवर्धन कर आत्मविश्वास एवम मनोबल बढ़ाया गया। और परीक्षा में अच्छे अंकों से सफल होने तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया गया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा की आपने पूरे वर्ष मेहनत और लगन से पढ़ाई की है, अब समय है आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने का। आप पूरे एकाग्रता और शांत मन से परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन करें और अपना सर्वश्रेष्ठ दें। सभी विद्यार्थी अच्छे अंको के परिणाम के साथ अपने माता-पिता एवं अपने शिक्षकों का नाम रोशन करें। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद साजा आपकी उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

राज मड़ाई मेला 23 को

धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज कुंरा द्वारा राज मड़ाई मेला 23 फरवरी को रायपुर में आयोजित है जिसे सफल बनाने आमंत्रण पत्र वितरण हेतु प्रभारी नियुक्त किये गए हैं . कूंरा राज धोबी समाज अध्यक्ष मिहेश निर्मलकर ने बताया कि ग्राम- कूंरा के लिए बसंत रजक , संतोष रजक , पूनाराम , पवन , रामजी , एवं गरीबा , पंढरभट्ठा , मुर्रा एवं भैंसमुड़ा के लिए चुम्मन एवं देवा , घरसीवां से .लक्ष्मीकांत , रामेश्वर , संतोष , चरोदा से प्रेमलाल , सिलतरा से तुकाराम , मनोज , गिरोद से रामकुमार , कौशल टेकारी से अशोक कुमार , नरेंद्र कुमार , सांकरा , निमोरा , कुम्हारी के लिए मनसुख , गुमां से जगदीश बिरगांव के लिए सरोजिनी , पार्वती , माँढर शिव कुमार , कुकेरा लक्ष्मण प्रसाद , परसतराई रमशनी , भनपुरी डॉ देवेंद्र , खमतराई सूरज , श्रीमती मन्ता , उरकुरा मिलचंद , शत्रुघ्न , रुपूराम एवं मनोज , दोनदे से अशोक कुमार को आमंत्रण प्रभारी नियुक्त किए गए है ।

हटरी बाजार में चोरों का आतंक, एक ही रात में पांच दुकानों के टूटे ताले

भाटापारा/ कूंरा/नवप्रदेश। शहर के अति व्यस्त इलाके हटरी बाजार सब्जी बाजार में चोर इन दिनो आतंक मचाये हुये है और एक के बाद एक चोरी की घटना को रूक रूककर अंजाम दे रहे है। जिसके कारण व्यापारियो में काफी दहशत व्याप्त है। अज्ञात चोरो ने हटरी बाजार के पुराना बाबूलाल गुप्ता होटल जो वर्तमान मे होटल के स्थान पर खाई खजाना दुकान के रूप मे राजगुप्ता द्वारा संचालित है। वहा अज्ञात चोरो ने शटर के रास्ते से दुकान में रखे 7270 रूपये को पार कर दिया। इस घटना की रिपोर्ट राज गुप्ता ने लिखित में शहर पुलिस को दी है। अन्य जानकारी अनुसार चोरो ने शुक्रवार शनिवार रात्रि के दरिम्यान फिर एक बार हटरी बाजार सब्जी बाजार मे धावा बोलते हुये तरेंगा गांव निवासी कांदी बाई पटेल, छोटू पटेल व चोवाराम पटेल की दुकान को निशाना बनाते हुये दुकान में रखे हुये लगभग 30 हजार रूपये को चुरा ले गये। इसी तरह गंगू ठाकुर नामक दुकान से 400 रूपये की भी चोरी को अंजाम दिया गया। लगातार चोरी की घटना से परेशान हटरी बाजार के व्यवसायियो ने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौपते हुये कहा है कि बीते एक सप्ताह से लगातार रात्रिकालीन चोरी की घटनाएं हो रही हैं। बीति रात्रि में लगभग 5 दुकानों के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की गई है। यह अत्यंत निंदनीय एवं गंभीर घटना है, जिससे समस्त व्यापारियों में भय एवं आक्रोश का वातावरण व्याप्त है। लगातार हो रही इन घटनाओं के कारण व्यापार करना कठिन होता जा रहा है तथा व्यापारियों की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। हटरी बाजार व्यापारिक संघ ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है वही हटरी बाजार क्षेत्र में कम से कम दो पुलिस जवानों की रात्रिकालीन स्थायी ड्यूटी लगाने की मांग की है।

विधायक अनुज शर्मा ने मितानिन और स्वच्छता दीदीयों का किया सम्मान

धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश। आज पद्म श्री अनुज शर्मा विधायक धरसीवा के हाथों हीरा ग्रुप के द्वारा धरसीवा में संचालित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र, प्रशिक्षण किट एवं मितानिन व स्वच्छता दीदीयो को सम्मानित किया गया। गोदावरी पावर एवं इस्पात लिमिटेड के द्वारा निगमित सामाजिक सरोकार के अंतर्गत ग्राम पंचायत धरसीवा में

संचालित टेलरिंग एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में आज पद्म श्री अनुज शर्मा विधायक धरसीवा के हाथों बैच 2 को प्रशिक्षण पश्चात प्रमाण पत्र वितरण एवं बैच 3 शुभारंभ के अवसर पर प्रशिक्षण किट बैग प्रदान किया गया।

तत्पश्चात मितानिन को साड़ी श्रीफल एवं स्वच्छता दीदीयो को साड़ी श्रीफल लाइव जैकेट देकर सम्मानित किया गया। इस प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षित महिलाएं रायपुर पंडरी कपड़ा मार्केट से रेडीमेड गारमेंट कच्चा माल लाकर प्रशिक्षण केंद्र में स्वयं तैयार कर मार्केट खुद ही पहुंचा रहे हैं और महिलाएं अब इससे आत्मनिर्भर हो रही हैं। सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन छ्स्क्र विभाग, गोदावरी पावर एवं इस्पात लिमिटेड के द्वारा अपने ट्रेनिंग पार्टनर उषा इंटरनेशनल लिमिटेड एवं वेस्ट टू बेस्ट वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी के माध्यम से किया जा रहा है।

केक काटकर मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया

कार्यक्रम के अंत में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रीविष्णु देव साय जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में केक काटकर सभी ने खुशियां मनाया एवं मुख्यमंत्री जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देकर सभी लोग उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना किया।

जहां चाहे अचानक मोड़ देते हैं, सड़क के बीचों-बीच गाड़ी कर देते हैं खड़ी, यातायात विभाग भी मौन

वेयरहाउस के सामने बेतरतीब ट्रकों से हो सकता है बड़ा हादसा!

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा के झलप मार्ग स्थित वेयरहाउस गोदाम डिपो के सामने सड़क पर कभी मी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। भारी वाहनों की लापरवाही पूर्वक आवाजाही और बेतरतीब खड़े ट्रकों ने सड़क को जानलेवा मोड़ में बदल दिया है। ट्रांसपोर्टरों की जल्दबाजी और पहले निकलने की होड़ में ट्रक चालक बिना संकेत दिए कही भी अचानक ट्रक मोड़ देते हैं, बीच सड़क पर ही ट्रक खड़ा कर देते हैं और अन्य वाहनों को रास्ता देने की जरूरत तक नहीं समझते। इसका खामियाजा आम नागरिकों, खासकर छात्र-छात्राओं, दोपहिया चालकों और राहगीरों को अपनी जान जोखिम में डालकर भुगतना पड़ रहा है।

नगर के एकमात्र महाविद्यालय की सीमा से लगे इस वेयरहाउस डिपो में प्रवेश के लिए दिनभर भारी वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है। नेशनल हाईवे से महज दो-ढाई किलोमीटर दूर स्थित इस सड़क पर ट्रकों की भीड़ से सड़क और संकरी हो जाती है। कार, बाइक और साइकिल सवारों को ट्रकों के बीच से निकलना पड़ता है, जहां जरा सी चूक जानलेवा साबित हो सकती है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि माल जल्द पहुंचाने और समय बचाने के दबाव में ट्रांसपोर्टर नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। पास ही स्थित कॉलेज के हजारों छात्र-छात्राओं की रोजाना आवाजाही से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। सुबह और दोपहर के समय जब छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में आते-जाते हैं, तब हालात और भयावह हो जाते हैं।

चिंताजनक बात यह है कि इतने संवेदनशील मामले में न तो पुलिस की सक्रियता नजर आ रही है और न ही वेयरहाउस प्रबंधन की जवाबदेही। हालात इतने खतरनाक हो चुके हैं कि किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इस संबंध में वेयरहाउस प्रभारी से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नही हो पाया।

सड़क के किनारे बने बड़े-बड़े गड्ढे

स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं सड़क के किनारे बने बड़े-बड़े गड्ढे। डामर पट्टी के अगल-बगल उखड़ी सड़क साइड लेने-देने के दौरान खतरे को कई गुना बढ़ा देती है। ऊपर से उड़ती धूल के कारण दृश्यता कम हो जाती है, जिससे हादसे की आशंका हर समय बनी रहती है।

धूम्रपान मुक्त आदर्श पंचायत बनाने का लिया संकल्प

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बेलसोंडा को धूम्रपान मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करने के उद्देश्य से ग्राम स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर जागरूकता बैठक का आयोजन भी किया गया। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती नीलू धृतलहरे एवं जिला नोडल अधिकारी (एनटीसीपी) डॉ. छत्रपाल चंद्राकर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, शिक्षा विभाग के संकुल समन्वयक, शिक्षकगण, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीणजन एवं छात्र-छात्राओं ने भागीदारी निभाई। बैठक के दौरान पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही नशा मुक्ति केंद्र की सेवाओं, कोटपा अधिनियम की प्रमुख धाराओं, मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन तथा टीबी मुक्त पंचायत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। ग्राम पंचायत को धूम्रपान मुक्त घोषित करने के निर्धारित मापदंडों को समझाते हुए संबंधित आईईसी सामग्री का वितरण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों को शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की गईं।

मांढर मंडल की प्रथम बैठक संपन्न

धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश। मांढर मंडल की प्रथम बैठक गिरौद पर स्थित मनवा कुर्मी भवन में मांढर मंडल कांग्रेस कमेटी की प्रथम बैठक उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम में भावेश बघेल (अध्यक्ष प्रदेश कार्यकारी ओबीसी) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की एकजुटता ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने जोर दिया कि जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वर्मा ने संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए मंडल स्तर पर बूथ सशक्तिकरण एवं जनसंपर्क अभियान को और तेज करने का आह्वान किया। मांढर मंडल अध्यक्ष पंकज नायक ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए आगामी रणनीति प्रस्तुत की और मंडल को सक्रिय एवं मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।जिसमे पूर्व विधायक अनीता शर्मा,ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वर्मा,भावेश बघेल,डोमेश्वरी वर्मा,साहिल ख़ान,मंजू वर्मा,अश्वनी कुमार वर्मा,पंकज नायक,घनश्याम वर्मा,हरिशंकर निषाद,बुधराम जी,कैलाश जैशवाल,नीलाम्बर वर्मा,जेठूराम,धनसार,कमलेश,चंद्रका,गीरेन्द्र वर्मा,कमल,शंभुलाल वर्मा,कमलेश सेन,राजू सयतोड़े,बालिकराम निषाद (मुन्नू जी),यशवंत वर्मा,उषा वर्मा,नीतू साहू,लोकेश्वरी वर्मा,गोपी साहू,प्रेम यादव, आदि उपस्थित थे।

होली मनाने लौट रहे श्रमिक, ट्रेनों में भीड़

भाटापारा/नवप्रदेश। विभिन्न ट्रेनो में इन दिनो काम की तलाश मे बाहर राज्यो की ओर गये ग्रामीण व मजदूर अब होली के प्रमुख त्यौहार मनाने अपने घर की ओर लौट रहे है जिसके कारण तमाम ट्रेनो में भारी भीड़ का माहौल दिख रहा है, खासकर जनरल बोगियो में तो सीट पाने के लिए धक्का मुक्की का माहौल देखा जा रहा है।

नगरीय प्रशासन मंत्री से दो विकास कार्यों के लिए मिली 1.99 करोड़ की स्वीकृति

डोंगरगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार के नेतृत्व में नगरीय विकास को नई गति मिल रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की जनकल्याणकारी सोच तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में नगर पंचायत डोंगरगांव को बड़ी सौगात मिली है। अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी के सतत प्रयासों एवं नगर पंचायत परिषद की एकजुट पहल से लगभग 1 करोड़ 99 लाख 70 हजार रुपये के दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों को शासन से स्वीकृति प्राप्त हुई है।

स्वीकृत कार्यों में वार्ड क्रमांक 02 हाट बाजार (सब्जी बाजार परिसर) निर्माण कार्य हेतु लगभग 1 करोड़ 49 लाख 70 हजार रुपये तथा वार्ड क्रमांक 09 करियाटोला में मंगलिक भवन निर्माण कार्य हेतु 50 लाख रुपये शामिल हैं। इन कार्यों से जहां व्यापारिक गतिविधियों को सुदृढ़ आधार मिलेगा, वहीं सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए भी बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने इस उपलब्धि को प्रदेश सरकार की विकासोन्मुख नीति और परिषद की सामूहिक प्रतिबद्धता का परिणाम बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास की भावना के अनुरूप नगरीय क्षेत्रों में निरंतर विकास कार्यों को गति दे रही है।

अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने कहा कि यह सफलता केवल व्यक्तिगत प्रयास का परिणाम नहीं है, बल्कि नगर पंचायत की पूरी परिषद, सभी पार्षदों, अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से संभव हुई है। परिषद के सभी सदस्यों ने प्रस्ताव तैयार करने से लेकर स्वीकृति तक सक्रिय भूमिका निभाई।

एसआईआरः महासमुंद जिले में 8698 मतदाता पंजीकृत, 5547 मतदाताओं का नाम विलोपित

■ प्रारंभिक प्रकाशन में राजनीतिक दलों को दी गई जानकारी

महासमुंद/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिला-महासमुंद में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जिले में 27 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ हुआ। उपजिला निर्वाचन अधिकारी सचिन भूतड़ा ने आज राजनीतिक दलों की बैठक लेकर बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में कुल 1083 बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किया गया एवं और मतदाताओं के मिलान और मैपिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया है। उक्त कार्य में जिले के कर्मचारियों, वालेन्टियर्स, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधयों एवं बीएलए का सहयोग रहा।

निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 को किया गया। बाद 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 के बीच दावा/आपत्ति प्राप्त की गई एवं 14 फरवरी 2026 तक निराकरण किया गया। प्रारंभिक प्रकाशन के बाद जिले में कुल 8698 मतदाता पंजीकृत हुए एवं 5547 मतदाताओं का नाम विलोपित हुए।

जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को जिले के समस्त मतदान केन्द्रों की 21 फरवरी 2026 को प्रकाशित अंतिम फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों की हार्डकॉपी और फोटो रहित निर्वाचक नामावली की ईमेज पीडीएफ की सॉफ्टकॉपी सी.डी. आज बैठक के दौरान प्रदान की गई। मतदाता अपना नाम निम्न माध्यमों से जांच सकते हैं। बीएलओ के माध्यम से,जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय / ईआरओ/ एईआरओ कार्यालय से, यदि किसी मतदाता के नाम/पता में त्रुटि हो, या पता में परिवर्तन कराना हो या उन्हें अपना नाम अन्यत्र स्थानांतरण करवाना हो तो वे फार्म-8 भर कर बीएलओ या ईआरओ को दे सकते हैं।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर किया फल वितरण

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ प्रदेश के आव्हान पर मोर्चा के जिलाध्यक्ष महाबल बघेल के नेतृत्व में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से जिलाध्यक्ष महाबल बघेल ने मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित किया कि - आपके कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ प्रदेश समृद्धशाली बने व छत्तीसगढ प्रदेश मोदी जी के विकसीत भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान करें।

पेज एक का शेष

लखमा को शर्तों के साथ...

भी जिक्र किया जो इस बजट सत्र में पेश होने की संभावना है। वहीं बजट सत्र 23 फरवरी से 20 मार्च तक चलेगा जिसमें कुछ 15 बैठकें प्रस्तावित है। इस सत्र में वर्तमान में दो हजार से भी ज्यादा प्रश्न आ चुके हैं। सत्र के दौरान महत्वपूर्ण 12 विधेयक पेश किए जाने की तैयारी है।

ट्रेड डील में कोई बदलाव ...

सरकार ने कहा है कि वह पूरे मामले को ध्यान से देख रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी प्रशासन ने जो भी नए कदम उठाए हैं, उनके भारत पर क्या असर पड़ सकते हैं, इसका आकलन किया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार, शुक्रवार को आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले और ट्रम्प की प्रेस कॉन्फ्रेंस को नोट किया गया है। अमेरिका की ओर से कुछ फैसलों की घोषणा भी की गई है।

भारत-अमेरिका व्यापार...

है कि अगर एक देश शर्तों में बदलाव करता है, तो दूसरा देश भी ऐसा कर सकता है।

उन्होंने बताया कि रेसिप्रोकल टैरिफ को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से अमान्य कर दिया है। फैसले में साफ कहा गया है कि ट्रंप को इस प्रकार के टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं था, क्योंकि यह अमेरिकी कानून और संविधान के खिलाफ था।

आरंग में सड़क हादसा...

से टकराई, जिससे हादसा इतना भीषण हो गया कि, तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

आरंग पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तीनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए शवगृह भेज दिए गए हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दो सगे भाइयों की एक साथ मौत ने परिवार को पूरी तरह उजाड़ दिया है।

मध्य प्रदेश से निकले ...

भगवान रामचंद्र के वनवासी स्वरूप में यह प्रतिमा तैयार की है। 8 बड़े टुकड़ों में बनी इस मूर्ति का वजन लगभग 35 से 40 टन है। इसे बनाने में 25 कारीगरों की टीम ने दिन-रात काम किया और करीब 75 लाख रुपए की लागत आई।

स्कूलों में दम तोड़ती...

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बरेला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुरेथा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला हथनीकला, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला पथरिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भरेवा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जोता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चिनभोग, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पत्थरगढ़ी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कंचनपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अमलीकापा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जरेली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुंडा देओरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खुतेरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गोइन्द्री, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गोइंद्रा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भंटगाँव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला किरना, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला काकेडी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला हिंचापुरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बदरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, बिरकोनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धमनी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला माराकोना, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेसिन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला तारकिडीह। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय मुंगेली, शासकीय नवीन महाविद्यालय कोतरी, शासकीय नवीन महाविद्यालय फास्टरपुर, सेतगंगा सहित जिले के शालाओं में सेनेटरी पैड वेंडिंग एवं इंसिनेटर मशीन के लिए 16 लाख 80 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई और पूरी राशि खर्च कर ली गई जिसका क्रियान्वयन जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा विभाग द्वारा किया गया था।

सरकारी उदासीनता और खराब प्रबंधन वजह

27 फरवरी 2023 को जिले के शालाओं में सेनेटरी पैड वेंडिंग एवं इंसिनेटर मशीन के लिए 8 लाख 40 हजार की स्वीकृति मिली और 8 लाख 29 हजार 390 रुपए खर्च किए गए जिसका क्रियान्वयन जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। बेटियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई सुचिता योजना जिले में सरकारी उदासीनता और खराब प्रबंधन की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। शैक्षणिक संस्थानों में छात्राओं को सुविधा देने के नाम पर लाखों रुपये की लागत से सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग और इंसिनेटर मशीनें तो लगा दी गईं, लेकिन आज जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

25 स्कूल और 5 कॉलेज में 25 लाख खर्च : वर्ष 2023 में दो चरणों में लगभग 25 लाख रुपये से अधिक का बजट खर्च कर जिले के 25 स्कूलों और 5 कॉलेजों को इस सुविधा से लैस किया गया था। कागजों पर यह योजना महिला सशक्तिकरण का एक बड़ा उदाहरण थी, परंतु वर्तमान में अधिकांश केंद्रों पर ये मशीनें रख-रखाव के अभाव में धूल फांक रही हैं और बंद पड़ी हैं। समग्र शिक्षा विभाग द्वारा किए गए इस व्यय के बावजूद, जिस उद्देश्य से यह राशि स्वीकृत की गई थी, उसका लाभ छात्राओं को नहीं मिल पा रहा है। जिले के उन शिक्षण संस्थानों और बजट के विवरण पर प्रकाश डालती है, जहाँ सरकारी धन का निवेश तो हुआ, लेकिन उचित निगरानी की कमी ने इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल को विफल कर दिया है।

एसीबी के ट्रैप में फंसा ...

आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

एसीबी के डीएसपी अजितेश सिंह के अनुसार, ग्राम विद्याडीह, थाना मस्तूरी निवासी महेंद्र पटेल ने 3 फरवरी 2026 को एसीबी कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि ग्राम विद्याडीह में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन वर्तमान में पंचायत द्वारा किया जा रहा है। उक्त दुकान को 'शैल स्व सहायता समूह' विद्याडीह को आबंटित करने के लिए करीब तीन माह पूर्व एसडीएम कार्यालय मस्तूरी में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। समूह के सदस्यों द्वारा महेंद्र पटेल को दुकान आबंटन प्रक्रिया में मदद करने के लिए कहा गया। जब महेंद्र पटेल ने इस संबंध में फूड इंस्पेक्टर श्याम वस्त्रकार से संपर्क किया, तो उन्होंने ठु शेष पृष्ठ 8 पर

एसडीएम के समक्ष जांच रिपोर्ट प्रस्तुत कर दुकान आबंटन आदेश जारी करवाने के एवज में एक लाख रुपये की मांग की।

शिकायतकर्ता ने स्पष्ट किया कि वह रिश्वत नहीं देना चाहता, बल्कि आरोपी को रंगे हाथ पकड़वाना चाहता है। शिकायत का गोपनीय सत्यापन कराया गया, जिसमें आरोप प्रथम दृष्ट्या सही पाए गए। इसके बाद एसीबी टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप की कार्रवाई की तैयारी की। 21 फरवरी 2026 को शिकायतकर्ता को 90 हजार रुपये की व्यवस्था कर आरोपी को देने के लिए भेजा गया। बताया गया कि आरोपी फूड इंस्पेक्टर ने महावीर सिटी, बिलासपुर स्थित अपने आवास पर शिकायतकर्ता से 90 हजार रुपये की रिश्वत राशि प्राप्त की। जैसे ही रकम ली गई, पहले से घात लगाए एसीबी दल ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया। मौके पर ही पूरी राशि बरामद कर ली गई। एसीबी द्वारा आरोपी के निवास पर तलाशी की कार्रवाई भी की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों की जांच के आधार पर आगे और खुलासे हो सकते हैं। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई जारी है।

'एआई आने से इंसानों की जगह नहीं लेगी मशीन', बदलेंगे रोजगार के मौके

नई दिल्ली/ए.। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेजी से बढ़ते उपयोग के बीच कॉरपोरेट जगत और आम लोगों में यह डर सता रहा है कि क्या मशीनें इंसानों की जगह ले लेंगी? सिस्को के प्रेसिडेंट और चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर जीतू पटेल ने इन चिंताओं को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उनका मानना है कि एआई इंसानों को बेमानी नहीं बनाएगा, बल्कि यह मानवीय क्षमता और मूल्य को और बढ़ाएगा। ऑटोमेशन के कारण नौकरियों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर पटेल ने माना कि काम का तरीका बदलेगा और कुछ पुरानी नौकरियां खत्म हो सकती हैं। हालांकि, उन्होंने आश्वस्त किया कि

हर नौकरी का स्वरूप बदलेगा और एआई के कारण पूरी तरह से नए उद्योग और अवसर पैदा होंगे। मशीनें सहानुभूति, रचनात्मकता और समाज में योगदान देने की इंसानी फितरत की नकल नहीं कर सकती हैं। कार्यस्थलों पर एआई 'डिजिटल सहकर्मियों' के रूप में काम करेगा।

एआई और मानवीय समझ का तालमेल

पटेल के अनुसार, असली कामयाबी तब मिलती है जब इंसानी समझ और निर्णय लेने की क्षमता को एआई के ऑटोमेशन के साथ मिलाया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चैटबॉट से लेकर ऑटोनॉमस एजेंट तक, एआई सिस्टम तेजी से उन्नत हो रहे हैं, लेकिन इन्हें इंसानी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, न कि उन्हें बदलने के लिए। पटेल ने अपनी मां के अस्पताल में भर्ती होने का उदाहरण देते हुए कहा कि कोई भी एआई किसी नर्स की जगह नहीं ले सकता। इंसानों में प्यार, समझ और देखभाल की बुनियादी जरूरत होती है, जिसे कोई मशीन पूरा नहीं कर सकती है।

इंसान अब उच्च-स्तरीय निर्णय लेने, रचनात्मकता और समस्याओं को सुलझाने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। जीवन को केवल 'समुद्र तट को घूरने' तक सीमित कर देना जीवन के उद्देश्य को ही चुनौती देगा, क्योंकि इंसानों में स्वभाव से ही कुछ नया बनाने और समाज में मूल्य जोड़ने की जन्मजात इच्छा होती है। एआई से जुड़े खर्चों पर बात करते हुए पटेल ने कहा कि इसे ट्रेन करने और चलाने की लागत अभी अधिक है, लेकिन यूनिट इकोनॉमिक्स में तेजी से सुधार हो रहा है। पिछले दो वर्षों में इन्फरेंसिंग पर टोकन जनरेशन की लागत 1,000 गुना कम हो गई है।

तकनीक को अपनाने की रफ्तार

दुनिया एआई के दूसरे प्रमुख चरण में प्रवेश कर चुकी है, जबकि पहला चरण चैटबॉट्स का था जो बुद्धिमानी से सवालों के जवाब देते थे और यह किसी जादू जैसा लगता था। पटेल ने कहा कि इंसान किसी भी नई और जादुई लगने वाली तकनीक को बहुत जल्दी सामान्य मान लेते हैं। उन्होंने सैन फ्रांसिस्को में वेमो की सेल्फ-ड्राइविंग कारों का उदाहरण देते हुए बताया कि पहली बार यह अनुभव हैरान करने वाला होता है। दूसरी बार बैठने पर इंसान डिस्ट्रैक्ट होकर ईमेल करने लगता है, और तीसरी बार तक कार की सीटों की शिकायत करने लगता है।

भारत के विजन पर 88 देशों की मुहर, 'सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय' पर वैश्विक सहमति

नई दिल्ली/ए.। भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' को एक बड़ी कूटनीतिक और तकनीकी सफलता मिली है। 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इस शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को इसकी घोषणा करते हुए साफ किया कि दुनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मानव-केंद्रित एआई दृष्टिकोण' को खुले तौर पर स्वीकार कर लिया है। यह कदम वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक

के सुरक्षित, समान और जवाबदेह विकास की दिशा में एक अहम मील का पत्थर माना जा रहा है।

शिखर सम्मेलन से जुड़ी प्रमुख नीतिगत बातें

यह शिखर सम्मेलन 16 फरवरी से 20 फरवरी 2026 तक नई दिल्ली के 'भारत मंडपम' में आयोजित किया गया। इस आयोजन ने कई अहम मोर्चों पर वैश्विक नीतियां तय करने का मजबूत आधार रखा है:

ग्लोबल साउथ का नेतृत्व: यह 'ग्लोबल साउथ' में आयोजित होने वाला दुनिया का पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन था।

हितधारकों का महामंच: इस आयोजन में दुनिया भर के सरकारी नीति-निर्माताओं, एआई क्षेत्र के उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, टेक्नोलॉजी इनोवेटर्स और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

मानवता के लिए एआई: इस समिट का फोकस एआई की परिवर्तनकारी क्षमता पर विचार करने के साथ-साथ, 'मानवता के लिए एआई' के वैश्विक सिद्धांत को आगे बढ़ाना था।

प्रशासन और सुरक्षा: यह शिखर सम्मेलन एआई के प्रशासन, सुरक्षा मानकों और समाज पर इसके प्रभाव को लेकर वैश्विक सहयोग को मजबूत करने की एक विकसित होती अंतरराष्ट्रीय प्रक्रिया का हिस्सा है।

भिवंडी कोर्ट में पेश हुए राहुल गांधी

मुंबई। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी महाराष्ट्र के ठाणे जिले की भिवंडी मजिस्ट्रेट अदालत में मानहानि मामले में नई जमानत पेश करने पहुंचे। अदालत ने उनसे नया जमानतदार पेश करने को कहा था, क्योंकि उनके पूर्व जमानतदार और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का पिछले साल दिसंबर में निधन हो गया था। राहुल गांधी इस मामले में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल को नए जमानतदार के रूप में पेश कर रहे हैं। उनके वकील नारायण अय्यर के अनुसार, मजिस्ट्रेट ने औपचारिकताएं पूरी करने के लिए गांधी को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया था।

स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने टेटनस और डिप्थीरिया वैक्सीन को किया पांच

कसौली(सोलन)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को केंद्रीय अनुसंधान केंद्र में टेटनस व डिप्थीरिया वैक्सीन को लॉन्च किया। उन्होंने टीडी वैक्सीन के 15 लाख डोज को बाजार में उतारने के लिए हरी झंडी दिखाई।

इसके बाद वैक्सीन की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। इसके अलावा सीआरआई कसौली कर्मचारी यूनियन के नेताओं ने अपनी मांगों को भी स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष रखा। कार्यक्रम में शिमला के सांसद सुरेश कश्यप व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सैजल समेत कई गण्यमान्य नेता मौजूद रहे। इस दौरान नड्डा ने सीआरआई के वैज्ञानिकों को बधाई दी।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 03/अ-20(4)/ वर्ष 2025-26

आवेदक अहमद करीम आ. एम.ए. सलीम निवासी आमदी नगर हुड़को भिलाई की ओर से आम मुख्तयार अहमद नदीम खान आ. एम.ए. सलीम निवासी आमदी नगर हुड़को भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का टु. प्लाट नं. एम.आई.जी.-1/259 रकबा 150 वर्गमीटर धारक अहमद करीम खान आ. एम.ए. सलीम नि. आमदी नगर हुड़को भिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखण्ड को केता फरजाना परवीन पति सगीर अहमद निवासी उबी रुआबांधा सेक्टर भिलाई जिला दुर्ग के पास 60,00,000/- रूपये (साठ लाख रूपये) में विक्रय करने का सौदा तय कर बतौर ब्याना राशि 10,00,000/- रूपये (दस लाख रूपये) प्राप्त किया जा चुका है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड के विकय की अनुमति बावत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.03.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.02.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि श्यामालाल पिता समारू निवासी ग्राम सुखरीकला तहसील बोरी जिला दुर्ग द्वारा ग्राम अरसी प.ह.नं-02 रा.नि.मं.- बोरीबुजुर्ग तहसील बोरी जिला दुर्ग में अपने पिता स्व. समारू पराउ का मृत्यु दिनांक 01.03.1997 को हुआ है का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आदेश जारी किये जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है।

अतः मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आदेश जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 26.02.2026 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I CHALASANI JANARDAN RAO S/o VENKATESHWAR RAO Address H No MIG-196 Ward No 45, Padmanabhpur Durg District Durg (C.G.) 491001 my old name have changed CHALASANI JANARDAN RAO S/o VENKATESHWAR RAO . so in future I should be recognized by my new name JANARDAN RAO S/o VENKATESHWAR RAO . that is in all Government and other documents.

JANARDAN RAO S/o VENKATESHWAR RAO Address H No MIG-196 Ward No 45, Padmanabhpur Durg District Durg (C.G.) 491001

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I PRADEEP NARAYAN SATYA NARAYAN S/o SATYA NARAYAN TRIVEDI Address H No LIG-432 Ward No 46, Padmanabhpur Durg District Durg (C.G.) 491001 my old name have changed PRADEEP NARAYAN SATYA NARAYAN S/o SATYA NARAYAN TRIVEDI . so in future I should be recognized by my new name PRADEEP NARAYAN TRIVEDI S/o SATYA NARAYAN TRIVEDI. that is in all Government and other documents.

PRADEEP NARAYAN TRIVEDI S/o SATYA NARAYAN TRIVEDI Address H No LIG-432 Ward No 46, Padmanabhpur Durg District Durg (C.G.) 491001

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202602100800019 /अ-06/वर्ष 2025-26
ग्राम-दारगांव, प.ह.न. 23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सचिन पिता विष्णु प्रसाद जाति बनिया, निवासी गली नंबर 01, वार्ड क्रमांक 03, नया कालोनी गया नगर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा पंजीकृत हक त्याग विलेख के आधार पर नामांतरण का आवेदन पेश किया गया है, कि मौजा ग्राम दारगांव, ह.प.नं. 23 में स्थित भूमि खसरा नंबर 141, 288/1, 378, 490, 873, 878, 885, 916/1, 964, 1593, 1614/1 कुल खसरा 11 कुल रकबा 15.09 हे. भूमि को सहखातेदार / हकत्याग कर्ती अरूणा बाई पति विष्णु प्रसाद, उम्र 75 वर्ष, निवासी गली नंबर 01, वार्ड क्रमांक 03, नया कालोनी गया नगर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. से आवेदक/हक ग्रहिता ने दिनांक 23/07/2025 को पंजीकृत माध्यम से हक प्राप्त कर पंजीकृत हक त्याग विलेख के आधार पर नामांतरण की मांग किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त प्रश्नाधीन वाद भूमि के संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 05.03.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
धमधा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

मा.क्र.202602100700072 /अ-6अ/वर्ष 2025-26

एदत द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका थनेश्वरी साहू पति तोरन लाल, निवासी 457 बस्ती पारा वार्ड नं. 16 ग्राम कुथरेल, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा कसारीडीह, प.ह.नं. 40, रा.नि.मं. कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 768/509 कुल रकबा 0.0334 हे. में से 0.0074 हे. = 806.3 वर्गफीट = 74.93 व.मी. को पंजीकृत बयनामा दस्तावेज के आधार पर दिनांक 10 जनवरी 2025 को कार्यालय उप पंजीयक दुर्ग के बुक नं. 1 ग्रंथ क्र. 37532 पेज 393 से 471 दस्तावेज क्र. सी.जी.-2024-25-111-1-6559 पर उचित स्टाम्प शुल्क व पंजीयन शुल्क अदाकर अपने पक्ष में की है तथा पंजीयन दिनांक से उक्त जमीन पर निर्विवाद रूप से काबिज चली आ रही है। आवेदिका के नाम से खसरा नं. 768/698 रकबा 0. 0070 हे. लगान 1099 रु. अंकित कर दी गई है जबकि आवेदिका विक्रेता से 0.0074 हे. भूमि क्रय की है। खसरा नं. 768/698 रकबा 0.0070 हे. वर्तमान ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड में दर्ज अंकित है जिसका रकबा दुरूस्त कर पंजीकृत बयनामा दस्तावेज के आधार पर रकबा 0.0074 हे. दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में दावा आपत्ति या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 17.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकतें है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा। आज दिनांक 18.02.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता अजय सिंह बामनिया आ. श्री अर्जुन सिंह बामनिया, उम्र 18 वर्ष, निवारी स्मृतिनगर, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि :- यह कि में उपरोक्त दर्शित पते पर निवास करता हूं। यह कि मेरे शालेय अभिलेखों व आधार कार्ड में मेरा नाम अजय सिंह (AJAY SINGH) पिता श्री अर्जुन सिंह (ARJUN SINGH) दर्ज है तथा मेरे जन्म प्रमाण पत्र एवं स्थायी जाति प्रमाण पत्र में मेरा नाम अजय सिंह बामनिया (AJAY SINGH BAMNIYA) पिता श्री अर्जुन सिंह बामनिया (ARJUN SINGH BAMNIYA) दर्ज है जो कि मेरा सही वास्तविक एवं पूरा नाम है। अजय सिंह (AJAY SINGH) पिता श्री अर्जुन सिंह (ARJUN SINGH) एवं अजय सिंह बामनिया (AJAY SINGH BAMNIYA) पिता श्री अर्जुन सिंह बामनिया (ARJUN SINGH BAMNIYA) दोनो ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही हैं। मैं अपने भविष्य के समस्त शासकीय, अशासकीय व अर्धशासकीय अभिलेखों में अपना नाम अजय सिंह बामनिया (AJAY SINGH BAMNIYA) पिता श्री अर्जुन सिंह बामनिया (ARJUN SINGH BAMNIYA) दर्ज कराना चाहता हूं जिसके लिए छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन कराना चाहता हूं। यह कि, यह शपथपत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के रामक्ष अपने नाम/उपनाम परिवर्तन की सत्यता के समर्थन मे प्रस्तुत करता हूं।

शपथकर्ता
अजय सिंह बामनिया
आ. श्री अर्जुन सिंह बामनिया
निवारी स्मृतिनगर, भिलाई,
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता हिनेश यादव (Hinesh Yadav) उम्र लगभग 38 वर्ष पिता रंजित यादव, निवासी मकान न. 51/1, वार्ड 2 गांधी चौक रामलीला पारा, लावातरा, तहसील-बेरला, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि :- यह कि, मै उपरोक्त दर्शाये पते पर निवास करता हूँ। यह कि, मेरे पुत्र के नाम पर भारत सरकार का आधार कार्ड जारी किया गया है, जिसमें शिवम यादव पिता हिनेश यादव दर्ज हो गया है जो लिपकीय त्रुटि है, जिसका आधार कार्ड नंबर-6575 9695 7397 है। यह कि, मेरे पुत्र के शालेय प्रमाण-पत्र एवं जन्म प्रमाण में उनका सही व वास्तविक नाम सिद्धार्थ यादव पिता हिनेश यादव दर्ज है, जो सत्य एवं सही है। यह कि, उक्त शपथ-पत्र मेरे पुत्र का नाम शिवम यादव के स्थान पर सिद्धार्थ यादव पिता हिनेश यादव दर्ज कराकर गजट में प्रकाशन कराने के समर्थन में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
हिनेश यादव पिता रंजित यादव,
निवासी-म.न. 51/1, वार्ड 2 गांधी चौक
रामलीला पारा, लावातरा, तहसील-बेरला,
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

कार्यालय कलेक्टर, (आबकारी), जिला बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.)
-: निविदा सूचना :-

क्र./ आब. / ठेका/2025-26/147 जगदलपुर, दिनांक 19/02/2026

सर्वसाधारण की विशेष जानकारी के लिए यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि, शासन के निर्देशानुसार जिला बस्तर के ग्राम पंडरीपानी में देशी/विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान विक्रय हेतु एक देशी/विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान / भवन उपयुक्त स्थल पर किराये पर लिए जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार, निविदा शर्तो के अधीन तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के बंद लिफाफे, एक बड़े लिफाफे में रख कर बंद लिफाफा दिनांक 06.03.2026 को दोपहर 2:00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. जिला बस्तर जगदलपुर में जमा कर सकेंगे। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नही किया जावेगा। तकनीकी निविदा दिनांक 09.03.2026 को सायं 4:00 बजे निविदा मूल्यांकन हेतु गठित समिति के समक्ष खोला जावेगा।

निविदा की नियम / शर्तो की जानकारी एवं निविदा प्रपत्र, जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. जिला बस्तर जगदलपुर के पक्ष में देय राशि रू. 1180/- (अक्षरी एक हजार एक सौ अस्सी रू.) (जी.एस.टी.सहित) का बैंक ड्राफ्ट (किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी) जमा कर कार्यालयीन कार्यदिवस में कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. जिला बस्तर जगदलपुर से प्राप्त किया जा सकता है।

कलेक्टर
जी- 252606814/4 जिला बस्तर (छ.ग.)

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक / डॉ.भी.अ.चि. / क्रय/ 2026/2318 रायपुर दिनांक 17/02/2026

" निविदा सूचना "

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के परिसर में सायकल / स्कूटर एवं दो पहिया वाहन स्टैण्ड के संचालन हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है।

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर 1000.00 रुपये नगद जमा कर कार्यालयीन दिवस में शाम 5.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र, शर्तें एवं नियम प्रपत्र कार्यालयीन समय सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक क्रय शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। जो किसी भी दशा में वापसी योग्य नही होगा।

स.क्र.	विवरण	दिनांक/समय
1	निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि	20/03/2026 शाम 05.00 बजे तक।
2	निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि	24/03/2026 शाम 05.00 बजे तक।
3	निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि	25/03/2026 दोपहर 01.00 बजे ।

सीलबंद निविदाएं, अधीक्षक, डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर छ.ग. के नाम से रजिस्टर्ड पोस्ट (ए.डी.) / स्पीड पोस्ट / कोरियर से कार्यालय में अंतिम तिथि तक पहुंच जाने चाहिए, समय पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा, वह स्वयमेव निरस्त मानी जावेगी। लिफाफे के ऊपर विषय अनिवार्य रुप से लिखा होना चाहिए। निविदा खुलने के समय निविदादाता/अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं, इसके लिए बिडर को पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय
जी- 252606805/2 रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email ID - rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 28727 दिनांक 20.02.2026
वार्ड का नाम- 55 - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651G00487 जो की निगम अभिलेख श्री PRITI PRAKASH GIRI पिता / पति श्री/श्रीमती DEEPAK GIRI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती अनुपमा पांडेय पिता /पति श्री/श्रीमती मनोज पांडेय ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री विवेकानंद दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र 20260221370006/ब / 121 वर्ष 2025-26
ग्राम- बरडीह प.ह.न. 33
तहसील सुहेला

ईश्तहार

सर्व साधारण जनता को सुचित किया जाता है आवेदिका दुर्गेश्वरी ध्रुव पिता सुखीराम ध्रुव जाति गोंड़ निवासी बरडीह तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ0ग0) ने आवेदन किया है कि आवेदिका का जन्म दिनांक 15/03/1972 को ग्राम बरडीह मे हुआ है। आवेदक के परिवार द्वारा भुलवश ग्राम पंचायत मे जन्म पंजीयन नही करा पाया था। अभी आवेदिका को शासकीय कार्य हेतु जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है जिसके कारण आवेदिका जन्म पंजीयन दर्ज नही होने के कारण पंजीयन किये जाने का निवेदन किया है। आवेदन के साथ दस्तावेज संलग्न किया है। जो कि इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनाक 03/03/26 तक प्रस्तुत किया जा सकता है। नियत अवधि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.02.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सुहेला

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00042 कातुलबोर्ड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430103500020

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00042 के अंतर्गत ग्राम कातुलबोर्ड के वर्तमान भूमिस्वामी ताराचंद पिता/पति बालारामजी ढाकरे पता तितुरडीह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 38/5(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता साकिलराम ठाकरे पिता/पति स्व. ताराचंद ठाकरे पता मकान नं. 804 वार्ड नं. 21 शिवाजीनगर तितुरडीह दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.02.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.02.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

FORM NO.
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR

2nd & 3rd floor, Sanchar Vikash Bhawan (BSNL Building), Near Head Post Office, Residency Road, Jabalpur-482001, MP

NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993

OAEX/25/2009 06-02-2026

CENTRAL BANK OF INDIA
VERSUS
M/S J.K. STONES AND OTHERS

To

(CD1) **M/s. J.K. Stones**, Factory situated at Village- Bhandera, Tah. Dondilohara Distt. Durg (CG) 491771 and Registered office at 56, Vikas Nagar Rajnandgaon (CG) 491441 Through proprietor **Swatantra Kumar Jain S/o Shri Jarad Kumar Jain.**

(CD2) **Shri Swatantra Kumar Jain S/o Shri Jarad Kumar Jain Prop. Of M/s J.K. Stones**, Factory Situated at Village- Bhadnera Tah. Dondilohara, Distt- Durg (CG) 491771 and registered office at 56, Vikas Nagar Rajnandgaon (CG) 491441 & R/o H.No. 430, Hanumantal, Jabalpur (MP) 482002.

(CD3) **Shri Mahendra Jain S/o Shri Hukumchand Jain Guarantor of M/s J.K. Stone**, R/o Lakholi Road, Rajnandgaon (CG) 491441.

Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of **DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR** who had issued the Recovery Certificate dated **25-03-2009** in **OA/101/2018** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs.16,10,960.00** together with pendentelite and future interest at PLT + 2% per annum with monthly rest from the date of filing of the OA, i.e., **17-10-2008** till realization and costs and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable / Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **18-03-2026 at 10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

Specification of property

Diverted Industrial use land bearing Khasra No. **872/7** area **0.240** hect., stone mine use-undiverted land bearing Khasra No. **872/11** area **0.330** hect., P.H. No. 15 (P.H. No. 20, as per valuation report), situated at Village- Bhandera, Tehsil- Marri Bunglaw Deori, District- Balod (C.G.); property in the name of **Shri Swatantra Kumar Jain S/o Shri Jarad Kumar Jain.**

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **06-02-2026.**

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी तिथि 27/03/2026

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है । निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 27/03/2026 को 12.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **"जैसा है जहां है, जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर किया जा रहा है ।

संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 26/03/2026, ईएमडी जमा एवं ई-नीलामी की तिथि: 27/03/2026

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक कब्जा सूचना दिनांक बकाया राशि	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि बिड बढ़ाने की राशि	शाखा प्रबंधक का नाम खाता का नाम/खाता संख्या व आईएफएससी कोड/ई-मेल
1. श्रीमती अल्का नाग पति स्व. श्री आलेख नाग, बस्ती, सराईपाली, नायक कॉम्प्लेक्स, रूम नं. 8, तृतीय तल, सराईपाली, महासमुंद, छत्तीसगढ़-493558. 2. स्व. श्री आलेख नाग के सभी कानूनी वारिस, बस्ती, सराईपाली, नायक कॉम्प्लेक्स, रूम नं. 8, तृतीय तल, सराईपाली, महासमुंद, छत्तीसगढ़-493558.	खसरा नं. 636/8, क्षेत्रफल 0.01 हेक्टेयर/1092 वर्गफीट जोगनीपाली, पी.सी.नं. 19, तहसील- सराईपाली, जिला- महासमुंद (छ.ग.), क्षेत्रफल ख.नं. 0.01 हेक्टेयर (कुल क्षेत्रफल- 0.01 हेक्टेयर यानी 1092 वर्गफीट) में स्थित भूमि व भवन । **संपत्ति की चौहद्दीः उत्तर-** सड़क, **दक्षिण-** गजानंद की भूमि, **पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** अतुल की भूमि ।	16/10/2025 07/01/2026 ₹ 15,75,857.90 20/02/2026 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	₹ 11,43,000/- ₹ 1,14,300/- ₹ 10,000/-	Mr. PRAKASH RANJAN (Mo.7033468451) Saraipali Branch A/c. No. 209272946 CNRB0005423 Email:cb5423@canarabank.com
शुभम सोनी पुत्र रूपेश सोनी, पता 1- 187 ठाकुर देव चौक, पुरानी बस्ती, वार्ड-10, बलौदा बाजार, जिला- बलौदा बाजार- भाटापारा, छत्तीसगढ़- 493332, पता 2- खसरा नं. 1465/3, प.ह.नं 16, मौजा- कोकड़ी, तह- बलौदा बाजार, जिला- बलौदा बाजार-भाटापारा, छत्तीसगढ़-493332	खसरा नं.1465/3, प.ह.नं. 16, 0.010 हेक्टेयर (101.30 वर्ग मीटर) मौजा- कोकड़ी, तह- बलौदा बाजार, जिला- बलौदा बाजार-भाटापारा, छत्तीसगढ़ । **चौहद्दी (विक्रय विलेख के अनुसार): पूर्व-** पिछले विक्रेता की छोड़ी हुई सड़क, **पश्चिम-** प्रीतेश केशरवानी की संपत्ति, **उत्तर-** पिछले विक्रेता की भूमि, **दक्षिण-** योगेश्वर की संपत्ति.	19/11/2025 04/02/2026 ₹ 26,38,207.76 20/02/2026 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	₹ 18,75,000/- ₹ 1,87,500/- ₹ 10,000/-	Mr. TUSHAR KANT JAISWAL (Mo. 9098982234) Baloda Bazar Branch A/c. No. 209272946 CNRB0005147 Email:cb5147@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तेः- (1) ई-नीलामी **"जहां है जैसा है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर भार सहित (अगर कोई हो) की जायेगी । बैंक की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपति पर कोई भार नहीं है । भार के विवरण हेतु अधोहस्ताक्षर्ता से धरोहर राशि जमा करने के पूर्व सम्पर्क करें । नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट **www.bankeauctions.com** के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी । (2) आरक्षित मूल्य कम की निविदा/आफर स्वीकार नहीं किये जाएंगे । (3) संपत्ति का निरीक्षण सुबह 11.00 से सायं 5.00 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है । (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि **(EMD)** आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी **केनरा बैंक** के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो । दिनांक **27/03/2026** को सुबह 11.00 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खातों में किया जा सकता है । (5) सफल खरीददार के पक्ष में विक्रय की पुष्टि सिक्योर्ड क्रेडिटर की पुष्टि के अधीन होगी । (6) ऑन लाईन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं के पास डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है । डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता **M/s PSB Alliance (Ebkray), Contact No:: 8291220220, Help Line E-mail ID ::- support.BAANKNET@psballiance.com, Website: https://baanknet.com** पर जिस दिन धरोहर राशि जमा की हो उसी दिन डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता से संपर्क करें। इच्छुक निविदाकर्ता से अनुरोध किया जाता है कि वे स्वयं को वेब पोर्टल **www.baanknet.com** में नाम पंजीकृत करवाए और लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें । (7) ईएमडी जमा करने के पश्चात इच्छुक खरीददार को **दिनांक 27/03/2026** को सुबह 11.00 बजे या उससे पहले निम्नांकित दस्तावेज अनिवार्य रुप से जमा करना होगा । **अ.** ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर या यूटीआर नं. अगर भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया गया हो तो । **ब.** पेन कार्ड की फोटोकापी/पहचान पत्र एवं पते का प्रमाण पत्र । **स.** इच्छुक खरीददार का नाम, सम्पर्क सूत्र एवं ई-मेल आईडी । **द.** इच्छुक खरीददार के बैंक खाते का पूरा ब्यौरा (नीलामी प्रकिया में असफल होने पर टोकन रकम की वापसी) । (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा न करने की स्थिति में बोलीकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जप्त कर ली जावेगी । (9) सफल बोलीकर्ता को स्टाम्प ड्यूटी से संबंधित सभी खर्च/फीस पंजीयन शुल्क ट्रांसफर शुल्क एवं अन्य तात्कालिक खर्चें इत्यादि वहन करने होंगे । (10) यहां संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1 प्रतिशत टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी । (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा से सम्पर्क करें या ईमेल करें **eauction@ccsl.co.in** अथवा सर्विस प्रदाता **M/s PSB Alliance (Ebkray), Contact No:: 8291220220, Help Line E-mail ID ::- support.BAANKNET@psballiance.com, Website: https://baanknet.com** पर संपर्क करें।

सूचना- अंतिम मिनिट एवं सेकेण्ड में बिड करने से बचे । केनरा बैंक एवं सेवा प्रदाता किसी बंद/त्रुटि इंटरनेट बंद/लाईट जाने आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे । इन स्थितियों से बचने हेतु एवं आपातकालीन परिस्थितियों हेतु निविदाकर्ता से निवेदन है कि वे सभी आवश्यक प्रबंध/विकल्प अपने पास रखें । जैसे कि बैकअप पावर सप्लाई आदि जिससे वे ई-नीलामी में सफलता पूर्वक भाग ले सकें । (नोटः नीलामी की प्रक्रिया डीआईसी के नियम एवं शर्तों के तहत होगी ।)

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द टाईम्स ऑफ इंडिया' दिनांक 22/02/2026, रायपुर में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा ।

दिनांक : 20.02.2026 प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

सीएम विष्णुदेव साय की अपील- सड़क यातायात नियमों का करें पालन, दोपहिया वाहन चालक हेलमेट जरूर लगाएं

जन्मदिन पर सेवा का संदेश: मुख्यमंत्री साय ने रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ, 62 यूनिट रक्त संग्रह

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने 62वें जन्मदिन के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना की तथा रक्तदाताओं को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री के 62वें जन्मदिन के अवसर पर अल्फा ग्लोब फाउंडेशन, रायपुर तथा शिवनाथ ब्लड सेंटर द्वारा 62 लोगों के रक्तदान की विशेष व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर सुरक्षित यातायात जागरूकता

अभियान का भी आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने युवाओं से वर्ष में कम से कम एक बार रक्तदान करने तथा सड़क यातायात नियमों का हर समय पालन करते हुए जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने सभी रक्तदाताओं, आयोजकों, चिकित्सक दल एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शिविर की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, उल्लेखनीय है कि संस्था द्वारा एक वर्ष में लगभग 11 हजार यूनिट रक्त संग्रह का संकल्प लिया गया है तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न ब्लड बैंकों के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा। सीजीएमएससी के चेयरमैन दीपक म्हस्के, छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष नीलू शर्मा सहित, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजु एस सहित वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण तथा अल्फा ग्लोब फाउंडेशन, रायपुर की संचालक डॉ. पूनम अग्रवाल, संस्थान के अन्य प्रतिनिधि और रक्तदाता उपस्थित थे।

रक्तदान महादान

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि रक्तदान महादान है और यह मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं, प्रसव एवं गंभीर बीमारियों के दौरान जब मरीजों को रक्त की आवश्यकता पड़ती है, ऐसे में रक्तदान मरीजों के जीवन में नई आशा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि शिविर में रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए हैं, जिससे आवश्यकता पड़ने पर वे या उनके परिजन निःशुल्क रक्त प्राप्त कर सकेंगे।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में आ सकता है धर्मांतरण विधेयक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित धर्मांतरण विधेयक को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने संकेत दिया है कि इसे आगामी बजट सत्र में प्रस्तुत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 24 फरवरी को विधानसभा में बजट पेश होना है और उसकी सभी तैयारियां जारी हैं। धर्मांतरण संबंधी विधेयक पर भी चर्चा चल रही है और संभव है कि यह सत्र में लाया जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस विषय पर गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विधेयक को लेकर आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं और समय आने पर निर्णय लिया जाएगा। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट 2026 के दौरान इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए शर्टलेस प्रदर्शन पर भी विजय शर्मा ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे ÷शर्टलेस नहीं, सेमलेस प्रदर्शन÷ करार देते हुए कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यदि किसी को किसी प्रक्रिया में त्रुटि लगती है तो संबंधित मंत्री का घेराव करना समझ में आता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में, जहां अनेक देशों के प्रतिनिधि मौजूद हों, इस तरह का प्रदर्शन करना अनुचित है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े आयोजन में एक संस्था द्वारा गड़बड़ी किए जाने पर उसे अलग कर दिया गया था, उसके बाद मेहमानों के सामने इस प्रकार का व्यवहार शर्मनाक है। उन्होंने इसे निंदनीय बताते हुए कहा कि हर मंच को राजनीति का माध्यम बनाना उचित नहीं है। एसआईआर के अंतिम प्रकाशन को लेकर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज अंतिम प्रकाशन का दिन है। उनके अनुसार मतदाता सूची में समय-समय पर पाई जाने वाली गड़बड़ियों को दुरुस्त करने के लिए यह प्रक्रिया आवश्यक थी।

प्रो. मनोज दयाल ने कुलपति का पदभार ग्रहण किया

रायपुर/नवप्रदेश। प्रतिष्ठित मीडिया शिक्षाविद प्रो. मनोज दयाल ने शुक्रवार प्रातः 9.30 बजे वैदिक रीति से पूजा-अर्चना कर कुलपति, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर कार्य दायित्व ग्रहण किया। रायपुर के संभागायुक्त महादेव कावरे (आईएएस) निवर्तमान कुलपति को पुष्प गुच्छ भेंट कर विदाई दी गई और विश्वविद्यालय की उन्नति के लिए उनके योगदानों के प्रति कुलसचिव सुनील कुमार शर्मा ने आभार प्रदर्शित किया। अद्भुत संगठन शिल्पी, त्याग और सादगी की प्रतिमूर्ति और विश्वविद्यालय के प्रेरणास्त्रोत श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी की प्रतिमा पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने प्रशासनिक एवं अकादमिक कार्यों की समीक्षा की। सर्वप्रथम उन्होंने माननीय राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री महोदय का सादर-आभार प्रदर्शित किया। साथ ही प्रो. दयाल ने विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का परिचय प्राप्त किया। प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल ने ग्रंथालय में रिसर्च एवं पीजी के विद्यार्थियों से मुलाकात की। विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशन- रेडियो संवाद 90.8 एफएम में प्रो. दयाल ने शुभकामना संदेश रिकार्ड किया। उन्होंने टेलीविजन स्टूडियो एवं संकाय भवनों का निरीक्षण किया। प्रो. दयाल ने विभिन्न विभागों में संचालित पाठ्यक्रमों की कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद भी किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक गण, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कुलपति का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री साय के मार्गदर्शन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ीं महिलाएं

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में बन रहे महतारी सदन में महिलाएं आज के आधुनिक समय में महिलाएं दुनिया में कदम से कदम मिलाकर चल रहीं हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने धरसींवा दौरे के दौरान ग्राम कांदुल के महतारी सदन पहुंचे जहां महिलाओं ने उनका तिलक लगाकर स्वागत किया । कलेक्टर डॉ. सिंह ने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि आप सभी आत्मनिर्भर होकर अपने व्यवसाय को समूह के साथ संचालित करें एवं अपने उत्पादों को बेचने के लिए ऑनलाइन मार्केटप्लेस के साथ अनुबंध करें और उनसे जुड़कर देश और विदेश में अपने उत्पाद बेचें। कांदूल की महिलाएं पैरा आर्ट बनाने का कार्य कर रही है उन्होंने शान द्वारा लगाए गए कैंप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात यह कार्य प्रारंभ किया है। गांव की अन्य महिलाएं सिलाई, फिनायल एवं साबुन बनाने का प्रशिक्षण भी प्राप्त कर चुकी है। अब उसका कार्य महतारी सदन से शुरू कर रही हैं। राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की महिलाओं को संबल प्रदान करने एवं स्वालंबी बनाने के लिए महतारी सदन का निर्माण कर रही हैं जहां महिलाएं आत्मनिर्भर होकर अपना रोजगार शुरू कर अपने व्यवसाय को डिजिटल रूप से प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम श्री नंद कुमार चौबे, तहसीलदार श्री राकेश देवांगन, जनपद सीईओ धरसींवा श्री आशीष केशरवानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकसित राज्य बनने को अग्रसर

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन को भाजपा परिवार द्वारा सेवा-सुशासन-संकल्प दिवस मनाने का आह्वान करते हुए कहा कि श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेजी से विकसित राज्य बनने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है। आज प्रदेश का हर वर्ग किसान, महिला, युवा, सभी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। श्री देव ने कहा कि कल 21 फरवरी को मुख्यमंत्री श्री साय का 62वां जन्मदिन है जिसको लेकर भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री श्री साय के जन्मदिन को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया है।

सेजेस स्कूलों में 151 संविदा पदों पर भर्ती, पहले दिन ही 1000 आवेदन

❐ 20 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल (सेजेस) में शिक्षकों से लेकर भृत्य तक कुल 151 पदों पर संविदा भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऑनलाइन आवेदन के पहले ही दिन करीब एक हजार अभ्यर्थियों ने विभिन्न पदों के लिए आवेदन कर दिया है, जिससे युवाओं में भर्ती को लेकर उत्साह साफनजर आ रहा है।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जिले के 31 सेजेस स्कूलों में रिक्त पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पदों में व्याख्याता (हिन्दी, गणित, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, जीव विज्ञान, वाणिज्य, भौतिकी, रसायन), शिक्षक (अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, गणित, विज्ञान), सहायक शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला, ग्रंथपाल, सहायक ग्रेड-3, कम्प्यूटर शिक्षक, भृत्य और चौकीदार शामिल हैं।

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 मार्च निर्धारित की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले ही दिन 151 पदों के लिए लगभग 1000 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

संविदा नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी और शासकीय सेवा में समान पदों पर दावा मान्य नहीं होगा। सभी पदों पर नियुक्ति एक वर्ष के लिए होगी, जिसे प्राचार्य एवं समिति की अनुशंसा तथा कार्यक्षमता के आकलन के बाद बढ़ाया जा सकता है। अभ्यर्थी का छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

इन स्कूलों में भरे जाएंगे पद

राजधानी के आरडी तिवारी स्कूल आमापारा में सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला का 1 पद, बीपी पुजारी स्कूल राजातालाब में शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) और व्यायाम शिक्षक के 1-1 पद, शहीद स्मारक स्कूल फाफाडीह में सहायक शिक्षक अंग्रेजी के 3 तथा सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला का 1 पद भरा जाएगा। इसी तरह कुंरा पीएमश्री स्कूल में व्याख्याता हिन्दी और वाणिज्य के 1-1 पद, शिक्षक गणित 1, व्यायाम शिक्षक 1, सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला 1 पद तथा भाठागांव उत्कृष्ट विद्यालय में व्याख्याता वाणिज्य 1, सहायक शिक्षक और सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के 1-1 पद संविदा आधार पर नियुक्त किए जाएंगे।

मेरिट के आधार पर चयन

अभ्यर्थियों को अर्हतादायी परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा। प्रत्येक पद के विरुद्ध प्रावीण्य क्रम में 10 अभ्यर्थियों को सत्यापन के लिए आमंत्रित किया जाएगा। चयन पूरी तरह मेरिट सूची के आधार पर होगा।

चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. अविनाश बैस को सीआरएवी गुरु की मान्यता

रायपुर/नवप्रदश। डॉ. अभिमन्यु की आयुर्वेद मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है। अस्पताल के चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. अविनाश बैस को राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ , आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सीआरएवी गुरु की मान्यता प्रदान की गई है।

यह सम्मान आयुर्वेद के क्षेत्र में दीर्घकालिक योगदान, क्लिनिकल विशेषज्ञता और गुरु-शिष्य परंपरा के माध्यम से ज्ञान प्रसार के लिए दिया जाता है। CRAV (Certificate of Rashtriya Ayurveda Vidyapeeth) कार्यक्रम के अंतर्गत गुरु के रूप में चयनित होना एक राष्ट्रीय स्तर की उच्च उपलब्धि है, जो केवल अनुभवी और योग्य वैद्यों को ही मिलती है। डॉ. अविनाश बैस जी के पास 28+ वर्षों का समृद्ध अनुभव है, विशेष रूप से पंचकर्म, जोड़ों के रोग, पाचन तंत्र, त्वचा रोग और समग्र स्वास्थ्य प्रबंधन में।

डॉ. अभिमन्यु साहू, अस्पताल के संस्थापक ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, ÷डॉ. अविनाश बैस जी का यह सम्मान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे अस्पताल परिवार और छत्तीसगढ़ के आयुर्वेद चिकित्सा जगत के लिए गर्व की बात है। यह प्रमाणित करता है कि हमारी टीम प्राचीन आयुर्वेदिक ज्ञान को आधुनिक तरीके से जन-जन तक पहुंचाने में समर्पित है।

डॉ. अविनाश बैस जी ने इस सम्मान को समर्पित करते हुए कहा, यह मान्यता मुझे और अधिक जिम्मेदारी देती है। मैं आयुर्वेद की शाश्वत शक्तियों के माध्यम से और अधिक लोगों को स्वस्थ जीवन प्रदान करने का प्रयास जारी रखूंगा।

डॉ. अभिमन्यु की आयुर्वेद मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कमल विहार, रायपुर में पंचकर्म, दर्द प्रबंधन, स्त्री रोग, बाल रोग और अन्य कई विशेषताओं के साथ गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध है। यह उपलब्धि अस्पताल की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है कि प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति को वैज्ञानिक और प्रभावी ढंग से समाज तक पहुंचाया जाए।

बच्चों के चेहरे पर मुस्कान, जन्मदिन बना यादगार

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में शासकीय कर्मचारियों के जन्मदिन अब केवल व्यक्तिगत आयोजन नहीं रह गए हैं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम बनते जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुसार प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और न्योता भोज के अंतर्गत संचालित "प्रोजेक्ट आओ बाँटें खुशियाँ" का उद्देश्य ही है - खुशियों को बाँटना, और इस पहल को शासकीय कर्मचारी पूरे उत्साह के साथ अपना रहे हैं। इसी क्रम में

आज कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर सुश्री जिज्ञासा साहू ने शासकीय प्राथमिक शाला सकरी एवं फार्मासिस्ट ग्रेट 2 श्रीमती मंजू भारद्वाज ने आंगनबाड़ी केंद्र बोरियाकला में विद्यार्थियों के साथ जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर, फल और पौष्टिक आहार वितरित कर इस दिन को विशेष बनाया।

नैवेद्य स्वीट्स में प्रिंट रेट से अधिक वसूली का मामला, ग्राहक ने पुलिस में की शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित नैवेद्य स्वीट्स के खिलाफ प्रिंट रेट से अधिक राशि वसूलने का मामला सामने आया है। इस संबंध में थाना सिविल लाइन में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत के अनुसार दिनांक 18 फरवरी 2026 को शिकायतकर्ता ने

दुकान से 200-200 ग्राम के दो पैकेट – चाट पापड़ी एवं डायमंड सलोनी खरीदे। दोनों उत्पादों पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य 70-70 रुपये था, इस प्रकार कुल राशि 140 रुपये बनती थी, जबकि दुकान द्वारा 145 रुपये का बिल जारी कर 5 रुपये अतिरिक्त वसूले गए। ग्राहक द्वारा आपत्ति करने पर दुकानदार ने सिस्टम अपडेट का हवाला दिया, जिसे शिकायतकर्ता ने अनुचित बताया। शिकायत के साथ बिल एवं उत्पाद पैकेट के फोटो भी पुलिस को सौंपे गए हैं, जिनमें स्पष्ट रूप से अंकित मूल्य से अधिक वसूली दर्शाई गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि पिछले कई महीनों से इस प्रकार ग्राहकों से अतिरिक्त राशि लेकर ठगी की जा रही है।

मई में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 30 ट्रेनें प्रभावित

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल अंतर्गत स्थित गोंदिया स्टेशन एक महत्वपूर्ण जंक्शन स्टेशन है, जहां यात्री व कोचिंग ट्रेनों का ठहराव और प्राथमिक अनुरक्षण कार्य नियमित रूप से किया जाता है। इसी क्रम में स्टेशन की लाइन संख्या-06 (प्लेटफॉर्म नंबर-04) पर वॉशेबल एप्रन निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है, जिससे परिचालन दक्षता, स्वच्छता, संरचनात्मक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। यह काम 3 मई से 22 मई 2026 तक किया जाएगा।

1. दिनांक 03 से 22 मई, 2026 तक टाटानगर से छूटने वाली 18109 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) एक्सप्रेस नहीं चलेगी।
2. दिनांक 05 से 24 मई, 2026 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 18110 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)- टाटानगर एक्सप्रेस नहीं चलेगी।
3. दिनांक 03 से 22 मई, 2026 तक डोंगरगढ़ से छूटने वाली 68711 डोंगरगढ़-गोंदिया पैसेंजर नहीं चलेगी।
4. दिनांक 03 से 22 मई, 2026 तक गोंदिया से छूटने वाली 68712 गोंदिया-डोंगरगढ़ पैसेंजर नहीं चलेगी।
5. दिनांक 03 से 22 मई, 2026 तक गोंदिया से छूटने वाली 68713 गोंदियाङ्कनेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)।

कलेक्टर ने किया 'पीडीएस शॉप' का औचक निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड, बैजनाथ पारा में राशन दुकान का निरीक्षण किया। वहां पर जाकर राशन के स्टॉक का अवलोकन किया साथ ही हितग्राहियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को खाद्यान सामग्री का वितरण सुनिश्चित करें। यह ध्यान रखें कि जिन हितग्राहियों का देहांत हो चुका है या शिफ्ट हो चुके हैं उनका नाम संबंधित सूची से हटाएं। साथ ही जो बीपीएल

सूची में हैं उन्हें ही उस कैटेगरी में खाद्यान सामग्री प्रदान करें। कलेक्टर ने कहा कि यह परीक्षण करें कि एक ही परिवार में कोई दो राशन कार्ड का लाभ न ले रहा हो, ऐसा पाए जाने पर उन पर नियमानुसार कार्यवाही करें।

सड़क सेवा: रायपुर-विशाखापटनम कॉरिडोर पर होगा 'तीसरी आंख' का पहरा

रायपुर-विशाखापट्नम इकोनॉमिक कॉरिडोर का काम दिसंबर तक होगा पूरा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर-विशाखापटनम इकोनॉमिक कॉरिडोर सिर्फ एक्सप्रेस-वे नहीं बल्कि स्मार्ट डिजिटल कॉरिडोर बनने जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी खूबी इसका एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एटीएमएस) है, जो किसी साइंस फिक्शन फिल्म स्टाइल में हादसों में तत्काल मदद पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है।

कॉरिडोर के छत्तीसगढ़ वाले 125 किमी हिस्से में हर किमी पर अत्याधुनिक पीटीजेड (पैन-टिल्ट जूम) कैमरे होंगे जो सिर्फ रिकॉर्डिंग नहीं करते, बल्कि रायपुर स्थित एनएचएआई के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में बैठे ऑपरेटरों की आंखें बनकर काम करेंगे। 360 डिग्री घूमने वाले ये हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे हाईवे में 24 घंटे नजर रखेंगे। एनएचएआई के अधिकारियों के मुताबिक अब तक 102 कैमरे लगाए जा चुके हैं। बाकी कैमरे लगाने का काम जारी है। ये कैमरे संदिग्ध गतिविधियों और दुर्घटनाओं पर चौबीसों घंटे नजर रखेंगे। इस सड़क पर चलने वाले वाहनों की रफ्तार, दुर्घटना व अन्य गतिविधियां कंट्रोल रूम में कंप्यूटर स्क्रीन पर ऑनलाइन दिखेंगी। सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण अक्सर वाहनों की तेज रफ्तार होता है। इसे नियंत्रित करने के लिए इस कॉरिडोर में हर 10 किलोमीटर पर व्हीकल एक्चुएटेड स्पीड डिस्प्ले लगाए जा रहे हैं। जैसे ही कोई वाहन इन डिस्प्ले के सामने से गुजरता है, सड़क के ठीक ऊपर लगी एलईडी स्क्रीन उस वाहन की लाइव स्पीड प्रदर्शित करती है। अगर स्पीड सीमा के भीतर है, तो नंबर हरे दिखेंगे। अगर रफ्तार खतरनाक हुई, तो डिस्प्ले तुरंत लाल हो जाएगा।

छत्तीसगढ़ को सीधे बंदरगाह से जोड़ेगा

रायपुर-विशाखापट्नम इकोनॉमिक कॉरिडोर इस साल दिसंबर तक तैयार हो जाएगा। अभनपुर के पास क्रॉसिंग व केशकाल के पास टनल निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। इन कार्यों को नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद रायपुर से सीधे विशाखापट्नम तक बिना रुके आवागमन किया जा सकेगा। रायपुर से धमतरी, कांकेर, बस्तर व कोंडागांव के बीच तैयार हो रहा यह सिक्सलेन छत्तीसगढ़ को सीधे बंदरगाह से जोड़ेगा। कांकेर व केशकाल पहाड़ी क्षेत्र में राज्य की पहली 2.8 किमी लंबी स्मार्ट टनल (सुरंग) भी है। कॉरिडोर बनने से रायपुर-विशाखापट्नम की दूरी व यात्रा समय घटकर लगभग 7 घंटे रह जाएगा।

भाजपा ने छत्तीसगढ़ को हड़ताल गढ़ बनाया

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार पर वादाखिलाफी करने एवं जनता की आवाज को नहीं सुनने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार अपने वादाखिलाफी एवं जन विरोधी रवैया के चलते अलोकप्रिय हो चुकी है। हर वर्ग में सरकार के खिलाफगुस्सा है, गहरी नाराजगी है। भाजपा ने प्रदेश को हड़ताल गढ़ बना दिया है, जहां हर कोई अपनी समस्या का हल नहीं होना एवं भाजपा पर वादाखिलाफी का आरोप लगाकर शासकीय कर्मचारी हड़ताल कर रहे है, तो कांग्रेस भी लगातार जनता की समस्याओं को लेकर आंदोलन कर रही है, अन्य वर्ग चक्का जाम कर मंत्री निवास व कलेक्ट्रेट घेराव कर, आंदोलन कर रहे है।

खेल के मैदान से मिलता है स्वास्थ्य, समन्वय और सफलता का मंत्र : अरुण साव

■ **स्व.कुलदीप निगम स्मृति इंटर-प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में पहुंचे उप मुख्यमंत्री, पत्रकार खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह**

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने शुक्रवार को रायपुर प्रेस क्लब द्वारा सुभाष स्टेडियम में आयोजित स्वर्गीय कुलदीप निगम स्मृति इंटर-प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में पहुंचकर पत्रकार खिलाड़ियों से आत्मीय मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खेल मड़ई के सफल आयोजन के लिए रायपुर प्रेस क्लब और पत्रकारों को बधाई दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री साव ने फाइनल मैच खेल रही

संयुक्त इलेक्ट्रॉनिक टीम के कप्तान एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री मोहन तिवारी तथा विस्तार न्यूज टीम के कप्तान श्री मृगेंद्र पांडेय सहित दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। संयुक्त इलेक्ट्रॉनिक टीम ने विस्तार न्यूज को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने सुभाष स्टेडियम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल का मैदान व्यक्ति को जीवन की अनमोल पूंजी प्रदान करता है। खेल हमें अच्छा स्वास्थ्य देता है, अच्छे दोस्त देता है, समन्वय की भावना सिखाता है और संबंधों को मजबूत बनाता है। जब व्यक्ति को यह सब मिलता है तो वह जीवन में प्रसन्न रहता है, खुशहाल रहता है और निरंतर तरक्की की ओर अग्रसर होता है। श्री साव ने रायपुर प्रेस क्लब द्वारा पिछले कई दिनों से आयोजित इस खेल मड़ई की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी स्नेह को बढ़ाते हैं और स्वस्थ जीवन-शैली के लिए प्रेरित करते हैं। पत्रकारिता जैसे दायित्वपूर्ण क्षेत्र में सक्रिय साथियों के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी पत्रकार साथी इसी तरह मुस्कुराते रहें, स्वस्थ रहें और अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करते रहें।

न्यूज गैलरी

तहसील स्तरीय किसान व्यापारी संगोष्ठी आज

नगरी/नवप्रदेश। तहसील साहू समाज नगरी के तत्वावधान में तहसील स्तरीय किसान/व्यापारी संगोष्ठी का आयोजन 22 फरवरी 2026, रविवार को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे से तहसील साहू सदन, नगरी में आयोजित होगा। जिसमे संगोष्ठी का उद्देश्य किसानों एवं व्यापारियों के समक्ष वर्तमान आर्थिक, कृषि एवं व्यवसायिक विषयों पर चर्चा कर मार्गदर्शन प्रदान करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील साहू समाज नगरीङ्कसिहावा के अध्यक्ष कंवल राम साहू विशेष अतिथि के रूप में आधुनिक कृषि विशेषज्ञ एवं किसान रवि अवस्थी तथा आधुनिक कृषक नगरी पियूष साहू उपस्थित रहेंगे। संगोष्ठी में क्षेत्र के किसान, व्यापारी एवं समाजजन सभी संबंधित नागरिकों से कार्यक्रम के आयोजन में तहसील साहू समाज नगरी एवं व्यापारी प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर पारागांव में रक्तदान शिविर का आयोजन

नवापारा राजिम।/नवप्रदेश। 21 फरवरी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मोत्सव के अवसर पर समीपस्थ ग्राम पारागांव में ग्राम पंचायत द्वारा एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत पदाधिकारियों और युवाओं के मेहनत से शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में लगभग 50 लोगों ने मानव हित में रक्तदान कर अपना मानवीय धर्म निभाया। इस अवसर पर विशेष रूप से पहुंचे भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री किशोर देवांगन ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के सतत विकास और प्रत्येक वर्ग के जनकल्याण में जुटे प्रदेश के मुखिया श्री साय के जन्मोत्सव पर इस पुनीत आयोजन को संपन्न कर जरूरतमंद लोगों के जीवन रक्षा हेतु रक्त एकत्रित किया गया। यह मानवीय कार्य के साथ-साथ मुख्यमंत्री साय के प्रति धन्यवाद करने का एक अभूतपूर्व तरीका है। सरपंच भोले सोनकर ने कहा कि आज प्रदेश यशस्वी मुख्यमंत्री साय जी के नेतृत्व में विकास की नई गाथा लिख रहा है। इस आयोजन के लिए आयोजकों के साथ ही रक्त दान करने वाले लोग बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर आयोजन में सहयोग करने वाले सरपंच सुरेश भोले सोनकर, भोजराज, विजय देवांगन, मुकेश देवांगन, पारस निषाद, कैलाश यादव, उत्तम कोटरे, राधिका भोई, निर्मला साहू, अनसुइया बांधे, राधा सोनकर, रेखा देवांगन, चेतन बंसवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सितली देशी शराब भट्टी के पीछे मिली लाश, हत्या जांच में जुटी पुलिस

महासमुंद/नवप्रदेश। सितली नाला देशी शराब भट्टी के पीछे एक लाश मिली है। मृतक की पहचान क्लब पारा वार्ड नंबर 26 निवासी हेमंत दीवान (45) के रूप में हुई है। सिटी

कोतवाली पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा है। मौत का कारण पीएम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। महासमुंद नगर से होकर गुजरी नेशनल हाईवे 353 से लगकर सितली नाला स्थित देशा शराब भट्टी के पीछे शव मिला है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है। साथ ही फॉरेंसिक टीम की शल परिक्षण और घटना स्थल की जांच पड़ताल शुरू कर दी। मौके से साक्ष्य भी जुटाए गए हैं। परिजनों के मुताबिक हेमंत शुक्रवार की सुबह 9 बजे घर निकला था। और रात भर नही लौटा। जानकारों ने इसकी सूचना परिजनों को दी कि हेमंत का शल देशी शराब भट्टी के पीछे पड़ा है। मिली जानकारी अनुसार हेमंत लंबे समय से शराब का आदी था। पुलिस का कहना है मौत की असली वजह पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा कि, अत्यधिक शराब सेवन या फिर कोई अन्य कारणों से मौत हुई है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

दो को दहन, 4 को खेली जाएगी होली

महासमुंद/नवप्रदेश। मार्च माह 2026 में मनाए जाने वाले प्रमुख पर्वों की तिथियों का विवरण जारी कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार, 02 मार्च 2026 को होलिका दहन किया जाएगा। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात्रि 1:26 बजे से 2:38 बजे तक रहेगा। वहीं बुधवार, 04 मार्च 2026 को होली (धुलेडी) का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर खट्टी के पुजारी पंडित सुभाष शर्मा ने दी है।

अलमारी से गहने और नकदी पार

महासमुंद/नवप्रदेश। तेंदूकोना थाना क्षेत्र में चोरी के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नवाडीह बुंदेली निवासी बालाराम ने बताया कि आलमारी से सोने-चांदी के जेवर और एक हजार रुपए नकद चोरी हो गई। जेवरों की कीमत 35 हजार रुपए बताई गई है। इसी थाना क्षेत्र के डोंगझरखार परसदा के पास खेत से सोलर पंप और केबल वायर चोरी हो गई। सीमाराम की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मिला सहारा, समाज के पहल की हो रही तारीफ

खर्चीली शादी से बचने साहू समाज ने किया 61 जोड़ों का सामूहिक विवाह

धमधा/नवप्रदेश। धमधा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ हरदीहा साहू समाज, धमधा परिक्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह भव्य और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सामाजिक आयोजन में कुल 61 जोड़ों ने वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया। पूरे क्षेत्र में यह कार्यक्रम उत्साह, उमंग और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया।

यह सामूहिक विवाह समारोह अपने आयोजन के 9वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और लगातार समाज में एक सकारात्मक संदेश दे रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक, परिजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। विवाह की सभी रस्में विधि-विधान के साथ संपन्न कराई गईं।

सामूहिक विवाह का मुख्य उद्देश्य समाज को अनावश्यक और अत्यधिक खर्चों से बचाना है। आज के समय में जहां शादी-विवाह में फिजूलखर्ची बढ़ती जा

रही है, वहीं इस प्रकार के आयोजन समाज के हर वर्ग के लिए राहत का कार्य कर रहे हैं। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विशेष सहारा मिलता है और वे सम्मानपूर्वक अपने बच्चों का विवाह कर पाते हैं।

अध्यक्ष अनिल कुमार साहू, सचिव कुलेश्वर साहू, उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद साहू, महामंत्री मीनाराम साहू, सहसचिव मुकेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष बोरिंग साहू, संगठनकर्ता संताजु साहू, मुख्य सलाहकार श्रवण कुमार साहू, मुख्य संयोजक रामकुमार साहू, संचालक नारायण साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दशरथ साहू, राज चपरासी रवि साहू, गृह मंत्री देवीलाल साहू, कृषि प्रकोष्ठ हरिशचंद्र साहू, पूर्व महामंत्री अरुण कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. भमेन्द्र साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, पूर्व सचिव प्रेमलाल साहू। महिला मंत्री मंडल से अध्यक्ष हेमलता साहू, सचिव रानी साहू, उपाध्यक्ष माया साहू, कोषाध्यक्ष लीला साहू एवं सदस्य अगहन बाई, लक्ष्मी बाई, प्रेमिन बाई, मनीषा साहू उपस्थित रहीं।

हरदीहा साहू समाज का आयोजन, क्षेत्रभर में सराहना

छत्तीसगढ़ हरदीहा साहू समाज, धमधा परिक्षेत्र द्वारा लगातार किए जा रहे इस प्रयास की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। सामाजिक एकता, सहयोग और सामूहिक सहभागिता का यह आयोजन अब क्षेत्र की पहचान बन चुका है और आने वाले वर्षों में भी इसी तरह समाज को नई दिशा देता रहेगा। वही इस कार्यक्रम में ये सभी मौजूद रहे ।

पीएम सूर्य घर योजना के तहत राजा खुज्जी में शिविर आयोजित

■ **खुज्जी बना 'सोलर पैनल आदर्श ग्राम'**

डोंगरगांव/नवप्रदेश। 18 फरवरी 2026 को ग्राम राजा खुज्जी में बुधवार को भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुक्त बिजली योजना के तहत जागरूकता एवं समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर योजना से जुड़ी जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डोंगरगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशनी भगत टोप्पो उपस्थित रहीं। अपने उद्बोधन में उन्होंने योजना के उद्देश्यों, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा मिलने वाले अनुदान की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण एवं शहरी उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली बिल में राहत प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की तकनीकी या प्रक्रियात्मक समस्या

का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक हितग्राही इसका लाभ उठा सकें। शिविर के दौरान ग्राम खुज्जी के सरपंच अजय पंसारी के निवास पर स्थापित रूफटॉप सोलर प्लांट का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने संयंत्र की कार्यप्रणाली का निरीक्षण करते हुए इसे ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा के सफल मॉडल के रूप में सराहा। स्थापना कार्य के लिए सोम सोलर के मनेश्वर साहू की विशेष प्रशंसा की गई। इस अवसर पर डोंगरगांव विद्युत संभाग के कार्यपालन अभियंता बीरबल यूके, सहायक अभियंता यशवंत तुमरेकी, कनिष्ठ अभियंता धनेश्वरी चंद्रवंशी सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कुरुद-तरीघाट टू लेन सड़क की स्वीकृति मिलने पर रोहित साहू का जताया आभार

राजिम/नवप्रदेश। छग शासन द्वारा राजिम विधानसभा क्षेत्र के कुरुद से तरीघाट टू लेन मार्ग के निर्माण हेतु 25 करोड़ 87 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इस बहुप्रतीक्षित सड़क की मंजूरी मिलने से समूचे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस सौगात से उत्साहित ग्रामीणों ने राजिम विधायक श्री रोहित साहू से सौजन्य मुलाकात कर उनका भव्य अभिनंदन किया और क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से लंबित थ जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मुलाकात के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि यह भाजपा सरकार और विधायक रोहित साहू की सक्रियता से संभव हो रहा है जिससे हमारे क्षेत्र में विकास को गति मिल रही है। मुलाकात के दौरान विधायक श्री रोहित साहू का पुष्पगुच्छ और मालाओं से स्वागत किया गया। ग्रामीणों के स्नेह पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक श्री साहू ने कहा कि राजिम विधानसभा का सर्वांगीण विकास ही मेरी प्राथमिकता है। कुरुद-तरीघाट मार्ग के लिए राशि की स्वीकृति के लिए सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई।

घेराव करने जा रहे किसानों को पुलिस ने रोका, कर दिया चक्काजाम

■ **ट्रैक्टर रैली निकालकर कावेरी प्लांट के लिए निकले थे प्रभावित**

महासमुंद/नवप्रदेश। कावेरी बीज कंपनी द्वारा करीब पौने चार करोड़ रुपये का बकाया भुगतान न किए जाने से नाराज घेराव करने निकले सैंकड़ों किसान और मजदूरों को शुक्रवार को जब पुलिस प्रशासन ने बेलसोंडा में रोका, तो आक्रोशित किसानों ने नेशनल हाईवे 353 पर ही डेरा डाल दिया और सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। हाईवे पर घंटों तक यातायात प्रभावित रहा और प्रशासन के साथ किसानों की

तीखी नोकझोंक भी हुई।

पूरा मामला वर्ष 2024-25 के रबी सीजन से जुड़ा है। कंपनी ने छत्तीसगढ़ के 132 किसानों की जमीन लीज (रेग) पर लेकर बीज उत्पादन कराया था। किसानों ने अपनी उपजाऊ जमीन दी, मजदूरों ने दिन-रात मेहनत की, मशीनें चलीं और उत्पादन पूरा हुआ। लेकिन काम खत्म हुए आठ महीने बीत जाने के बाद भी न तो जमीन का किराया दिया और न ही मजदूरों का मेहनताना। किसानों का कहना है कि वे महीनों से शासन-प्रशासन के चक्कर काट रहे थे। जिला प्रशासन महासमुंद को पूर्व में अवगत कराया गया, लेकिन जब सुनवाई नहीं हुई तो मजबूरन ट्रैक्टर रैली निकालकर प्लांट का घेराव करने निकलना पड़ा। जुलाई 2025 से फरवरी 2026 तक 2त्न मासिक ब्याज जोड़ने पर यह राशि बढ़कर 3,74,98,610 रुपये तक पहुँच चुकी है।

जल्द भुगतान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

किसानों ने कहा कि यह सिर्फपैसों का मामला नहीं, यह किसानों के सम्मान और अस्तित्व की लड़ाई है। प्रदर्शन के दौरान कई किसान भावुक हो उठे। उनका कहना था कि भुगतान न मिलने से परिवार आर्थिक संकट में हैं। कई किसान साहूकारों और बैंकों के कर्ज में दब चुके हैं, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और घर का चूल्हा जलाना मुश्किल हो गया है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

दूसरे का खुलवाया म्यूल अकाउंट, करोड़ों का संदिग्ध लेन-देन, 3 गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने बैंकिंग धोखाधड़ी और साइबर फ्रॉड से जुड़े एक नेटवर्क का पर्दाफाश कर करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेन-देन के मामले में तीन आरोपियों नरेश राणा, कन्हैया लाल साव और विनोद रिजवानी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। ग्राम धुमाभांठा निवासी सालिकराम यादव की शिकायत से हुई। शिकायतकर्ता के अनुसार, गांव के ही नरेश राणा ने व्यावसायिक कार्य का झांसा देकर उसे अपने जाल में फंसाया। उसे बसना ले जाकर उसके नाम से मोबाइल सिम खरीदकर बैंक

ऑफ महाराष्ट्र की बसना शाखा में खाता खुलवाया। खाता खुलने के बाद बंसुला निवासी कन्हैया लाल साव के साथ मिलकर एटीएम कार्ड और पासबुक कुछ दिनों के उपयोग के बहाने अपने पास रख ली। समय बीतने के बाद भी दस्तावेज वापस नहीं किया, जिससे उन्हें शंका हुआ। जब सालिकराम यादव ने बैंक पहुंचकर खाते की जानकारी ली तो उसके होश उड़ गए।

पता चला कि खाते से 1 करोड़ 2 लाख 55 हजार रुपये से अधिक का संदिग्ध लेन-देन किया गया है। शुरुआती जांच में यह भी खुलासा हुआ कि बाद में खाते का संचालन तिल्दा निवासी विनोद रिजवानी को सौंप दिया गया था। पुलिस के अनुसार, यह खाता 'म्यूल अकाउंट' के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था, जिसमें साइबर फ्रॉड से प्राप्त रकम को खपाया जाता था। पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4), 317(4) एवं 61(2) के तहत कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी व्यक्ति को अपने बैंक खाते, पासबुक, एटीएम कार्ड या सिम कार्ड का उपयोग करने न दें।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ग्राम मांठ में ऐतिहासिक स्वागत

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और जननेता भूपेश बघेल का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा द्वारा ग्राम मांठ में अभूतपूर्व और भव्य स्वागत किया गया। श्री बघेल छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के वार्षिक अधिवेशन में सम्मिलित होने जा रहे थे, इसी दौरान कार्यकर्ताओं के भारी हुजूम ने उनका आत्मीय अभिनंदन किया। ?वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का लगा तांता ?जैसे ही पूर्व मुख्यमंत्री का काफिला

मांठ पहुँचा, कका अभी जिंदा है के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष उद्यो राम वर्मा और ब्लॉक अध्यक्ष अश्वनी वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के प्रतिधियों को विधानसभा क्षेत्र राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ की मतदाता सूची की प्रतियां सौंपी

विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद गरियाबंद जिले की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित

जिले में कुल 4 हजार 377 नए मतदाताओं की वृद्धि

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का संचालन किया जा रहा है। जिले के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 54 राजिम तथा 55 बिन्द्रानवागढ़ की मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बीएस उइके द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत आज 21 फरवरी

2026 को विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कराकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती ऋचा ठाकुर सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर 2025 को प्रारंभिक प्रकाशन किया गया था, जिसके अनुसार जिले में कुल 4 लाख 33 हजार 247 मतदाता दर्ज थे। इनमें 2 लाख 14 हजार 480 पुरुष, 2 लाख 18 हजार 759 महिला एवं 8 अन्य मतदाता शामिल थे।

विधानसभा क्षेत्र 54 राजिम में उस समय 2 लाख 15 हजार 648 मतदाता दर्ज थे, जिनमें 1 लाख 6 हजार 876 पुरुष, 1 लाख 08 हजार 766 महिला एवं 6 अन्य मतदाता शामिल थे। विधानसभा क्षेत्र 55 बिन्द्रानवागढ़ में 2 लाख 17 हजार 599 मतदाता दर्ज थे, जिनमें 1 लाख 7 हजार 604 पुरुष, 1 लाख 9 हजार 993 महिला एवं 2 अन्य मतदाता सम्मिलित थे।

प्रारंभिक प्रकाशन के पश्चात दावा एवं आपत्ति की अवधि निर्धारित की गई, जिसके दौरान नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन हेतु आवेदन प्राप्त हुए। उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार नाम जोड़ने के लिए कुल 610 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 653 व्यक्तियों के नाम जोड़े जाने की प्रक्रिया दर्ज है। विलोपन के लिए कुल 91 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें 47 स्वीकृत एवं 44 निरस्त किए गए। संशोधन हेतु कुल 4 हजार 182 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 4 हजार 129 स्वीकृत एवं 53 निरस्त किए गए। इसके अतिरिक्त प्राप्त अन्य आवेदनों का भी नियमानुसार परीक्षण एवं निराकरण किया गया। मतदाता सूची की प्रति राज्य निर्वाचन आयोग की अधिकृत वेबसाइट सीईओ छत्तीसगढ़ और वोटर ईसीआई गवर्नमेंट डॉट इन पर भी उपलब्ध है।

मतदाता सूची में वृद्धि

सभी आवेदनों के परीक्षण एवं निराकरण के उपरांत आज 21 फरवरी 2026 को अंतिम प्रकाशन किया गया। अंतिम सूची के अनुसार जिले में कुल 4 लाख 37 हजार 624 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 2 लाख 16 हजार 304 पुरुष, 2 लाख 21 हजार 312 महिला एवं 8 अन्य मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र 54 राजिम में कुल 2 लाख 17 हजार 892 मतदाता दर्ज किए गए हैं, जिनमें 1 लाख 7 हजार 749 पुरुष, 1 लाख 10 हजार 138 महिला एवं 6 अन्य मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र 55 बिन्द्रानवागढ़ में कुल 2 लाख 19 हजार 731 मतदाता पंजीकृत हैं।

बिना अनुमति निर्माण, अब एसडीओ-सब इंजीनियर की सैलरी से वसूली की संभावना!

कोरिया/नवप्रदेश। कोरिया जिले में पहले कार्य व बाद में स्वीकृति की परंपरा चली आ रही जहा अधिकारी उच्च अधिकारियों के निर्देश में कार्य तो करा लेते हैं किंतु ठेकेदार बाद में भुगतान के लिए भटकता नजर आता हैं या फिर उसे न्यायालय का सहारा लेना पड़ जाता हैं फिर भी जिले में यह परंपरा आज भी हावी है ऐसा ही मामला जिले के सोनहत विकासखंड के स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल भवन रेनोवेशन में मनमाने तरीके से स्वीकृत राशि से ज्यादा खर्च कर वित्तीय अनियमितता करने के मामला इन दिनों जिले में चरचा का विषय बना हुआ है जहा तत्कालीन एसडीओ-सब इंजीनियर से सात लाख से ज्यादा राशि वसूली होने की संभावना हैं। फिलहाल रिकवरी की फाइल लोक निर्माण मंत्रालय, प्रमुख अभियंता, मुख्य अभियंता, मुख्य कार्यपालन अभियंता कार्यालय में करीब आठ महीने से इधर-उधर घूम रही है। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2022/23 में आत्मानंद स्कूल सोनहत के भवन रेनोवेशन, प्रयोगशाला निर्माण सहित अन्य अधोसंरचना विकास कार्य कराने लगभग 59 लाख रुपये की स्वीकृति मिली थी। इस दौरान निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग ने ठेकेदार के माध्यम से कार्य कराया। लेकिन मनमाने तरीके से स्वीकृत राशि से ज्यादा खर्च डाले थे। कार्य पूरा करने के

बाद ठेकेदार ने विभाग में बिल प्रस्तुत किया, लेकिन बिल पास नहीं हुआ। जिसको लेकर ठेकेदार ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ हाईकोर्ट में परिवाद पेश किया। जहां हाईकोर्ट ने ठेकेदार के पक्ष में फैसला सुनाया गया। मामले में लोक निर्माण विभाग मंत्रालय रायपुर के अवर सचिव मनराखन भूआर्य ने प्रमुख अभियंता को पत्र लिखकर तत्कालीन एसडीओ एवं सब इंजीनियर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने प्रस्ताव मंगाया। वहीं दूसरी ओर प्रमुख अभियंता ने मुख्य अभियंता अंबिकापुर परिक्षेत्र को पत्र लिखकर सात दिन के भीतर अभिलेख, सीडी सहित रिपोर्ट मांगी थी। जिसमें वित्तीय अनियमितता के लिए जवाबदार तत्कालीन एसडीओ, सब इंजीनियर से विभागीय नियामानुसार राशि वसूलने, आरोप पत्र तैयार कर कार्रवाई करने निर्देश दिए गए थे। निर्माण के समय पूर्व एसडीओ और पूर्व सब इंजीनियर की गलती बता रहे हैं। फिलहाल वसूली की फाइल पिछले आठ महीने से इधर-उधर घूम रही है।

जानकारी अनुसार कार्य मे विभागीय निर्धारण प्रक्रिया पूरी नहीं की गई थी लोक निर्माण मंत्रालय के पत्र के मुताबिक, निर्माण कार्य को जमा मद के तहत कराने के लिए नियमापुर शासन से अनुमति नहीं ली गई थी। न ही पूरक अनुसूची की स्वीकृति के लिए अनुबंधानुसार निर्धारित प्रक्रिया से स्वीकृति ली गई थी। हाईकोर्ट के आदेश के परिपालन में प्राक्लन में वित्तीय अनियमितता के लिए जवाबदार एसडीओ, सब इंजीनियर से विभागीय नियामानुर राशि वसूलने की कार्रवाई का निर्देश हैं। साथ ही विभागीय नियमों के अनुसार कार्रवाई के लिए प्रस्ताव शासन को प्रस्तुत करें का जिक्र हैं।

जमगहना स्कूल निर्माण में दोबारा गलती -वही दूसरी और लोक निर्माण विभाग ने उसी सब इंजीनियर के देखरेख में शिक्षा विभाग को भी छह लाख की चपत लगाई! जहा लोक निर्माण विभाग के एसडीओ, सब इंजीनियर ने जमगहना हायर सेकंडरी स्कूल भवन कराने में दोबारा गलती दोहराई है। स्कूल भवन निर्माण कराने 1.21 करोड़ की मंजूरी मिली थी। इस दौरान ठेकेदार के माध्यम से भवन निर्माण कराने के बाद राशि शेष बची थी। लेकिन एसडीओ, सब इंजीनियर ने शेष राशि करीब छह लाख शिक्षा विभाग को नहीं लौटाई और मनमाने तरीके से विभागीय अनुमति के बगैर स्कूल ग्राउंड में सीसी सड़क का निर्माण करा दिया है। जबकि इस्टीमेट में सीसी सड़क निर्माण कराने का कोई उल्लेख नहीं था। मामले में ठेकेदार को पूरा भुगतान भी कर दिया गया है। बावजूद शिक्षा विभाग कार्यालय से कोई आपत्ति नहीं आई है।

> मुझे यहाँ पदस्थ अधिकारी के अवकाश में रहने के कारण अतिरिक्त प्रभार मिला था। रिकवरी के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। इस तरह की अभी कोई कार्रवाई या प्रक्रिया के संबंध में जानकारी नहीं है। उच्च अधिकारी ही जानकारी उपलब्ध करा पाएंगे।
>
> **- संजय भारिल,** प्रभारी एसडीओ, लोक निर्माण विभाग, बैकुंठपुर जिला कोरिया

न्यूज गैलरी

नया अध्यक्ष नियुक्ति की मांग

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पंजीयन क्रमांक 627 ग्राम तोरला के प्राधिकृत अधिकारी बलराम साहू को उप आयुक्त सहकारिता एवं उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं कार्यालय रायपुर द्वारा दिनांक 20 जनवरी 2026 को पद से बर्खास्त किया गया है। पद से बर्खास्त किए आज एक माह बीत गया है, लेकिन अब तक उनके जगह नए अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई है। ग्राम भुरका से रेवा साहू ,तोरला से रामगुलाल साहू, केजू पटेल, मोहन साहू, बेदराम एवं गौरभट्ठी से बसंत साहू, सुनंदा साहू, रामेश्वर साहू सहित कई किसानों ने शीघ्र ही नए अध्यक्ष नियुक्त करने की मांग की है। ज्ञात हो कि बलराम साहू की कई गंभीर शिकायत प्राप्त हुई थी, किसान परेशान हो गए थे, टोकन काटने में मनमानी किया जा रहा था, एवं समिति के कर्मचारियों के साथ भी व्यवहार अच्छा नहीं रहता था। किसान एवं कर्मचारी गण काफी परेशान थे, इसके चलते सामूहिक रूप किसानों ने शिकायत की गई थी, पद से बर्खास्त करने के बाद अब किसानों में हर्ष व्याप्त है, तत्काल नया अध्यक्ष नियुक्ति की मांग किसानों ने की है।

कुरूद में राष्ट्रीय रैली की तैयारी खरगे और राहुल होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के 'मनरेगा बचाओ आंदोलन' के अंतिम चरण में छत्तीसगढ़ में एक बड़ी राष्ट्रीय रैली आयोजित करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने देश के चार अलग-अलग स्थानों पर क्षेत्रीय स्तर की विशाल रैलियां आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिनमें से एक रैली छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित है। प्रदेश संगठन से जुड़े सूत्रों के अनुसार यह राष्ट्रीय रैली धमतरी जिले के कुरूद विधानसभा क्षेत्र में आयोजित की जा सकती है। मार्च माह के अंतिम सप्ताह, 24 से 30 मार्च के बीच रैली और आमसभा की संभावित तिथि तय की जा सकती है। रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा पार्टी के अन्य राष्ट्रीय नेता तथा प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मंच साझा करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रीय रैली के लिए अंबिकापुर और जांजगीर सहित कुछ अन्य जिलों के विकल्पों पर भी मंथन किया गया था। हालांकि फिलहाल धमतरी जिले के कुरूद क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए तैयारियां आगे बढ़ाई जा रही हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता कुरूद क्षेत्र में संभावित स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं। वरिष्ठ नेताओं ने अलग-अलग स्थानों का जायजा लिया है, हालांकि अंतिम स्थल अभी तय नहीं हुआ है। संगठन का कहना है कि दिल्ली से अंतिम हरी झंडी मिलते ही कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा कर दी जाएगी। मनरेगा बचाओ आंदोलन के तहत आयोजित इस रैली में बड़ी संख्या में लोगों को शामिल करने की रणनीति बनाई गई है। धमतरी सहित आसपास के सात जिलों से अधिकतम संख्या में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को लाने का लक्ष्य रखा गया है।

एक और आर्मी जवान लापता: 11 फरवरी को झांसी रेलवे स्टेशन से की थी बात

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक और आर्मी जवान के लापता होने की खबर सुर्खियों में आ रही है। बताया जा रहा है कि, 11 फरवरी के बाद से जवान का कोई सुराग नहीं मिल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, जवान की पहचान तोषण कुमार दर्रा 35 वर्ष के रूप में हुई है। जिनकी पोस्टिंग 2012 से हुई है और उनकी पोस्टिंग पहले असम में थी। जवान कांकेर जिले के चिनौरी गांव का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि, जवान छुट्टी में घर आया था और परिजनों ने जवान से झांसी रेलवे स्टेशन से 11 फरवरी को आखिरी बार बात की थी।

झांसी रेलवे स्टेशन में आखिरी बार हुई थी बात: गौरतलब है कि, झांसी रेलवे स्टेशन में बात होने के बाद से जवान का फोन बंद बता रहा था। आपको बता दें कि, जवान ने बटालियन में ज्वाइनिंग नहीं दी है। वहीं इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। फिलहाल, इस मामले में पुलिस की जांच जारी है।

आईटीबीपी जवान यूपी में 13 दिन से लापता: वहीं 20 फरवरी को भी ऐसा ही मामला सामने आया था। जहां कांकेर जिलें के चारामा क्षेत्र का रहने वाला आईटीबीपी का जवान उत्तर प्रदेश से लापता हो गया। जवान 7 फरवरी को लुधियाना से छुट्टी पर अपने गांव आने निकला था, जो 20 फरवरी तक अपने घर नहीं पहुंचा है। जवान का सामान उत्तर प्रदेश के गोरखपुर रेलवे स्टेशन से रेलवे पुलिस ने बरामद किया है, लेकिन अब तक जवान का कुछ पता नहीं चल सका है।

संपर्क करने पर फोन मिला बंद: मिली जानकारी के अनुसार, चारामा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कसावाही गांव का रहने वाला आईटीबीपी का जवान विनोद कुमार गोटी ने 7 फरवरी को अपने परिजनों से फोन पर बात की थी।

नई गाइडलाइन दरों से प्रॉपर्टी बाजार में पारदर्शिता और निवेश का माहौल बना

सस्ती हुई जमीन-मकान की रजिस्ट्री नए आवासीय प्रोजेक्ट को भी बढ़ावा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा संपत्ति की गाइडलाइन दरों में किया गया संशोधन राज्य की रियल एस्टेट व्यवस्था में वर्षों बाद आया सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण परिवर्तन है। 2017-18 के बाद पहली बार दरों की व्यापक समीक्षा कर उन्हें वर्तमान बाजार वास्तविकता के करीब लाया गया, जिससे जमीन-मकान की कीमतों में स्थिरता, पारदर्शिता और निवेश माहौल में सुधार देखने को मिल रहा है। नई नीति ने भूमि मूल्यांकन को वैज्ञानिक और आधुनिक बनाकर खरीदारों से लेकर किसानों और डेवलपर्स तक सभी को सीधा लाभ पहुंचाया है।

पुरानी व्यवस्था की चुनौती: दरें बाजार से बहुत पीछे थीं: पिछले कई वर्षों तक गाइडलाइन दरों के अद्यतन न होने से रजिस्ट्री मूल्य और वास्तविक बाजार मूल्य के बीच भारी अंतर बन गया था। इससे जमीन अधिग्रहण के दौरान किसानों को कम मुआवजा मिलता था और बैंक लोन मूल्यांकन भी जमीन की वास्तविक क्षमता को प्रतिबिंबित नहीं कर पाता था। पुराने ढाँचे के कारण पारदर्शिता की कमी बढ़ी और लेन-देन में अनौपचारिक भुगतान जैसी स्थितियाँ आम हो चुकी थीं। राज्य का रियल एस्टेट बाजार इस असंतुलन की वजह से सही ढंग से विकसित नहीं हो पा रहा था।

अत्यधिक बढ़ोतरी पर त्वरित राहत

रायपुर और रायगढ़ जिलों के कुछ हिस्सों में दरों में 400-500 प्रतिशत तक भारी वृद्धि सामने आने पर जनता में चिंता देखी गई। इस पर सरकार ने तत्काल संज्ञान लेते हुए 30 जनवरी 2026 से राहत संशोधन जारी किया। सरकार ने मूल्य संरचना को संतुलित करते हुए वृद्धि को 100 प्रतिशत के औसत दायरे में स्थिर किया, जिससे न केवल खरीदारों का बोझ कम हुआ बल्कि पूरे बाजार में स्थिरता और विश्वास भी लौटा। यह कार्रवाई दर्शाती है कि सरकार सुधार के साथ जनभावनाओं और व्यवहारिक कठिनाइयों को भी बराबर महत्व देती है।

साय सरकार का सुधार: वैज्ञानिक सर्वे के आधार पर नई दरें लागू

सरकार ने जिलेवार बिक्री आँकड़ों, राजस्व रिकॉर्ड, मार्केट डेटा और वास्तविक ग्राउंड सर्वे के आधार पर दरों का पुनर्निर्धारण किया। 20 नवंबर 2025 से लागू हुई नई दरों में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को बाज़ार के अनुकूल बनाए जाने पर जोर दिया गया। ग्रामीण इलाकों में कई स्थानों पर 100 प्रतिशत से अधिक संशोधन किया गया, जबकि कुछ पिछड़े क्षेत्रों में 300 प्रतिशत तक समायोजन इस वजह से आवश्यक था, क्योंकि वहाँ पुरानी दरें वास्तविक कीमत का एक छोटा अंश भर थीं। शहरी क्षेत्रों में भी दरें अब बाजार मूल्य के करीब लाई गई हैं, जिससे रजिस्ट्री मूल्य और वास्तविक बिक्री मूल्य के बीच का अंतर काफी कम हुआ है।

पद्मावतीपुर पंचायत में कार्रवाई पर सवाल

सिर्फ सचिव निलंबित, सरपंच पर क्यों नहीं गिरी गाज?

संयुक्त हस्ताक्षर से हुआ भुगतान, फिर अकेला सचिव कैसे दोषी?

छुईखदान/नवप्रदेश। पद्मावतीपुर ग्राम पंचायत में सामने आए वित्तीय अनियमितता के मामले में प्रशासन की कार्रवाई अब खुद कटघरे में खड़ी नज़र आ रही है। जांच के बाद पंचायत सचिव गजेंद्र देवांगन को निलंबित कर दिया गया, लेकिन पूरे प्रकरण में सरपंच पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई, जिससे जांच की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं ।

चेक से हुआ भुगतान, नकद नहीं: मामले का सबसे अहम पहलू यह है कि संबंधित भुगतान नकद नहीं बल्कि चेक के माध्यम से किया गया। पंचायत नियमों के अनुसार चेक से भुगतान तभी संभव है, जब उस पर सचिव और सरपंच – दोनों के संयुक्त हस्ताक्षर हों। ऐसे में यह सवाल लाज़िमी है कि यदि भुगतान हुआ है तो जिम्मेदारी सिर्फसचिव की कैसे मानी जा सकती है?

संयुक्त जिम्मेदारी का नियम क्यों भूला गया?: पंचायती राज व्यवस्था में वित्तीय लेन-देन एक व्यक्ति की नहीं बल्कि संयुक्त जिम्मेदारी होती है। चेक जारी करने की प्रक्रिया, बैंक से भुगतान की स्वीकृति, और राशि आहरण । इन सभी चरणों में सरपंच की भूमिका अनिवार्य होती है। बावजूद जांच रिपोर्ट में सरपंच की भूमिका को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया।

चयनात्मक कार्रवाई का आरोप: स्थानीय स्तर पर इस कार्रवाई को लेकर यह चर्चा तेज़ है कि कार्रवाई सिर्फ कर्मचारी तक सीमित रखकर जनप्रतिनिधि को बचाने की कोशिश की गई। यह न सिर्फ प्रशासनिक पारदर्शिता पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि जांच अधूरी या एकपक्षीय हो सकती है। गांव के लोगों का कहना है कि यदि गड़बड़ी हुई है, तो दोषियों की पहचान पद देखकर नहीं बल्कि भूमिका देखकर होनी चाहिए। ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे मामले की दोबारा निष्पक्ष जांच कराई जाए।

बच्चों के चेहरों की मुस्कान बना मुख्यमंत्री साय के जन्मदिन का सबसे बड़ा उपहार

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अपने 62वें जन्मदिवस को जशपुर के बगिया स्थित बालक आश्रम के बच्चों के बीच जिस आत्मीयता और स्नेह के साथ मनाया, उसने इस दिन को बच्चों के जीवन की एक अविस्मरणीय स्मृति बना दिया। जैसे ही मुख्यमंत्री आश्रम परिसर पहुँचे, बच्चों के चेहरों पर खुशी की चमक दौड़ गई। वे दौड़कर उनके पास आए और कुछ ही क्षणों में पूरा वातावरण एक पारिवारिक मिलन जैसा हो गया। उस पल मुख्यमंत्री किसी पद पर आसीन व्यक्ति नहीं, बल्कि बच्चों के अपने स्नेही अभिभावक की तरह उनके बीच दिखाई दे रहे थे।

छुईखदान में नशाखोरी और तेज रफ्तार का कहर, कानून-व्यवस्था पर उठे सवाल

छुईखदान/नवप्रदेश। छुईखदान नगर में असामाजिक गतिविधियां और यातायात नियमों की अनदेखी लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगा है।

स्थानीय जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 10 स्थित आंगनबाड़ी परिसर में रोजाना शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक शराबियों और गांजा सेवन करने वालों का जमावड़ा लगा रहता है। देर रात तक चलने वाली इन गतिविधियों से मोहल्ले का माहौल खराब हो रहा है। बताया जा रहा है कि जैसे ही पुलिस सायरन की आवाज़ सुनाई देती है, ये असामाजिक तत्व आंगनबाड़ी के पीछे छिप जाते हैं, जिससे पुलिस कार्रवाई बेअसर साबित हो रही है। यह समस्या केवल एक स्थान तक सीमित नहीं है।

पुलिस थाना के सामने स्थित केकती बड़ी मैदान, राजमहल के पास शिव मंदिर क्षेत्र में भी आए दिन नशाखोरी और अवैध गतिविधियां देखी जा रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस द्वारा कार्रवाई तो की जा रही है, लेकिन वह मुख्य और संवेदनशील स्थानों तक प्रभावी रूप से नहीं पहुंच पा रही, जिससे नशेड़ियों के हौसले बुलंद हैं।

इसी के साथ नगर के जय स्तंभ चौक पर भी एक और गंभीर समस्या सामने आ रही है। यहां से तेज रफ्तार में वाहन दौड़ाए जा रहे हैं, जबकि यह इलाका सीधे पुलिस थाना के सीसीटीवी कैमरों से जुड़ा हुआ है। इसके बावजूद ओवरस्पीडिंग पर कोई सख्त नियंत्रण नहीं दिख रहा है। लोगों का कहना है कि रात के समय तेज रफ्तार बाइक और कारें राहगीरों के लिए बड़ा खतरा बन चुकी हैं और किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इन दोनों ही मामलों ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं।

फोर्स के दबाव में बैकफुट पर माओवादी: नक्सलवाद के खात्मे की डेडलाइन में अब कुछ ही दिन शेष

कांकेर में बचे केवल 24 नक्सली, चंदर और रूपी मोस्ट वांटेड

कांकेर/नवप्रदेश। नक्सलवाद के खात्मे की डेडलाइन में अब कुछ ही दिन शेष हैं। केंद्र ने छत्तीसगढ़ में छह जिलों को नक्सल प्रभावित माना है। इनमें कांकेर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और सुकमा शामिल हैं। गरियाबंद जिले को भी नक्सल प्रभावित माना गया है। ऐसे में अब बस्तर संभाग के 5 जिले ही नक्सल प्रभावित हैं। कांकेर में फोर्स ने नक्सलियों के खिलाफ सफल अभियान चलाया है और कई दुर्दांत नक्सलियों को एनकाउंटर में मार गिराया था।

बीते साल 2025 में 51 नक्सलियों ने सरेंडर किया है और फोर्स ने 10 नक्सली मार गिराए हैं। इसके बाद भी कांकेर अभी भी नक्सल प्रभावित जिला बना हुआ है। एसपी निखिल राखेचा के मुताबिक कांकेर के जंगलों में 24 हथियारबंद नक्सलियों की मौजूदगी है जिनकी तलाश में लगातार ऑपरेशन चलाए जा रहे है। जिसमें डीवीसीएम रैंक का नक्सली नेता चंदर कत्लाम भी शामिल है जिसके ऊपर 8 लाख का इनाम घोषित है, वही इसके साथ एसीएम रूपी भी है। बताया जाता है कि 24 के इस दल में 11 मेंबर नक्सलियों की कम्पनी नंबर 5 के सदस्य हैं, जबकि शेष नक्सली परतापुर और रावघाट एरिया कमेटी के है जो अब एक साथ होकर पुलिस के जवानों ने बचते फिर रहे है। हाल ही में महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में हुई मुठभेड़ में कांकेर में सक्रिय नक्सली फागू मारा गया था, जो कि कंपनी नंबर 5 का कमांडर था, इसके मारे जाने के बाद पुलिस को उम्मीद थी कि शेष बचे नक्सली जल्द सरेंडर कर देंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

साथियों की मौत का बदला

सूत्र बताते है कि कई नक्सली अपने मारे गए साथियों का बदला लेने अब भी जंगलों में भटक रहे हैं, जिसमें कांकेर जिले में सक्रिय एसीएम रूपी जो कि कुख्यात नक्सली विजय रेड्डी की पत्नी है, जिसे पुलिस ने बीते साल मोहला मानपुर के जंगलों में मुठभेड़ मार गिराया था, रूपी अपने पति की मौत के बाद ना खुद सरेंडर कर रही है ना अपने साथियों को सरेंडर करने दे रही है, इसी तरह कुछ और नक्सली भी अपने करीबियों की मौत का बदला लेना चाहते है, लेकिन फोर्स के आगे बेबस नक्सली खुद की जान बचाते फिर रहे हैं।

जल्द ही होगा खात्मा: एसपी कांकेर

कांकेर के एसपी निखिल राखेचा का कहना है कि कांकेर जिले में अब सिर्फ24 नक्सली सक्रिय हैं, फोर्स लगातार ऑपरेशन चला रही है, यदि नक्सली सरेंडर करने आगे आते हैं तो उनका स्वागत किया जाएगा, लेकिन यदि वो नहीं मानते है तो फोर्स अपने हिसाब से काम करेगी, 31 मार्च 2026 में अब समय काफी कम है, जल्द ही नक्सलवाद का खात्मा पूर्ण रूप से हो जाएगा।

कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त, ट्रैफिक डीसीपी उतरे सड़कों पर

रायपुर/नवप्रदेश। शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त एवं टैअफिक डीसीपी सड़कों पर निकले और यातायात सुगम बनाने के लिए बनाई जा रही प्रस्तावित कार्य पर मंथन किया। वरिष्ठ अधिकारीगण रायपुरा चौक पहुंचे और यहां पर बार-बार लगने वाले ट्रैफिक जाम के कारणों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि सड़क किनारे लगे पेड़ों को शिफ्ट किया जाए साथ ही बिजली के खंबे और लगे वायरिंग को अंडरग्राउंड किया जाए। यह करते समय व्यवस्थित रूप से कार्य योजना बनाई जाए। ताकि बार-बार सड़क खोदनें की नौबत ना आए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com